

आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रातःनागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791



वर्ष : 01 अंक : 145 | रांची, गुरुवार, 09 मई, 2024 (वैशाख शुक्ल प्रतिपदा, संवत 2081), पृष्ठ- 12, मूल्य- 3 रुपये | email : jharkhandwanitaudyog@gmail.com

# एयर इंडिया एक्सप्रेस की 80 उड़ानें रद्द, एक साथ छुट्टी पर गए क्रू मेंबर्स

**एजेंसियां, नई दिल्ली**

एयर इंडिया एक्सप्रेस ने टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन में कथित कुप्रबंधन के विरोध में 80 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी हैं और कई उड़ानों में देरी हुई है, क्योंकि केबिन क्रू सदस्यों के एक वर्ग ने बीमार होने की सूचना दी है। एयरलाइन, जो एआईएक्स कनेक्ट (पूर्व में एयरएशिया इंडिया) को अपने साथ विलय करने की प्रक्रिया में है, को मार्च के अंतिम सप्ताह में शुरू होने वाली ग्रीष्मकालीन अनुसूची के दौरान 360 दैनिक उड़ानें संचालित करनी हैं। एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक प्रवक्ता ने कहा कि एयरलाइन बीमार होने की सूचना देने के कारणों को समझने के लिए केबिन क्रू सदस्यों से बातचीत कर रही है और उड़ान में व्यवधान के लिए माफी भी मांगी है।

पिछले कुछ समय से, विशेष रूप से विलय प्रक्रिया शुरू होने के बाद, कम लागत वाले वाहक में केबिन क्रू के एक वर्ग के बीच असंतोष पनप रहा है। सूत्रों ने बुधवार को मीडिया को बताया कि माना जाता है कि एयरलाइन में कथित कुप्रबंधन के विरोध में 200 से अधिक केबिन क्रू ने बीमार होने की सूचना दी है। केबिन क्रू की कमी के कारण मंगलवार रात से कम से कम 80 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गईं और कई उड़ानों में देरी हुई। उन्होंने कहा कि कोच्चि, कालीकट और बेंगलुरु समेत विभिन्न हवाईअड्डों पर उड़ान में व्यवधान हो रहा है।

सूत्रों ने यह भी कहा कि विदेशी गंतव्यों समेत उड़ानें अचानक रद्द होने के कारण कुछ हवाई अड्डों पर अफरा-तफरी मच गई। आगे कहा गया, "हमारे केबिन क्रू के एक वर्ग ने कल रात से आखिरी मिनट में बीमार होने की सूचना दी है, जिसके परिणामस्वरूप उड़ान में

### उड़ान में व्यवधान के लिए मांगी माफी



देरी हुई और रद्द कर दी गई।" एयर इंडिया एक्सप्रेस के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, "जबकि हम इन घटनाओं के पीछे के कारणों को समझने के लिए चालक दल के साथ बातचीत कर रहे हैं, हमारी टीमें सक्रिय रूप से इस मुद्दे को संबोधित कर रही हैं, ताकि हमारे मेहमानों को होने वाली किसी भी असुविधा को कम किया जा सके।" "अप्रत्याशित व्यवधान" के लिए ग्राहकों से माफ़ी मांगते हुए, प्रवक्ता ने कहा कि रद्दीकरण से प्रभावित लोगों को पूर्ण धनवापसी या किसी अन्य तिथि के लिए मानार्थ पुनर्निर्धारण की पेशकश की जाएगी।

पिछले महीने के अंत में, एयर इंडिया एक्सप्रेस केबिन क्रू के एक वर्ग का प्रतिनिधित्व करने वाले एक संघ ने आरोप लगाया कि एयरलाइन का प्रबंधन कुप्रबंधित किया जा रहा है और कर्मचारियों के साथ व्यवहार में समानता की कमी है। एयर इंडिया एक्सप्रेस कर्मचारी संघ, एक पंजीकृत संघ, जो लगभग 300 केबिन क्रू सदस्यों, ज्यादातर वरिष्ठ नागरिकों का प्रतिनिधित्व करने का दावा करता है, ने यह भी आरोप लगाया था कि मामलों के कुप्रबंधन ने कर्मचारियों के मनोबल को प्रभावित किया है।

एयर इंडिया एक्सप्रेस में यह विकास टाटा समूह के पूर्ण-सेवा वाहक विस्तारा में पायलट संकट देखने के एक महीने बाद हुआ है, जिससे उसे अस्थायी रूप से क्षमता में 10 प्रतिशत या प्रतिदिन 25-30 उड़ानों की कटौती करने के लिए मजबूर होना पड़ा। अपने एयरलाइन व्यवसाय को मजबूत करने के हिस्से के रूप में, टाटा समूह एयर इंडिया एक्सप्रेस और एआईएक्स कनेक्ट के साथ-साथ विस्तारा का एयर इंडिया में विलय कर रहा है।

बुधवार को कई यात्रियों ने सोशल मीडिया पर एयर इंडिया एक्सप्रेस द्वारा अचानक उड़ानें रद्द करने की शिकायत की। एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहा, "आज हमारे साथ उड़ान भरने वाले मेहमानों से अनुरोध है कि वे हवाई अड्डे पर जाने से पहले यह जांच लें कि उनकी उड़ान प्रभावित हुई है या नहीं।"

## संक्षिप्त

### हाइकोर्ट ने अर्जुन मुंडा पर लगाये 1.25 लाख के जुर्माना को माफ किया



**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के जस्टिस राजेश कुमार की अदालत ने केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की ओर से धुर्वा थाना में दर्ज प्राथमिकी को चुनौती देनेवाली क्रिमिनल रिट याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने प्रार्थी के अधिवक्ता के आग्रह को स्वीकार करते हुए उन पर लगाये गये 1.25 लाख रुपये के जुर्माना राशि को माफ कर दिया।

विस्तृत पेज 03 पर

### एस्ट्राजेनेका ने कोविड-19 टीके वापस मंगाये

**नयी दिल्ली/लंदन।** ब्रिटेन की प्रमुख औषधि निर्माता कंपनी एस्ट्राजेनेका ने दुनियाभर से अपने कोविड-19 रोधी टीके वापस मंगाने शुरू कर दिये हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा कि महामारी के बाद से उपलब्ध टीकों की अधिक संख्या को देखते हुए इन्हें वापस मंगाने की प्रक्रिया शुरू की गयी है। कंपनी ने कुछ दिन पहले स्वीकार किया था कि उसके टीकों के कारण खून के थक्के जमने और प्लेटलेट कम होने के मामले सामने आये हैं।

### झारखंड में 60 हजार 4डी कैमरों से मतदान केंद्रों की होगी निगरानी

**रांची।** बुधवार को निर्वाचन सदन में सभी जिलों में वेबकास्टिंग,जीपीएस ट्रैकिंग और व्हीकल मैनेजमेंट के लिए गठित सेल के नोडल पाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से चुनाव की तैयारियों की समीक्षा हुई। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के। रवि कुमार ने कहा कि झारखंड में लोकसभा निर्वाचन 2024 में सभी मतदान केंद्रों पर 4D कैमरा के माध्यम से वेबकास्टिंग की जाएगी।

विस्तृत पेज 03 पर

## सैम पित्रोदा की विवादित टिप्पणी पर जमकर बरसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कहा

# 'कांग्रेस के शहजादे के अंकल ने भारतवासियों को दी गाली'

**एजेंसियां, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने त्वचा के रंग को लेकर पार्टी नेता सैम पित्रोदा की कथित टिप्पणियों को लेकर बुधवार को कांग्रेस पर हमला बोला और कहा कि देशवासी त्वचा के रंग के आधार पर अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। शहजादे के अंकल ने आज देश को गाली दी है। कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि, उन्हें अब समझ में आ गया है कि राष्ट्रीय पार्टी राष्ट्रपति चुनाव में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को हराना चाहती थी, क्योंकि उनकी 'त्वचा का रंग काला है।'

जैसे ही पित्रोदा की कथित टिप्पणियों पर विवाद खड़ा हुआ, मोदी ने पूछा, "क्या मेरे देश में लोगों की क्षमता त्वचा के रंग के आधार पर तय की जाएगी। त्वचा के रंग के इस खेल के लिए 'शहजादा' को



अनुमति किसने दी।" पित्रोदा की कथित टिप्पणी कि भारत में पूर्व के लोग चीनियों जैसे दिखते हैं, जबकि दक्षिण के लोग अफ्रीकियों जैसे दिखते हैं, ने विवाद खड़ा कर दिया था।

मोदी ने कहा, "मैं आज गुस्से में हूं। अगर कोई मुझे गाली देता है, तो मुझे गुस्सा नहीं आता। मैं उसे बर्दाश्त कर सकता हूं। लेकिन 'शहजादा' के दार्शनिक ने इतनी बड़ी गाली दे दी, जिससे मैं गुस्से से भर गया।" उन्होंने राहुल गांधी द्वारा अपनी चुनावी रैलियों में संविधान दिखाने का जिक्र करते हुए पूछा कि क्या संविधान को सिर पर रखकर नाचने वाले लोग त्वचा के रंग के आधार पर देशवासियों का अपमान कर रहे हैं।

शेष पेज 08 पर

### कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ने दिया ओवरसीज अध्यक्ष पद से इस्तीफा



◻ अपने विवादित बयानों से बढ़ाते रहे हैं कांग्रेस पार्टी की मुश्किलें

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के विवादित नेता सैम पित्रोदा ने आज यानी बुधवार को ओवरसीज कांग्रेस अध्यक्ष पद से अचानक इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को अपना इस्तीफा भेज दिया है, जिसे उन्होंने स्वीकार भी कर लिया है। बताते चलें कि, रंगभेद वाले बयान के चलते सैम पित्रोदा विवादों में आ गए थे और कांग्रेस पार्टी पर पीएम मोदी हमलावर हो गए थे। बता दें कि, आज इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वह भारत के अलग-अलग हिस्सों में रहने वाले लोगों की रंगभेद के जरिए विवादित तुलना करते नजर आ रहे थे। वीडियो में पित्रोदा पूर्वी भारत के लोगों की तुलना चीनी और दक्षिण भारत के लोगों की तुलना अफ्रीकी लोगों से करते नजर आ रहे हैं।

**कांग्रेस ने कर लिया था किनारा :** सैम पित्रोदा की वजह से कांग्रेस बीजेपी और पीएम मोदी के निशाने पर आ गई, जिसके चलते कांग्रेस ने सैम पित्रोदा के बयान को उनका निजी बयान बताते हुए उनसे किनारा कर लिया था।

शेष पेज 08 पर

### झारखंड प्रोजेक्ट भवन में घुसी ईडी की टीम

## मंत्री के पीएस संजीव लाल के ड्रॉवर से मिले दो लाख



**प्रातः नागपुरी संवाददाता, रांची**

ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) की टीम बुधवार को प्रोजेक्ट भवन पहुंची। टीम के साथ झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के पीएस (आप्त सचिव) संजीव लाल भी हैं। उनके कमरे को ईडी के अधिकारी खंगाल रहे हैं। इस दौरान 500 नोटों के कई बंडल मिले हैं। बताया जा रहा है कि करीब दो लाख रुपए ईडी ने बरामद किए हैं। बताते चलें कि, करोड़ों की कैश बरामदगी मामले में ईडी की टीम ने संजीव लाल व सहायक जहांगीर आलम को छह मई को ही देर रात गिरफ्तार कर लिया था। छापेमारी में ईडी को 35 करोड़ रुपए कैश मिले थे। फिलहाल संजीव व जहांगीर 13 मई तक ईडी की रिमांड पर हैं।

**जहांगीर के घर से मिले थे नोटों के पहाड़ :** झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के आप्त सचिव संजीव लाल, सहायक जहांगीर आलम व अन्य लोगों के ठिकानों से प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने छह मई को 35.23 करोड़ रुपये कैश बरामद किए थे। करीब 16 घंटे ईडी की टीम ने कार्रवाई की थी। देर रात जहांगीर के घर से ईडी के अधिकारी नोटों की गिनती पूरी होने के बाद निकले थे।

शेष पेज 08 पर

## पूर्व सीएम मधु कोड़ा पहुंचे दिल्ली हाईकोर्ट

**एजेंसियां, नई दिल्ली**

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए दोषसिद्धि के आदेश को निलंबित करने का आग्रह किया है। मधु कोड़ा ने अपनी याचिका दायर कर कहा है कि वह पूर्व सांसद व पूर्व विधायक रहे हैं और पूर्व सीएम भी रहे हैं। नवंबर 2024 में झारखंड में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और उन्हें चुनाव लड़ना है। अगर उनकी सजा पर स्टे नहीं लगाया गया, तो वह चुनाव लड़ने से वंचित रह जाएंगे।

**क्या है मामला :** बुधवार को दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान सीबीआई ने इस याचिका का

### विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए अदालत से किया आग्रह



विरोध किया और कहा कि पूर्व में हाईकोर्ट ने ऐसी याचिका खारिज की है। हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद अगली सुनवाई 13 अगस्त 2024 को रखी है। आपको बता दें कि 2017 में हाईकोर्ट ने मधु कोड़ा को भ्रष्टाचार के मामले में 3 साल की सजा सुनाई थी और पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया था। लेकिन साल 2018 में मधु कोड़ा को इस मामले में बेल दे दी गई थी और जुर्माने पर रोक लगा दी गई थी। इसके बाद वर्ष 2020 में मधु कोड़ा ने दिल्ली हाईकोर्ट में अर्जी देकर सजा माफ करने की मांग की थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया था।

**चुनाव से पहले पत्नी हुई बीजेपी में शामिल :** बताते चलें कि, मधु कोड़ा झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हैं। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा बीजेपी में शामिल हुई थीं। बीजेपी ने गीता कोड़ा को सिंहभूम से लोकसभा का टिकट दिया है। खुद पीएम मोदी चाईबासा में गीता कोड़ा के लिए प्रचार करने आए थे। इस दौरान चाईबासा के टाटा कॉलेज मैदान में चुनावी सभा संबोधित किया था।

### छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री 10 मई को झारखंड में करेंगे 3 जनसभा



**रांची।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 10 मई को झारखंड आएंगे। इस दिन वे खूंटी लोकसभा, लोहरदगा लोकसभा और सिंहभूम लोकसभा में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।साय पश्चिम सिंहभूम जिले के मनोहरपुर स्थित मणिपुर मैदान में 10:30 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।

शेष पेज 08 पर

## झारखंड में फिर बदलेगा मौसम का मिजाज

**प्रातः नागपुरी संवाददाता, रांची**

झारखंड में 14 मई तक बारिश होगी। आंधी चलने के साथ वज्रपात होने की आशंका भी है। इसका प्रभाव राज्य के कई जिलों में देखने को मिलेगा। इसे लेकर अलर्ट जारी किया गया है। यह जानकारी एयरपोर्ट स्थित रांची मौसम केंद्र ने 8 मई, 2024 को दी।

**तापमान में बदलाव नहीं :** मौसम केंद्र के अनुसार राज्य में अगले 3 से 4 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में कोई बदलाव की उम्मीद नहीं है।

**आज से यहां होगी बारिश :** केंद्र के अनुसार 9 और 10 मई को राज्य में कई स्थानों पर गर्जन के साथ हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश होने की प्रबल संभावना है। राज्य

### आज से 50 किलोमीटर की रफ्तार से हवा चलने का आसार



में 11 और 12 मई को कुछ स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होगी। इसी तरह 13 मई और 14 मई को राज्य में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्के दर्जे की बारिश होने की उम्मीद है।

**आज से यहां आंधी-वज्रपात :** केंद्र के अनुसार 9 से 11 मई तक राज्य में कहीं-कहीं पर गर्जन और तेज हवा का झोंका चलने के साथ वज्रपात होने की आशंका है। इस दौरान हवा की स्पीड 30 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा होने की संभावना है। राज्य में 12 मई को कहीं-कहीं पर गर्जन के साथ वज्रपात होने की आशंका है।

# इस देश की मिट्टी में मेरे परिवार का खून: प्रियंका

**एजेंसियां, रायबरेली**

राहुल गांधी की जीत सुनिश्चित करने के लिए प्रियंका गांधी ने रायबरेली में मोर्चा संभाल लिया है। बुधवार को उन्होंने बछरावां के फुलवासा से इसकी शुरुआत की। प्रियंका गांधी ने पीएम नरेंद्र मोदी को अपने भाषण में निशाने पर रखा तो, रायबरेली से अपने परिवार के रिश्ते के बारे में जनता को बताया। प्रियंका ने कहा कि पीएम मोदी को महंगाई और बेरोजगारी से कुछ लेना देना नहीं है। परेशान जनता की मदद की जगह प्रधानमंत्री ने उन्हें पांच किलो का राशन का बोरा थमा दिया है। प्रियंका गांधी ने कहा कि, इस देश की मिट्टी में मेरे परिवार का खून मिला हुआ है। ये वो मिट्टी है मेरे देश की, जिसके लिए हम आज लड़ रहे हैं।

### बछरावां की सभा में पीएम को अपने निशाने पर रखा



इस मिट्टी के लिए आपके पूर्वजों ने पसीना और खून बहाया है। ये इस देश की सबसे पवित्र मिट्टी है, जिसके लिए आज हम लड़ रहे हैं। हम इस देश के जन-जन के स्वाभिमान और अधिकारों के लिए लड़ रहे हैं। हम हर उस चीज के लिए लड़ रहे हैं, जिनके लिए हमारे पूर्वज लड़े। आज देश की परिस्थिति क्या है, इसको आपको गहराई से समझना पड़ेगा और सीना तानकर मजबूती से ये लड़ाई लड़नी पड़ेगी।

**100 साल पुराना है रिश्ता गांधी परिवार का रिश्ता :** प्रियंका गांधी ने कहा कि रायबरेली के लोग नेताओं को अच्छी तरह समझते हैं। जब उन्हें इंदिरा गांधी की कोई नीति पसंद नहीं आई तो उन्हें हरा दिया। इस पर इंदिरा गांधी गुस्सा नहीं हुईं, उन्होंने आत्ममंथन किया। इसके बाद आपने उन्हें दोबारा चुन लिया। उन्होंने कहा कि नेहरू जी ने 103 साल पहले किसान आंदोलन में रायबरेली में गिरफ्तारी दी थी। ये 100 साल पुराना रिश्ता नए युग में प्रवेश कर गया है। प्रियंका ने कहा कि रायबरेली में आपको दो-दो सांसद मिलेंगे। मैं और राहुल। राहुल यहां के सांसद होंगे और मैं आपके साथ काम करुंगी। आपकी समस्याएं दूर करूंगी। जैसा हमारे पूर्वजों ने किया है।

**राहुल को संसद और घर से निकाला :** एक बैठक में प्रियंका गांधी ने कहा कि पीएम मोदी अपने भाषण में कह रहे हैं कि राहुल अडानी अंबानी का नाम नहीं नहीं ले रहे हैं। लेकिन राहुल हर दिन बताते हैं कि बीजेपी की उद्योगपतियों के साथ सांठ गांठ है। हमने बताया कि बड़े-बड़े उद्योगपतियों के 16 लाख करोड़ रुपये बांट दिया है। बीजेपी के लोग राहुल के खिलाफ झूठ फैला रहे हैं। उनको संसद और घर से निकाल दिया गया। लेकिन राहुल गांधी अन्याय के खिलाफ लड़ाई में अपना पैर पीछे नहीं खींचते। इसीलिए राहुल ने कश्मीर से कन्याकुमारी तक चार हजार किलोमीटर पैदल यात्रा की। इसके बाद मणिपुर से महाराष्ट्र तक पैदल यात्रा की। ये जनता की समस्याओं को समझने वाली यात्रा थी।

# अगर इंडिया गठबंधन सत्ता में आया तो वह राम मंदिर पर बाबरी ताला लगा देगा: शाह

**एजेंसियां, नई दिल्ली**

इंडिया गठबंधन पर निशाना साधते हुए, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि अगर मौजूदा लोकसभा चुनावों के बाद विपक्षी दलों का गठबंधन सत्ता में आता है, तो यह अयोध्या में राम मंदिर पर "बाबरी" ताला लगा देगा। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा, जो कि लखीमपुर खीरी से सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चुनाव उम्मीदवार हैं, के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कांग्रेस, समाजवादी पार्टी (सपा) और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) पर भी आरोप लगाया। उन्होंने भगवा पार्टी और नरेंद्र मोदी को बदनाम करते हुए कहा कि



अगर प्रधानमंत्री को मौजूदा चुनाव में 400 सीटें मिल गईं, तो आरक्षण खत्म कर दिया जाएगा।

सपा नेता राम गोपाल यादव के उस बयान का जिक्र करते हुए, जिसमें उन्होंने कहा था कि राम मंदिर का मुद्दा बेकार है, शाह ने कहा, "राम गोपाल कहते हैं कि मंदिर बेकार है। मुझे याद रखें, हालांकि ऐसा होने वाला नहीं है, अगर विपक्षी दल सत्ता में आए, तो वे राम मंदिर पर बाबरी नाम का ताला लगा देंगे।"

शेष पेज 08 पर

**संक्षिप्त**

## तोरपा विधानसभा क्षेत्र में चला जनसंपर्क अभियान

**खूंटी**। लोकसभा चुनाव में तोरपा विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी अरूण चंद्र गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा और मातृशक्ति कार्यकताओं ने बुधवार को डहकेला ग्राम में रैली निकाली गई और ग्रामीणों के साथ संवाद कर अर्जुन मुंडा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए अरूण चंद्र गुप्ता ने कहा कि नरेंद्र मोदी ही ऐंसे प्रधानमंत्री हैं, जो हर समय गांवों और ग्रामीणों के विकास की चिंता करते हैं। उन्होंने कहा कि हमें तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए खूंटी से अर्जुन मुंडा को भारी मतों से विजयी बनायें। मौके पर मातृशक्ति और ग्रामीणों ने भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में शत प्रतिशत वोट करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में संतोष जयसवाल, शिव कुमार केसरी, श्याम सोनी, राम लखन सिंह, गजेंद्र सिंह, सुधीर सिंह, सीमा देवी, दिलीप सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## बालू लदा चार हाइवा व एक टर्बो जब्त

**सिल्ली**। सिल्ली थाना क्षेत्र मे अवैध बालू लदे चार हाइवा एवं एक टर्बो को जप्त किया गया।जानकारी के अनुसार सिल्ली डीएसपी रणवीर सिंह अवैध बालू कारोबार पर बड़ी कारवाई की है। सिल्ली डीएसपी को अवैध बालू खनन एवं रात के समय परिवहन किए जाने की गुप्त सूचना मिली थी सूचना के आधार पर मंगलवार की रात को बंता सिल्ली मुख्य मार्ग पर वाहन चेकिंग किया गया। चेकिंग के दौरान चार बालू लदे हाइवा को एवं एक टर्बो को पकड़ा सभी पकड़े गए हाईवे चालक को बालू से संबंधित कागजात की मांग की गई लेकिन किसी ने कागजात नहीं दिखाया। सभी वाहनों को जप्त कर सिल्ली थाना लाया गया।डीएसपी ने आगामी चुनाव को मध्य नजर रखते हुए सीमा क्षेत्र मुरी गेडेव्रीर में बनाए गए स्थाई पुलिस चौकी का भी निरीक्षण किया और सभी गतिविधि पर कड़ी से कड़ी निगरानी रखने का दिशा निर्देश दिया।

## चोरी करने के आरोप में तीन गिरफ्तार

**बुढ़मू**। ठाकुरगांव थाना क्षेत्र के बरौदी गांव से पानी मशीन चोरी करने के आरोप में पुलिस ने बुधवार को तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार सोमवार की रात्रि बरौदी गांव निवासी निर्मल महतो के खेत से चोरो ने बाइक नंबर खल01अश2912 से दो बिजली चालित पानी मशीन तथा एक स्टेबलाइजर चोरी कर लिया था। मामला दर्ज होने के बाद थाना प्रभारी विनीत कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने पतरातू गांव निवासी जुलफान अंसारी,मोईन अंसारी तथा खरकुटोला निवासी तौफीक आलम को चोरी हुए सामानों के साथ घर से गिरफ्तार कर लिया।

# रांची-रामगढ़ टोल गेट पर पकड़े गए 46 लाख रुपए

## रांची की ईसेंट्रिंग कंपनी के डायरेक्टर राकेश कुमार सिंह की इनोवा से मिले पैसे

संवाददाता

**रामगढ़** । रामगढ़-रांची टोल गेट के पास पुलिस द्वारा बनाए गए चेक पोस्ट पर जांच के दौरान एक इनोवा कार से लगभग 46 लाख रुपए बरामद किए गए हैं। जिस गाड़ी से पैसे मिले हैं उसे पर राकेश कुमार सिंह सवार था। चेकनाका पर मौजूद दंडाधिकारी अवधेश कुमार ने इसकी सूचना जिला प्रशासन को दी। घटनास्थल पर पहुंचे रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहू, सब इंस्पेक्टर आशुतोष सिंह, राजेश मुंडा इस जांच दल में शामिल थे। सूचना पर थाने पहुंची सेल टैक्स डिपार्टमेंट की नोडल पदाधिकारी अनीता थेल्मामिंज ने बताया कि बरामद रकम 10 लाख से अधिक थी, इसलिए इनकम टैक्स डिपार्मेंट जांच कर रही है। जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई होगी।

### बंद होने के बावजूद मिले 2000 के 21 नोट



जांच के दौरान स्टेटिक स्क्वाड टीम ने 4590500 रुपए बरामद किए हैं, उसमें 2000 के 21 नोट शामिल हैं। गौर करने वाली बात यह है कि 2000 के नोट वर्तमान समय में चलंत नहीं है। इसके बावजूद वह पैसे कहां से ले गए इसकी जांच हो रही है। इसके अलावा 9097 नोट 500 रुपए के हैं। स्टेटिक स्क्वाड टीम ने तत्काल इसकी सूचना फ्लाइंग स्क्वायड टीम को दी।

**हाई मास्क लाइट लगाने का काम करती कंपनी**

जानकारी के अनुसार इनोवा कार (जेएच 01 डब्ल्यू 5126) पर इंसेंट्रिग कंपनी क्या डायरेक्टर राकेश कुमार सिंह और विजय कुमार नामक व्यक्ति सवार थे। राकेश कुमार सिंह इस कंपनी के डायरेक्टर पद पर है । रांची जिले के नामकुम से यह कंपनी अपना कार्य करती है। कंपनी रामगढ़ और बोकारो जिले में हाई मास्क लाइट लगाने का काम करती है। राकेश कुमार सिंह ने जांच अधिकारियों को बताया कि वह लाइट और सीमेंट का पेमेंट करने के लिए यह रकम ले जा रहे थे। रामगढ़ के अलावा कसमार ब्लॉक चौक और पेटरवार में उस पैसे की डिलीवरी की जानी थी।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चलाया गया जागरुकता अभियान



संवाददाता

**खूंटी**। लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त स्वीप कार्यक्रम के तहत बुधवार को खूंटी प्रखंड में विगत चुनाव में कम मतदान प्रतिशत वाले बूथ मारंगहातू में बुधवार को मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी, खूंटी ने ग्रामीणों से मिलकर उन्हें मतदान कर लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए कार्यक्रम में पहुंचे लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया।
मौके पर ग्रामीणों को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा मतदान के महत्व तथा निर्वाचन प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें शपथ दिलाई गई कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। साथ ही अपने घरों व आस पड़ोस के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने का हर संभव प्रयास करेंगे। साथ ही उन्हें अपने स्तर पर मतदाताओं को जागरूक करने लिए अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया। मतदाता मार्गदर्शिका का वितरण कर मतदान के महत्व, मतदान की तिथि, मतदान केंद्र पर मतदाताओं के लिए क्या क्या सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी आदि संबंधित सूचना हैं, जिसे आमजनों के बीच वितरण किया गया।

## आवासीय विद्यालय में समर कैंप का शुभारंभ

संवाददाता

**खूंटी**। नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय में समर कैंप का शुभारंभ बुधवार को किया गया। मौके पर झारखंड के फुटबॉल कोच रोशन मिंज, फुटबॉल रेफरी एसोसिएशन के मंगल मिंज वरिष्ठ फोटो जर्नलिस्ट और पूर्व नेशनल वॉलीबाल खिलाड़ी माणिक बोस उपस्थित थे। रोशन मिंज ने कहा कि इन शिविरों में छात्र बिना किसी हिचकिचाहट के प्रशिक्षकों से सवाल पूछ रहे हैं। विद्यार्थी के डर को निकाल कर उन्हें मजबूत व निडर बनाया जा रहा है।छात्रों में विश्वास पैदा करने में यह समर कैंप कारगर साबित होगा। बच्चे लोक कला भी सीख रहे हैं। माणिक बोस ने कहा कि समाज में हमेशा से



अभावग्रस्त रहे अनाथ, बालश्रम से मुक्त कराए गए बच्चों को खेल और पढ़ाई के माध्यम से उन्हे मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास सभी के लिए अनुकरणीय है। समर कैंप के दौरान, छात्रों को तीरंदाजी, फुटबॉल व हेरिटेज स्पोर्ट्स के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है।
विद्यार्थी चित्रकला के माध्यम से अपने हुनर का प्रदर्शन कर रहे हैं। समर कैंप के आयोजन में विद्यालय के बच्चों के साथ तीरंदाजी कोच दानिश अंसारी, आशीष कुमार, विद्यालय की वार्डन प्रतिमा देवी, शिक्षक अब्राहम टूटी, रवि कुमार, सुनीता कुमारी, गणेश कुमार, राष्ट्रीय तीरंदाजी खिलाड़ी मोनिका कुमारी आदि का योगदान रहा।

## त्रुटि रहित चुनाव कराना मतदानकर्मियों की जिम्मेवारी : उपायुक्त

संवाददाता

**खूंटी**। लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर प्रशिक्षण कोषांग द्वारा 60-खूंटी एवं 59-तोरपा विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त पार्टी वाइज सभी पोलिंग आधिकारियों के लिए बुधवार को प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान डिस्पैच सेंटर से लेकर मतदान के दिन मतदान केंद्र पर और मतदान के बाद की प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी दी गई।
कार्य और दायित्वों से अवगत कराया गया। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने कहा कि चार चरणों में संपन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से आप सभी को चुनाव कार्य की तमाम प्रक्रियाओं से



अवगत कराया गया है। आशा की जाती है कि आप सभी अपने कार्यो में दक्ष होकर त्रुटिरहित चुनाव कार्यो का निष्पादन करेंगे। उन्होंने सभी मतदान कर्मियों को सुबह छह बजे तक बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, बिरसा कॉलेज, खूंटी परिसर स्थित डिस्पैच सेंटर पर पहुंचने का निर्देश दिया, ताकि मतदान कर्मियों को समयानुसार कलस्टर एवं मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा डिस्पैच सेंटर से प्रस्थान करने से लेकर कलस्टर एवं मतदान केंद्रों तक पहुंचाने के लिए सुरक्षा की व्यवस्था की गई है। आप सभी भयमुक्त होकर अपने कार्य और दायित्व का निर्वहन करेंगे। उन्होंने निर्देशित किया कि डिस्पैच सेंटर से प्रस्थान करने के बाद किसी भी मतदानकर्मी को निर्धारित कलस्टर एवं बूथ के सिवाय कहीं भी रुकने की इजाजत नहीं है।
उपायुक्त ने मतदानकर्मियो को निर्देशित किया कि मतदान के दिन पूर्वाह्न पांच बजे संबंधित मतदान केंद्र पर पहुंचकर निर्धारित समय पर मतदान आरंभ कराने की प्रक्रिया को सावधानी के साथ पूरा करना सुनिश्चित करेंगे। प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह परियाजना निदेशक, आइटीडीए आलोक शिकारी कच्छप द्वारा निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने से संबंधित विभिन्न बिंदुओं के संबंध में बताया गया।

## दो अपराधी जिला बदर, 9 को हर दिन लगानी होगी हाजिरी

संवाददाता

**रामगढ़** । रामगढ़ डीसी चंदन कुमार ने एक बार फिर अपराधियों पर कानून का शिकंजा कसा है। बुधवार को उन्होंने दो अपराधियों को जिला बदर कर दिया। साथ ही नौ अपराधियों को हर दिन थाने में हाजिरी लगाने का आदेश जारी किया है। इससे पहले भी कई अपराधियों को जिला बदर किया जा चुका है। थाने में हाजिरी लगाने वाले अपराधियों की सूची भी लंबी होती जा रही है।
डीसी ने बताया कि वैसे अपराधियों जोकि जेल से छूटकर आने पर अपने घर पर न रहकर बाहर से ही व्यावसायियों एवं ठेकेदारों से रंगदारी की मांग करते हुए धमकी देने, विभिन्न स्त्रोतों से खबर भिजवाकर या खुद जाकर अपने प्रभाव क्षेत्र के ठेकेदारों व्यवसायियों, ट्रांसपोर्टरों तथा सीसीएल के पदाधिकारी, कर्मियों को लेवि के लिए भयभीत करने का कार्य करते हैं। जिला बदर किए जाने के उपरांत भी अवांछित रूप से जिला में प्रवेश करने तथा विभिन्न स्त्रोतों से खबर भिजवाकर या खुद जाकर लेवी के लिए भयभीत करने अथवा वाद के गवाहों व वादी को डराने धमकाने की संभावना एवं अपराधी की गतिविधियों पर प्रतिदिन निगरानी रखने की आवश्यकता से संबंधित मामले में कार्रवाई की गई है।

### अपराधियों को थाने में लगानी होगी हाजिरी

अपराध कर्मी अमित साहू उर्फ.जूली पतरातू बस्ती पतरातु, दीपक रजक न्यू मार्केट पतरातू, राजू सिंह बिना टॉकीज के समीप, रवि ठाकुर मुर्पा मांडू, जागो मांझी बांदा टोला पिपरा जरा गोला, नियत अली उर्फ भोलू गोलपार रामगढ़, बीरचंद मांझी पिपराजरा गोला, सागर सोनकर उर्फ राजा गोलपार रामगढ़, नसीम अंसारी गोला को आगामी 3 महीने के लिए प्रतिदिन 10:00 बजे पूर्वाह्न में थाना प्रभारी पतरातू के समक्ष हाजिरी लगाने हेतु आदेश दिया गया है।

### अपराधियों को चुनाव तक छोड़ देना होगा जिला

इसके अलावा विधि व्यवस्था, लोक शांति बनाए रखने तथा अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से 2 कुख्यात अपराधी चंद्रमा ठाकुर जयनगर पतरातु, एवं पवन ठाकुर जयनगर पतरातु के विरुद्ध कार्रवाई हुई है। चुनाव प्रक्रिया तक जिले से बाहर रहना होगा।

## रामगढ़ में 17 को गृह मंत्री करेंगे रोड शो

### भारतीय जनता पार्टी की बैठक आयोजित

संवाददाता

**रामगढ़** । भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला समिति की बैठक 8 मई को शहर के होटल शिवम इन में जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता जी की अध्यक्षता में आयोजित हुई । बैठक में जिला के पदाधिकारी, मोर्चा के जिला अध्यक्ष एवं महामंत्री , मंडल अध्यक्ष एवं मंडल के महामंत्री तथा जिला में निवास करने वाले वरिष्ठ नेतागण शामिल हुए ।
बैठक में 11 मई को चतरा जिला के सिमरिया में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विशाल रैली में 15 मई को आसाम के मुख्यमंत्री हेमन्त विश्वशर्मा के रजरप्पा डीएवी पब्लिक स्कूल के मैदान होने वाले चुनावी सभा तथा गृह मंत्री अमित शाह के रामगढ़ कैंट में 17 मई को होने वाले रोड शो कार्यक्रम को लेकर विचार विमर्श किया गया । साथ ही उक्त कार्यक्रमों को सफल बनाने पर चर्चा हुई । 11 मई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सिमरिया रैली में रामगढ़ जिला से अधिक से अधिक बूथ स्तर से कार्यकर्ता एवं आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित कर उसकी व्यवस्था की जिम्मेदारी तय की गयी । बैठक में मुख्य रूप से बीजेपी झारखंड प्रदेश प्रवक्ता



अविनेश कुमार,हजारीबाग लोकसभा प्रभारी शशि भूषण भगत,लोकसभा संयोजक टुनू गोप,सह संयोजक रणंजय कुमार , दिनेश साहू, जिला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू चतुवेर्दी, बलराम महतो, आनन्द बेदिया अखिलेश प्रसाद,जिला महामंत्री खिरोधर साहू, रंजन सिंह फौजी , जिला मंत्री राजेन्द्र कुशवाहा, संजीव कुमार बावला, रमेश कुमार वर्मा , दिलीप सिंह,वसुध तिवारी, सुरेन्द्र करमाली, रंजीत कुमार सिन्हा, रामगढ़ विधान सभा सह संयोजक रंजीत पाण्डे, विजय जायसवाल, दीनदयाल कुमार, जिला मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त, प्रभारी भीमसेन सिंह चौहान , अमितेश कुमार सिंह, लक्ष्मी देवी, नमेंद्र चंचल,कुमेल उरांव, सन्नी कुशवाहा, विनोद कुमार,सैय्यद किरमानी, सुखदेव प्रसाद,शिव कुमार महतो, महेन्द्र प्रजापति,सहदेव ठाकुर,सूर्यवंश श्रीवास्तव, मनोज गिरि, अशोक कुमार,गणेश प्रसाद स्वर्णकार, बबलू साव , संजय साह, राजेश कुमार, सागर दांगी नरेश कुमार,युगेश महतो, मनोज महतो, सरदार अनमोल सिंह, विजय ओझा,अरुण कुमार गणौरी, त्रिलोचन प्रजापति, विनोद कुशवाहा,जगदीश शर्मा,विनोद मिश्रा, ब्रजेश पाठक, धीरज साहू, सोनू कुमार शौर्य, सत्यजीत सिंह, जितेन्द्र साहू, सुनील प्रसाद, पी एन सिंह, ललन सिंह अजय ओझा, प्रवीण कुमार सोनू, अर्जुन कुमार वर्मा, इंद्रदेव साव, संजय रजक, स्नेहा गुप्ता, रवि हाजरा, प्रदीप कुमार कुशवाहा, अशोक सोनी,महेन्द्र सिंह, हरेन्द्र करमाली सुधीर कुमार, केदार प्रसाद , मोती नारायण सिंह, शैलेंद्र कुमार, शंभू लाल ठाकुर, दीनबंधु पोद्दार, संतोष कुमार शर्मा, मिथिलेश मंडल उपस्थित थे ।

## खूंटी लोस का चहुंमुखी विकास ही मेरी प्राथमिकताः कालीचरण

**खूंटी**। लोकसभा चुनाव होने में महज कुछ ही दिनों का समय बचा है। ऐसे में खूंटी लोकसभा से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने भी जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। कालीचरण मुडा ने बुधवार को विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उनके साथ पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।जनसंपर्क के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा पैदल ही लोगों के बीच पहुंचे। उन्होंने कहा कि लोगों का पूरा समर्थन उन्हें मिल रहा है, उनकी जीत सुनिश्चित है। कालीचरण मुंडा ने मुरहू, हांसा, बांधटोली, घाघरा, सारिदकेल और गोवा, इंदीपीड़ी, सायको, सिरूम, बारूपीडी, जोजोहातू, लांदुप, सारलें, जिउरी, डाउडीह, गिडूग, बिचागुटू आदि क्षेत्रों में जनसंपर्क कर मतदाताओं से प्यार, स्नेह, सहयोग, आशीर्वाद और समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि वे नेता नहीं, बल्कि बेटा बनकर क्षेत्र की सेवा करने के लिए आपके बीच आया हूं। खूंटी लोकसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करना ही मेरी प्राथमिकता है। उन्होने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल हो चुकी है। इसलिए देश की संपत्तियों को बेचा जा रहा है। आज अगर लोग जागरूक नहीं हुए तो कल पूरे देश को इससे भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। भाजपा केवल नफरत की सियासत करती है उसे देश के विकास से कोई मतलब नहीं है। हमारा देश नफरत से नहीं बल्कि मुहब्बत से आगे बढेगा। भाजपा की उल्टी गिनती प्रारम्भ हो गयी है। इस लोकसभा चुनाव में भाजपा गठबंधन 150 का आंकड़ा भी पार नहीं कर पायेगी।

## मंडा पूजा संपन्न

**बुढ़मू**। बुढ़मू प्रखंड के बंसरी गांव में शिव उपासना का पर्व मंडा पूजा बुधवार को झूलन सह मेला के साथ संपन्न हो गया। इससे पूर्व मंगलवार की शाम 125 भक्तियों ने लोटनसेवा,धुँआसी अनुष्ठान संपन्न किया। इससे बाद भक्तियों ने दहकते अंगारों में चलकर हर हर महादेव के गगनचुंबी जयघोषों के बीच फुलखुन्दी अनुष्ठान संपन्न किया। रात्रि में समाजसेवी भैरव सिंह द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ कराया गया।

# मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

संवाददाता

**रामगढ़** । डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सुकरीगढ़ा लारी के बहुउद्देशीय में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना एवं उन्नत भारत अभियान के माध्यम से एवं रामगढ़ निर्वाचन आयोग के सौजन्य से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंग महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव संजय प्रभाकर, प्राचार्य डॉ. शिव कुमार राणा के द्वारा डॉ. एस राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर आरम्भ किया गया। साथ ही महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक, व्याख्याता तथा बी.एड एवं डीएलएड के सभी प्रशिक्षुओं ने भी डॉ. एस राधाकृष्णन




के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। रामगढ़ निर्वाचन के पदाधिकारी गावेश कुमार ने शिक्षक एवं प्रशिक्षुओ को मतदान सम्बन्धी सूक्ष्म से सूक्ष्मतम जानकारी दिये एवं प्रशिक्षुओ को नारे एवं शलोगण से जागरूक किया। मंच का संचालन कर रहे कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अशोक राम ने मतदाता प्रतिज्ञा दिलायी एवं मतदान पर अपने विचार दिये। डॉ. राजेश महतो लोकतंत्र मे मतदान पर विस्तृत चर्चा किये। प्राचार्य प्राचार्य डॉ. शिव कुमार राणा ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए प्रशिक्षुओ से मतदान करने की अपील किया. महाविद्यालय प्रागंण मे जामून एवं आम का पौधा रोपण मतदान ब्राण्ड अम्बेसडर मुस्कान कुमारी और विवेक कुमार के द्वारा किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शिव कुमार राणा, सहायक प्राध्यापक संजु रंजना होरो, डॉ. अशोक राम, विभागाध्यक्ष सुप्रिया बर्मन, व्याख्याता मुरारी कुमार दूबे, सुलेखा कुमारी तथा शिक्षकेत्तर कर्मचारियों में निकिता कुमारी (कार्यालय अधीक्षक), नंदलाल कुमार (आइसीटी इंचार्ज), निशा कुमारी (पुस्तकालयाध्यक्ष), पवन कुमार (तकनीकी सहायक), मुनीता कुमारी, सुनीता देवी, सावित्री देवी, आदि मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**भुरकुंडा**। सौंदा साइडिंग के निकट सोमवार को ट्रक बाइक की टक्कर में घायल उरीमारी पहाड़ी शिव मंदिर निवासी रंजन करमाली की मौत हो गई। जबकि रंजन करमाली की पत्नी का इलाज कराया जा रहा है। वहीं मंगलवार की देर शाम भुरकुंडा ओपी में उरीमारी से बड़ी संख्या में लोगों पहुंचे और ट्रक मालिक से मुआवजा दिलाने की मांग की। घंटों गहमागहमी के बाद वाहन मालिक की ओर से दाह संस्कार के लिए 40 हजार रुपए मुहैया कराया गया। मृतक राजमिस्त्री का काम करता था। वहीं अपने पीछे पत्नी, तीन बेटे और एक बेटी छोड़ गया है।

## नुक्कड़ सभा का आयोजन

संवाददाता

**चान्हो**। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव प्रचार चरम पर है इसी क्रम में चान्हो बाजार टांड में कांग्रेस पार्टी की ओर से एक नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में झारखण्ड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगिर आलम भी सम्मिलित हुए इस दौरान संबोधित करते हुए उन्होंने कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को ग्रामीणों से साझा किया और आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी सुखदेव भगत के पक्ष में भारी मतों से मतदान की अपील की इस दौरान संबोधित करते हुए उन्होंने केंद्र सरकार के ऊपर जमकर निशाना साधा उन्होंने कहा कि आज देश की जनता केंद्र की गरीब विरोधी नीतियों से तंग आ चुकी है हमे इस बार परिवर्तन करने की आवश्यकता है मौके पर विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचारों के माध्यम से कांग्रेसी कार्यकताओं के बीच जोस भरा मौके पर कांग्रेस पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी, उपाध्यक्ष उमेर खान, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष मो ईस्तयाक अंसारी, मो मोजिबुल्ला , ज्ञास ,अब्दुल्ला अंसारी ,आलोक मिंज, चरवा उरांव, जीवन मिंज के अलावे अन्य मौजूद रहे।

# झारखंड में 60 हजार 4डी कैमरों से मतदान केंद्रों की होगी निगरानी

प्रातः नागपुरी संवाददाता, रांची

बुधवार को निर्वाचन सदन में सभी जिलों में वेबकास्टिंग,जीपीएस ट्रैकिंग और व्हीकल मैनेजमेंट के लिए गठित सेल के नोडल पाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से चुनाव की तैयारियों की समीक्षा हुई। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के। रवि कुमार ने कहा कि झारखंड में लोकसभा निर्वाचन 2024 में सभी मतदान केंद्रों पर 4D कैमरा के माध्यम से वेबकास्टिंग की जाएगी। इस दौरान लगभग 60 हजार 4D कैमरा से निगरानी रखी जायेगी। इस वेबकास्टिंग पर मुख्य निर्वाचन कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के साथ भारत निर्वाचन आयोग के स्तर से मॉनिटरिंग की जानी है। इस बार के मतदान में मतदान केंद्र के अंदर और बाहर दोनों ओर की फीड पर विभिन्न स्तरों से मॉनिटरिंग की जाएगी।

**चुनाव को लेकर ये दिए गये निर्देश:** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान के लिए विभिन्न मतदान केंद्रों पर इवीएम पहुंचाने वाले वाहनों में जीपीएस लगाकर इसकी मॉनिटरिंग करने और संधारण गृह में इवीएम के संधारण के बाद ही जीपीएस को हटाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मतदान कार्य में लगे वाहनों का भुगतान समय से करते हुए उसे मतदान कार्य से मुक्त करें। वाहन के प्रबंधन में सभी जिलों के पदाधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करें। किसी प्रकार के संशय की स्थिति में मुख्यालय में गठित वाहन प्रबंधन कोषांग से विमर्श कर निर्णय लें। कहा कि वाहनों के प्रबंधन में इस बात का ध्यान रखें कि निर्वाचन के दिन पब्लिक ट्रांसपोर्ट भी सुगमता से बहाल रहे। उन्होंने चालकों की खुराकी, पेट्रोल पम्प मालिकों को एडवांस पेमेंट, वाहन मालिकों को एडवांस पेमेंट आदि विषयों पर जिलों में किये जा रहे कार्य को लेकर वाहन प्रबंधन की समीक्षा की। साथ ही इन सब का वीएमएस पोर्टल पर संपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह, संयुक्त परिवहन आयुक्त प्रवीण कुमार प्रकाश सहित मुख्यालय व जिला स्तर पर गठित वेबकास्टिंग, जीपीएस ट्रैकिंग,व्हीकल मैनेजमेंट प्रकोष्ठ के पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।



### पोलिंग पार्टियों का सेकेंड और माइक्रो आर्ब्जवर का फर्स्ट रैन्डमाइजेशन किया गया

**रांची।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त बुधवार को पोलिंग पार्टियों का सेकेंड एवं माइक्रो आर्ब्जवर का फर्स्ट रैन्डमाइजेशन किया गया। समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित उपायुक्त सभागार में निर्वाची पदाधिकारी 08-रांची संसदीय क्षेत्र राहुल कुमार सिन्हा की देखरेख में रैन्डमाइजेशन किया गया। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक डीएस रमेश, नोडल पदाधिकारी कार्मिक कोषांग सह उपविकास आयुक्त, रांची दिनेश यादव, सहायक निर्वाची पदाधिकारी 63-विधानसभा क्षेत्र उत्कर्ष कुमार, सहायक निर्वाची पदाधिकारी 66-माण्डर प्रदीप भगत, जिला सूचना पदाधिकारी राजीव रंजन, सहायक जिला सूचना पदाधिकारी रीमा कुजूर एवं अन्य संबधित पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।रांची लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत सिल्ली, हटिया, खिजरी, रांची, कांके, तमाड़ और माण्डर विधानसभा क्षेत्र के लिए पोलिंग पार्टियों (पीठासीन पदाधिकारियों P1, P2 एवं P3) और माइक्रो आब्जर्वर का रैन्डमाइजेशन किया गया।

# हाइकोर्ट ने अर्जुन मुंडा पर लगाये 1.25 लाख रुपये के जुर्माना को माफ किया



**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के जस्टिस राजेश कुमार की अदालत ने केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की ओर से धुर्वा थाना में दर्ज प्राथमिकी को चुनौती देनेवाली क्रिमिनल रिट याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने प्रार्थी के अधिवक्ता के आग्रह को स्वीकार करते हुए उन पर लगाये गये 1.25 लाख रुपये के जुर्माना राशि को माफ कर दिया। साथ ही अदालत ने पीड़क कार्रवाई पर रोक को बरकरार रखा।

इससे पूर्व प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव ने पैरवी की। उन्होंने प्रार्थी अर्जुन मुंडा पर लगाये गये जुर्माना को माफ करने का आग्रह किया, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया। अदालत ने पिछली सुनवाई के दौरान याचिका की त्रुटि दूर किये बिना सुनवाई के लिए मेंशन करने पर प्रार्थी अर्जुन मुंडा पर 1.25 लाख रुपये का जुर्माना लगाया था तथा जुर्माना राशि एडवोकेट क्लर्क एसोसिएशन झारखंड हाइकोर्ट के पक्ष में भुगतान करने को कहा था।

### बाबूलाल मरांडी, दीपक प्रकाश और अर्जुन मुंडा सहित अन्य भाजपा नेताओं को राहत बरकरार

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट से पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सांसद संजय सेठ, सांसद दीपक प्रकाश, विधायक सीपी सिंह, ढुल्लू महतो, कुशवाहा शशि भूषण, समरी लाल, नवीन जायसवाल के अलावा बिरंची नारायण सिंह, सांसद प्रदीप कुमार वर्मा, रविंद्र कुमार राय, यदुनाथ पांडेय, शिवशंकर उरांव, अमित कुमार, कृष्ण कुमार गुप्ता, ललित ओझा, रमेश कुमार सिंह, कामेश्वर सिंह, उमेश कुमार, नीलम चौधरी, अमित कुमार मंडल, अशोक कुमार बड़ाईक, आरती कुजूर आदित्य प्रसाद, सिद्धू माझी, शत्रुघ्न सिंह को बड़ी राहत मिली है। अदालत ने बुधवार को सभी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को बरकरार रखते हुए अगली सुनवाई तक विस्तार दिया है। इसके साथ अदालत ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। उल्लेखनीय है कि 11 अप्रैल, 2023 को रांची में सचिवालय मार्च के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं की पुलिस के साथ झड़प हो गई थी। मामले को लेकर धुर्वा थाना में कांड संख्या 107/2023 दर्ज किया गया था। इसमें तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा और रघुवर दास के अलावा छह सांसदों सहित 41 लोगों पर धुर्वा थाना में केस दर्ज किया गया, जिसका कांड संख्या 107/2023 है।

अर्जुन मुंडा ने क्रिमिनल रिट याचिका दायर कर 11 अप्रैल 2023 को रांची में सचिवालय मार्च के दौरान धुर्वा थाना में कांड संख्या-107/2023 के तहत दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने की मांग की है। वहीं जस्टिस राजेश कुमार की अदालत ने सचिवालय मार्च मामले में आरोपी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सहित 27 नेताओं की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए अंतरिम राहत (पीड़क कार्रवाई पर रोक) को बरकरार रखा। मामले की अगली सुनवाई के लिए अदालत ने 25 जुलाई की तिथि निर्धारित की। उल्लेखनीय है कि प्रार्थी बाबूलाल मरांडी सहित अन्य 27 की ओर से क्रिमिनल रिट याचिका दायर की गयी है। प्रार्थियों ने धुर्वा थाना में दर्ज प्राथमिकी को चुनौती दी है।

## संक्षिप्त

### भाजपा हिन्दू - मुस्लिम के विवादित बयानों पर ही वोट लेना चाहती है - सुप्रियो भट्टाचार्य

**रांची।** रांची मे पत्रकारों से बातचीत करते हुए झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा पर निशाना साधा है । उन्होंने कहा कि भाजपा हिन्दू - मुस्लिम के विवादित बयानों पर ही वोट लेना चाहती है। उन्होने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार पूरे दस वर्षो मे फिसड्डी साबित हुई है। सुप्रीयो भट्टाचार्य ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से सवाल किया कि आखिर सरना धर्म कोड पर भाजपा क्यों चुप है। इसके अलावा श्री भट्टाचार्य ने लोकसभा चुनाव मे झारखण्ड का सूपड़ा साफ होने की बात भी कही।

### जनजातीय समाज के बीच कराए जा रहे मतांतरण रोकना सबसे बड़ी प्राथमिकता : विनोद बंसल

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के केंद्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा कि इस पवित्र भूमि में जनजातीय समाज के बीच कराए जा रहे मतांतरण के प्रयास को रोकना सबसे बड़ी प्राथमिकता है। राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए लोकतंत्र के इस महापर्व में राष्ट्रहित को प्राथमिकता देते हुए शत प्रतिशत मतदान कर सभी नागरिक अपने राष्ट्रधर्म का पालन करें। विनोद बंसल बुधवार को विहिप के झारखंड प्रांत की बैठक में बोल रहे थे। बैठक रांची एयरपोर्ट रोड स्थित ग्रीन एकर होटल के सभागार में विहिप के प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत की अध्यक्षता में हुई। मौके पर विहिप के क्षेत्र मंत्री वीरेंद्र विमल और क्षेत्र सहमंत्री डॉ वीरेंद्र साहू ने परिषद के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि इस वर्ष विश्व हिंदू परिषद अपने 60 वर्ष पूर्ण कर षष्टिपूर्ति वर्ष मनाने जा रही है। प्रत्येक पंचायत में समितियां बने तथा समितियां के माध्यम से हिंदू समाज के बीच सेवा, सुरक्षा और संस्कार के लिए होने वाले कार्यों को गति मिले।

### रांची एसएसपी ने अर्धसैनिक बलों के साथ की बैठक




**रांची।** एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बुधवार को कार्यालय में चौथे चरण के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एक बैठक आयोजित की। बैठक में रांची के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र तमाड़ और मांडर विधानसभा क्षेत्र में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने पर रणनीति बनी। बैठक में फ़ोर्स का मूवमेंट, रूट सैनिटाइजेशन, बूथ सैनिटाइजेशन, एरिया डोमिनेशन, डीमाइनिंग, क्लस्टर में ठहरने के लिए आधारभूत सुविधाओं सहित अन्य विषयों पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। ग्रामीण एसपी ने प्रेजेंटेशन और मैप के जरिये आवश्यक बिंदुओं को रेखांकित किया। बैठक समापन के बाद एसएसपी ने अर्धसैनिक बल के सभी पदाधिकारी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। बैठक में अर्धसैनिक बलों (एसएसबी-सीआरपीएफ) एवं झारखंड जगुआर के वरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

### पुलिस की छापेमारी में रेस्टोरेन्ट से शराब जब्त

**रांची।** अवैध शराब के खिलाफ ओरमांझी थाना पुलिस ने होटलों और रेस्टोरेंट में बुधवार को छापेमारी की। छापेमारी के दौरान अतिथि रेस्टोरेन्ट से काफी मात्रा में अवैध शराब बरामद किया गया। अतिथि रेस्टोरेन्ट मालिक राजदीप साहू, मैनेजर उमेश मण्डल सहित अन्य रेस्टोरेन्ट के सहकर्मी द्वारा अवैध विदेशी शराब की खरीद-बिकी करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। मामले में अतिथि रेस्टोरेन्ट के मालिक राजदीप साहू पीछे के तरफ से भाग गये । लेकिन मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया गया है। इनके पास से अलग-अलग 26 शराब की बोतल और 14 बीयर, सिगरेट, गुटखा सहित अन्य सामान बरामद किया गया है।

### छापेमारी में पांच गिरफ्तार

**रांची।** पुलिस ने अवैध बालू कारोबार के खिलाफ छापेमारी कर पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। साथ ही चार हाईवा और एक टर्बो को जब्त किया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर अवैध बालू कारोबार को लेकर सिल्ली डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने बुधवार को छापेमारी की। छापेमारी के दौरान रेकी करने वाले अजहरूद्दीन नाम के व्यक्ति को पुलिस ने पकड़ा। इसके बाद जब्त किये वाहनों के चालक टीपन कुमार, राजेश महतो, मूलचंद्र बेदिया और कुलदीप मुंडा को गिरफ्तार किया गया।

# बीते 10 वर्षों में केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने एक भी वादा पूरा नहीं किया: तेजस्वी यादव



**पलामू/रांची।** बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव ने बुधवार को पलामू जिले के छत्तरपुर उच्च विद्यालय के मैदान में विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुए भाजपा नीत एनडीए सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीते 10 वर्षों के शासनकाल में झूठ के सहारे राज किया है। मोदी 2014 में गरीबी और बेरोजगारी के मुद्दे पर सरकार में आए लेकिन उन्होंने एक भी वादा पूरा नहीं किया। उनका एकमात्र मकसद हिंदू-मुस्लिम कर देश की सत्ता पर राज करना रह गया है।तेजस्वी ने कहा कि मोदी ने इस बार 400 पार का नारा दिया है, जो महज एक जुमला है। उन्होंने पीएम मोदी के 2014 में दिए गए भाषण के कुछ अंश भी सुनाए और कहा कि इनमें एक भी पूरा नहीं किया गया। मोदी ने सिर्फ लोगों को ठगने का काम किया है। तेजस्वी ने कहा कि यदि केंद्र में उनके गठबंधन की सरकार बनी तो गरीब घर की बेटियों को प्रतिवर्ष एक लाख रुपये और पांच सौ रुपये में गैस सिलेंडर मिलेगा। साथ ही प्रतिवर्ष एक करोड़ लोगों को नए रोजगार के अवसर पैदा किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी उनके किए गए वादे के तहत पांच लाख लोगों को बिहार में रोजगार उपलब्ध कराया गया। वह भी सरकारी रोजगार मिला।

तेजस्वी ने कहा कि नरेन्द्र मोदी विरोध में बोलने वालों को सीबीआई और ईडी से डराने की कोशिश करते हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झूठे मामलों में जेल भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि उनके विरुद्ध भी 50 से अधिक मुकदमे दर्ज किए गए हैं लेकिन वह लालू प्रसाद यादव के बेटे हैं। ना लालू प्रसाद यादव झुका है और ना लालू का बेटा झुकेगा। साथ ही कहा कि जेल से उन्हें डर लगेगा जो डरते हैं। हमारे तो भगवान ही जेल में पैदा हुए थे। इसलिए हम जेल से नहीं डरते। इस बार चार जून को देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। बिहार के पूर्व मंत्री मुकेश साहनी ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सिर्फ खरीद-फरोख्त में विश्वास रखते हैं और उनके पास अडानी-अंबानी जैसे लोग मौजूद हैं। उनके चार विधायकों को वह खरीद कर बिहार में सरकार में शामिल कर लिए। इस बार पिछड़े और दलित लोगों ने मन बना लिया है कि वे नरेन्द्र मोदी की सरकार को सत्ता से हटा देंगे।

# हटिया रेलवे स्टेशन पर 32 किलो गांजा बरामद , छह युवक पकड़ाए

**रांची।** चेकिंग के क्रम में हटिया रेलवे स्टेशन पर 32 किलोग्राम (मारिजुआना) गांजा बरामद किया गया है । दरअसल आरपीएफ पोस्ट हटिया के अधिकारी और कर्मचारी, फ्लाइंग टीम रांची और जीआरपी हटिया के साथ प्लेटफॉर्म 03 पर हटिया रेलवे स्टेशन पर चेकिंग में लगे हुए थे। चेकिंग के दौरान देखा कि छह लोग 04 ट्रॉली बैग और 01 बड़े आकार के बैग के साथ एस्केलेटर के पास संदिग्ध तरीके से बैठे थे। संदेह के आधार पर उन्हें हटिया स्टेशन पर हिरासत में लिया गया. पूछने पर उन्होंने अपना नाम और पता नासरीगंज रोहतास निवासी दुलार चंद्र राम, मांडू रामगढ़ निवासी बबलू कुमार यादव, निखिल कुमार यादव, हेमंत मित्रा, बिनीत कुमा व प्रयाग विहार, हरि नगर मायापुरी, थाना- राजौरी गार्डन, जिला- पश्चिमी दिल्ली निवासी इकवाल खान बताया। उन्होंने यह खुलासा किया कि भूरे प्लास्टिक में लिपटा हुआ मारिजुआना (गांजा) था उनके बैग मे।1 तत्काल मामले की सूचना सहायक सुरक्षा आयुक्त/ आरपीएफ/रांची को दी गयी। सूचना मिलने पर मौके पर उपस्थित हुए और आदेश के अनुसार उनकी व्यक्तिगत तलाशी ली गई और सभी कानूनी औपचारिकताओं के बाद मौके पर उनके बैग की जांच की गई। जिसके दौरान मिले 32 पैकेटों का डीडी किट से परीक्षण किया गया जो पॉजिटिव पाया गया। इसके अलावा, मारिजुआना के 32 पैकेटों का वजन 32.00 किग्रा, अनुमानित मूल्य 16,00,000 (सोलह लाख रुपये) पाया गया जिसके बारे मे वो लोग कोई कानूनी अधिकार प्रस्तुत करने में विफल रहे। चूंकि अवैध गांजा को एक राज्य से दूसरे राज्य में ले जाना और लाभ के लिए अवैध रूप से इसकी बिक्री/तस्करी करना एनडीपीएस अधिनियम के तहत एक संज्ञान अपराध है तो बरामद सामग्री को जब्त कर लिया गया।

# देश को बचाने के लिए जनता को जागरूक करना होगा: सुबोधकांत

**रांची।** बुधवार को रांची जिला कांग्रेस कमेटी के जिला पदाधिकारियों की एक आवश्यक बैठक रांची लोकसभा क्षेत्र की चुनावी तैयारी हेतु कांग्रेस भवन, रांची में जिला अध्यक्ष डॉ. राकेश किरण महतो की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय उपस्थित थे। इस बैठक में रांची लोकसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों से जिला पदाधिकारीगण उपस्थित हुए।बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष डॉ महतो ने अपने संबोधन में कहा कि देश की राजनीतिक स्थिति भयावह है । यह सिर्फ एक आम चुनाव नहीं बल्कि देश के संविधान बचाने का चुनाव है, देश की सामाजिक समरसता को बचाए रखने का चुनाव है।इसीलिए सभी नेताओं को गाँव-गाँव जाकर कांग्रेस पार्टी के पांच न्याय एवं पच्चीस गारंटी से संबंधित कार्ड को प्रत्येक घर तक पहुंचाना होगा।बैठक में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सभी पदाधिकारियों ने अपने सुझाव दिये। साथ ही यह भी संकल्प लिया कि रांची लोकसभा में इंडिया गठबंधन की जीत हर हाल में सुनिश्चित करनी है । इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने अपने विचार रखते हुए सभी पदाधिकारियों का उत्साहवर्धन किया।

# झामुमो-कांग्रेस सरकार भ्रष्टाचारियों को दे रही संरक्षण : मरांडी

- भाजपा ने झारखंड सरकार के खिलाफ जारी किया आरोप पत्र



रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को प्रदेश की झामुमो-कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार भ्रष्टाचारियों को संरक्षण दे रही है, उसे बचने का काम कर रही है। सत्ता में शामिल लोगों की तिजोरी तक भ्रष्टाचार का पैसा पहुंच रहा है। मरांडी ने कहा कि इनके मंत्री के आप्त सचिव के नौकर के यहां से छापे में 35 करोड़ रुपये मिले हैं। ऐसे में मंत्री और सचिव के यहां छापा मारने पर कितने रुपये मिलेंगे, इसका अनुमान लगा पाना भी मुश्किल है। हरमू रोड स्थित मीडिया सेंटर में आरोप पत्र जारी करते उन्होंने कहा कि झारखंड में सत्ता पर बैठे लोग राज्य को लूटने और कमाने में लगे हैं। कांग्रेस और झामुमो की दोस्ती किसी से छिपी नहीं है। कांग्रेस शुरू से झारखंड और झारखंडवासियों की विरोधी रही है। विधायक सीपी सिंह ने बताया कि भाजपा की ओर से जारी 28 पन्ने के आरोप पत्र में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के भ्रष्टाचार का जिक्र है। साथ ही हेमंत सरकार पार्ट 2 (चंपाई सरकार) के कारनामों का भी जिक्र किया गया है। राज्य सरकार द्वारा किए गए वादे और उसके हकीकत को बयां किया गया है। उन्होंने कहा कि आरोप पत्र में भ्रष्टाचार को उठाया गया है। इसमें बताया गया है कि कांग्रेस के सांसद के विभिन्न ठिकानों से 350 करोड़ रुपये से ज्यादा की नकदी बरामद की गई है। बालू, कोयला, पत्थर का अवैध खनन, जमीन की लूट, शराब घोटाले ने झारखंड को कलंकित किया है। आजाद भारत में किसी राज्य के मुख्यमंत्री द्वारा खुद के नाम पर खनन पट्टा लेने से राज्य पहले ही कलंकित हुआ है। राज्य में स्टेट स्पॉन्सर्ड करप्शन है। भ्रष्टाचार में मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक से लेकर अधिकारी, दलाल, बिचौलिये तक संलिप्त हैं। ईडी की छापामारी में पूजा सिंघल के करीबियों के यहां करोड़ों रुपये बरामद हुए। सेना की जमीन तक को नहीं छोड़ा गया।

# नेशनल टेक्नोलॉजी डे पर बीआईटी में हुई मॉडल प्रदर्शन प्रतियोगिता

प्रातः नागपुरी संवाददाता, रांची



बीआईटी, मेसरा में नेशनल टेक्नोलॉजी डे का आयोजन 8 मई, 2024 को संस्थान के कैट हॉल में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टाटा स्टील के उत्पाद विकास अनुसंधान समूह के अध्यक्ष डॉ मोनोजित दत्ता थे। अन्य गणमान्य व्यक्तियों में संस्थान के कार्यवाहक कुलपति, एडमिशन, एक्रेडिटेशन एवं कोऑर्डिनेशन के डीन प्रोफेसर सुदीप दास, रिसर्च, इनोवेशन एवं इंटरप्रेन्योरशिप के डीन और आईआईसी के अध्यक्ष प्रोफेसर सी. जगनाथन, आई आई सी के उपाध्यक्ष एवं छात्र मामलों के डीन डॉ भास्कर कर्ण, रसायन विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष, राष्ट्रीय तकनीकी दिवस की आयोजन सचिव डॉ. सुमित मिश्रा उपस्थित थे। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस 24 के आयोजन सचिव डॉ. सुमित मिश्रा ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने छात्रों को तकनीकी शोध की ओर प्रेरित करने के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। इसके बाद प्रोफेसर सुदीप दास ने सभी को संबोधित करते हुए छात्रों के बीच राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाने पर जोर दिया।

डॉ. सी. जगनाथन और डॉ. भास्कर कर्ण ने अपने संबोधन में युवाओं के बीच तकनीक के साथ प्रयोग के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि डॉ. मोनोजीत दत्ता ने प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवीनतम रुझानों तथा भविष्य में इनकी भिन्नता पर एक प्रस्तुति दी। संस्थान के आर एंड डी भवन में मॉडल प्रदर्शन प्रतियोगिता हुई।

इसमें रांची के कई स्कूल, कॉलेज के छात्र, छात्राओं ने भाग लिया। सर्वश्रेष्ठ मॉडलों को पुरस्कृत किया गया। स्कूलों की श्रेणी में डीएवी नंदराज को प्रथम स्थान, जेवीएम श्यामली को द्वितीय स्थान और डीएवी हेहल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सेंट थॉमस, एस्कॉर्ट इंटरनेशनल, सरला बिरला और कैंब्रिज स्कूल को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। कॉलेज की श्रेणी में संस्थान के ईसीई विभाग को प्रथम, प्रोडक्शन विभाग को द्वितीय, मैकेनिकल विभाग और जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलीटेक्निक को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। अंत में संस्थान के कुलपति प्रोफेसर इंद्रनील मन्ना ने सभी को संबोधित किया।

## संक्षिप्त

### डैम में नहाने गए युवक की डूबकर मौत

**लोहरदगा।** किस्को प्रखंड क्षेत्र के बानपुर बंजारी डैम में डूबने से 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। युवक की पहचान बानपुर निवासी सत्य प्रकाश उरांव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार युवक डैम में नहाने गया था। इस दौरान वह डूब गया। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य किस्को पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों से मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है और जांच-पड़ताल कर रही है।

### नगरपालिका बाजार की दुकानों में फिर हुई चोरी



**पलामू।** मेदिनीनगर शहरी क्षेत्र के नगरपालिका बाजार में फिर दो दुकानों में चोरी हुई है जबकि एक दुकान में चोरी का प्रयास किया गया है। इससे आक्रोशित क्षेत्र के सारे दुकानदार बुधवार को शहर थाना पहुंचे और दुकानों की चाभी थाना में सौंपने की बात कही। उल्लेखनीय है कि तीन दिन पहले भी नगर पालिका बाजार में ही तीन दुकानों में चोरी हुई थी। कुछ दुकानों में चोरी का प्रयास किया गया था। इस संबंध में शहर थाना प्रभारी को सूचित किया गया था। मामला दर्ज कराया गया था। सुरक्षा का आश्वासन मिला लेकिन किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं हुई। दुकानदारों के मुताबिक, नगर पालिका बाजार में कुंआ के पास दुकानदार सुजीत कुमार की मिठाई दुकान से सात हजार नकदी, रूई पट्टी में अरुण प्रसाद की दुकान से 1500 नकदी चोरी की घटना हुई जबकि सुरेन्द्र प्रसाद की दुकान में चोरी का प्रयास किया गया। इसकी जानकारी बुधवार को जब दुकान खोलने पहुंचे तब हुई। सूचना मिलने पर सामाजिक कार्यकर्ता और पूर्व वार्ड पार्षद राजकुमार गुप्ता एवं नवीन गुप्ता आदि मौके पर पहुंचे। पूरी जानकारी ली और फिर शहर थाना पहुंचकर आक्रोश जताया। शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि दो जवानों की तैनाती नगरपालिक बाजार में की गयी है।

### पाइप फटने से पानी की हो रहा बबार्दी

**हजारीबाग।** फुटपाथ दुकानदार संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि कंचन ग्राउंड स्टेडियम राज रेस्टोरेंट के सामने पिछले 15-20 दिनों से पानी का पाइप फटा हुआ है, जिससे पानी की बबार्दी के साथ ही सड़क भी खराब हो रही है। जनता पानी के लिए परेशान है जबकि रोड पर इतना पानी बह जाता है कि सारे शहर की प्यास बुझ सकती है।

### भाजपा के कई कार्यकताओं ने किया पार्टी से किनारा

**हजारीबाग।** भारतीय जनता पार्टी, हजारीबाग के वरिष्ठ नेता अनिल सिन्हा सहित विष्णुगढ़ मंडल अंतर्गत बनासो क्षेत्र के कई वरिष्ठ भाजपा कार्यकताओं ने बुधवार को भाजपा जिला अध्यक्ष हजारीबाग को पार्टी से इस्तीफा सौंपा। इस दौरान अनिल सिन्हा ने आरोप लगाया कि वे 35 वर्षों से पार्टी की निष्ठा पूर्वक सेवा कर रहे हैं लेकिन पार्टी से मिल रही उपेक्षा अब असहनीय हो गई है। अब वह पुरानी भाजपा नहीं रही। इस समय भाजपा में जेवीएम से आए हुए को तरजीह दी जा रही है और भाजपा के समर्पित कार्यकताओं की उपेक्षा हो रही है। इसलिए विवश होकर दल छोड़ने का कठिन फैसला लेना पड़ा। अभी तो बस शुरूआत है। अब स्वाभिमानी कार्यकर्ता लगातार इस्तीफा देते नजर आएंगे, जिसकी सारी जवाबदेही भाजपा के संगठन नेतृत्व की होगी। इस्तीफा देने वालों में मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता सह सांसद मीडिया प्रभारी अनिल सिन्हा, विष्णुगढ़ मंडल से संतोष पासवान, भागीरथ पासवान, छोटू पासवान, राजकुमार यादव, नरेश कुमार पासवान एवं अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिला महामंत्री राशिद इकबाल उर्फ छोटू शामिल रहे।

# सेक्टर और पुलिस पदाधिकारियों के बीच आपसी समन्वय जरूरी : उपायुक्त

संवाददाता



**पलामू।** पलामू लोकसभा के लिए 13 मई को मतदान निर्धारित है। इसी के निमित बुधवार को मेदिनीनगर टाउन हॉल में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन व पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने चुनाव में प्रतिनियुक्त सेक्टर पदाधिकारियों व सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों संग बैठक की।

उन्होने सभी प्रखंडों से एक-एक कर सेक्टर पदाधिकारी से उनके क्षेत्राधिकार में पड़ने वालों बूथों की संख्या, बूथों का लोकेशन, इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम से बूथों की दूरी आदि के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। इसके अतिरिक्त पी माइनस 1 व पी माइनस 2 में जिनकी ड्यूटी है उनसे भी अवगत हुए। उन्होंने सभी सेक्टर पदाधिकारियों से उनके बूथों पर एएमएफ के तहत सभी सुविधा बहाल रहे, यह सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव निष्पक्ष एवं भय मुक्त वातावरण में संपन्न हो, इसके लिये सेक्टर पदाधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों के बीच आपसी समन्वय जरूरी है। उन्होंने प्रशिक्षण में बताये गये बातों को मतदान वाले दिन अनुश्रवण करने की बात कही। उन्होंने सभी को रिजर्व ईवीएम के मतदान के दिन प्रयोग और रख-रखाव पर विशेष ध्यान देने की बात कही।

इसके अतरिक्त उन्होंने सभी को उनके दायित्व के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। साथ ही पीपीटी के माध्यम से नजरी नक्शा के जरिए उन्हें उनको कार्य वाले लोकेशन से अवगत कराया। बैठक में एसपी ने सभी पुलिस कर्मियों को भयमुक्त चुनाव संपन्न कराने को लेकर कई निर्देश दिये।

मौके पर उप विकास आयुक्त रवि आनंद,सहायक पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह,अपर समाहर्ता कुंदन कुमार,तीनों एसडीओ,जिला आपूर्ति पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी समेत विभिन्न पुलिस पदाधिकारी व सेक्टर पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# चतरा में तीन शातिर बदमाश गिरफ्तार

## चोरी की पांच बाइक बरामद



**चतरा।** जिले की इटखोरी थाना पुलिस ने चोरी की पांच बाइक के साथ तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों में धनबाद निवासी अमर भुईयां, हजारीबाग निवासी सचिन कुमार यादव और छोटन कुमार उर्फ जोगो शामिल हैं। चतरा एसपी विकास कुमार पांडेय ने बुधवार को बताया कि ईटखोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत नगवां गांव के सोनू कुमार के घर के बरामदे में खड़ी दो बाइक चोरी कर लेने से संबंधित मामला पांच मई को दर्ज कराई गई थी। इस मामले में डीएसपी मुख्यालय के नेतृत्व में गठित टीम ने हजारीबाग जिले के चौपारण थाना क्षेत्र के सरदारपुर स्थित होटल से पांच चोरी की बाइक के साथ तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया। तीनों ने वारदात में संलिप्तता स्वीकार कर ली है। पुलिस टीम में थाना प्रभारी इटखोरी सूर्य प्रताप सिंह, विजय कुमार सिंह, रविकान्त सिंह, कृष्णा कुमार तिवारी, मो. सब्बास आलम और गौरव कुमार सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

# खेत में मिला छात्रा का शव, हत्या की आशंका



संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद में 12वीं क्लास की एक छात्रा का शव खेत में मिला है। छात्रा के शव मिलने की ही जगह से कुछ दूरी पर गांव के रहने वाले एक युवक विशाल रजवार घायल अवस्था में बेहोशी की अवस्था में पाया गया।

घटना की सूचना पर बरवाअड्डा थाना की पुलिस और डीएसपी शंकर कामती मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गए है। घटना के सम्बंध में बताया जा रहा है की बरवाअड्डा पोलाइडीह के रहने वाले हरी प्रसाद महतो की पुत्री निशा कुमारी जो गांव के ही एक स्कूल में 12वीं में पढ़ती थी।

वह घर से स्कूल जाने को बोल निकली थी। जब काफी देर बाद तक वह घर नहीं पहुंची, तो परिवार के लोगों ने उसको ढूंढना शुरू किया। इसी बीच उन्हें सूचना मिली की गांव के पास खेत में एक लड़की का शव मिला है। इसके बाद परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। मृतका के माता-पिता लक्ष्मी देवी और हरी प्रसाद ने बेटी की हत्या का शक जाहिर करते हुए पुलिस से मामले की जांच की मांग की है। वहीं घटनास्थल पर ही घायल और बेसुध मिले विशाल रजवार को पुलिस ने इलाज के लिए धनबाद के एसएनएमएमसीएच भेज है। साथ ही लड़की के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। डीएसपी शंकर कामती ने बताया कि प्रथमदृष्टया मामला प्रेम प्रसंग में हत्या का लग रहा है। घायल युवक के द्वारा हत्या करने की आशंका है। फिलहाल मामले की जांच के बाद ही पूरा मामला साफ हो पाएगा।

# एमआरपी से अधिक शराब बिक्री पर कार्रवाई 21 भेजे गए जेल, 24 नौकरी से बर्खास्त

संवाददाता

**पलामू।** पलामू उत्पाद की ओर से लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लगने के बाद और इससे पहले की गई कार्रवाई में बड़ी उपलब्धि हासिल की गयी है। उत्पाद अधीक्षक सुधीर कुमार ने बुधवार को अपने कार्यालय में उपलब्धियां गिनाते हुए बताया कि विभाग जेएसबीसीएल द्वारा सभी अंचलों में संचालित खुदरा उत्पाद दुकानों में नियमानुसार शराब बिक्री कराने के लिए तत्पर है एवं स्थिति को भी नियंत्रण में रखे हुए हैं।

किसी भी दुकान में एमआरपी से अधिक मूल्य पर मदिरा बिक्री की जाती है तो तत्काल कार्रवाई करने के लिए तीन उत्पाद पदाधिकारी की नियुक्ति की गई है। अब तक की गई कार्रवाई में 21 लोगों को जेल भेजा गया है, जबकि 24 को नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया है। उन्होंने



आम लोगों से इस संबंध में किसी प्रकार की शिकायत के लिए उत्पाद अंचल अवर निरीक्षक के मोबाइल नंबर 6201235079 9199894550 एवं 7004403729 एवं उनके मोबाइल नंबर 7992245087 पर भी सूचना देने की अपील की है, ताकि शिकायत का निवारण किया जा सके।

उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लगने के बाद अब शराब निमार्ता एवं चोरी छिपे व्यापार करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई तेज की गई है। अब तक 122 अभियोग दर्ज किए गए हैं तथा 3206 लीटर अवैध चुलाई शराब, 88650 किलोग्राम जावा महुआ, 7827.95 लीटर अवैध निर्मित विदेशी शराब, 250 लीटर स्प्रिट, चार अवैध शराब बनाने वाली फैक्ट्री, शराब बनाने के समान जैसे विभिन्न ब्रांडों के लेबल, रैपर, होलोग्राम, ढक्कन, पैकिंग, शराब पैक करने की खाली बोतल, विदेशी शराब में प्रयुक्त होने वाले कैरामेल जब्त किए गए हैं। अरुणाचल प्रदेश एवं पंजाब राज्य में बिक्री होने वाली अंकित लेबल के साथ विदेशी शराब जप्त की गई है, जिसकी कीमत करोड़ों रुपए आंकी गई है। इसमें शामिल 13 अभियुक्तों को जेल भेजा गया है तथा 108 के विरुद्ध फरार अभियोग दर्ज किया गया है।

उत्पाद अधीक्षक ने वित्तीय वर्ष 2023-24 की उपलब्धियां के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विभाग लक्ष्य पानी के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। उनकी कोशिश है कि ज्यादा से ज्यादा कार्रवाई कर टारगेट को पूरा किया जा सके।

# रेलवे लाइन पर मिला युवक का शव



संवाददाता

**पलामू।** जिले के पड़वा दोस्त से मिलने गए मेदिनीनगर के युवक की बीसफुटा के समीप बैजनाथ सेवा आश्रम के सामने रेलवे लाइन से शव मिला है। युवक की पहचान अरविंद कुमार के पुत्र राहुल कुमार (24) के रूप में हुई है। राहुल बजाज शोरूम में पिछले पांच वर्षों से कार्य करता था। घटनास्थल के समीप से ही उसकी बुलेट मोटरसाइकिल बरामद हुई है मोबाइल नहीं मिला है। परिजनों ने हत्या और प्रेम प्रसंग से इनकार किया है। युवक के मिलने के बाद सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और रेलवे लाइन से डेड बॉडी को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमआरएमसीएच में भेज दिया है। मामले की छानबीन की जा रही है। पिता अरविंद कुमार ने घटना की पूरी जानकारी दी। पिता के अनुसार मंगलवार को हर रोज की तरह बजाज शोरूम में काम के लिए निकला था। इसके बाद उसने पिता से फोन पर यह कहा कि मैं दोस्त के यहां जा रहा हूं। वह पड़वा किसी दोस्त से मिलने जा रहा है। रात 9 बजे उससे अंतिम बार बात हुई थी। घर लौट के बारे में पूछा गया तो उसने बताया कि कुछ देर में घर लौट जाएंगे, लेकिन रात को नहीं लौटा। सुबह के समय कुछ चरवाहों ने रेलवे लाइन पर शव देखकर इसकी जानकारी आसपास के लोगों को दी। इसके बाद मौके पर पहुंचकर डेड बॉडी की पहचान की। घटनास्थल से मोटरसाइकिल पैन कार्ड पर पर्स आदि बरामद किया गया है। किसी ट्रेन से कटकर आत्महत्या करने की संभावना जताई गई है। राहुल कुमार लेस्लीगंज के गोराडीह का मूल निवासी था, लेकिन उसका जीएलए कॉलेज के समीप संत जेवियर स्कूल के सटे भी घर है।

# व्यय प्रेक्षक ने मिर्धा चेक पोस्ट का किया औचक निरीक्षण

संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बोकारो एवं चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त व्यय प्रेक्षक आनंद कुमार द्वारा बुधवार को बोकारो स्थित पश्चिम बंगाल राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र पिंड्राजोरा थाना अंतर्गत मिर्धा चेक पोस्ट का औचक



निरीक्षण किया गया। इस दौरान व्यय प्रेक्षक ने प्रतिनियुक्त स्टेटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) के वाहन जांच पंजी की जांच की। साथ ही उन्हें चुनाव आयोग के दिशा-निर्देश से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि छोटे-बड़े सभी वाहनों की जांच करें। अगर कोई आपत्ति जनक सामग्री व राशि पाई जाती है, तो जब्ती की कार्रवाई करते हुए अविलंब इसकी सूचना दें। वाहन जांच पंजी का भी सही से संधारण करें। इस दौरान व्यय प्रेक्षक आनंद कुमार ने पिंड्राजोरा थाना में तैनात उड़न दस्ता दल (एफएसटी) में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं कर्मी को सभी प्रकार की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के लिए निर्देशित किया।

# कोडरमा जिले में वज्रपात से दो लोगों की मौत

संवाददाता

**कोडरमा।** जिले में वज्रपात की दो अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गयी। पहली घटना मंगलवार देर शाम सतगावां थाना अंतर्गत ढाब में हुई, जहां वज्रपात से संजय राजवंशी (45 ) की मौत हो गयी। मंगलवार देर शाम आंधी और बारिश के बाद वज्रपात ने घर के पास बैठे संजय राजवंशी को अपनी चपेट में ले ले लिया। उसे कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया,जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरी घटना में चंदवारा थानान्तर्गत पिपराही में



मंगलवार की देर शाम बारिश के साथ हुई वज्रपात की घटना में मो गुलाम रसूल (30) की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार वह खेत में काम कर रहा था। इसी दौरान वज्रपात होने से उसकी मौत हो गई। इसके बाद पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। बुधवार को पोस्टमार्टम करके शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# फुलवरिया गांव के लोगों ने लिया वोट बहिष्कार का निर्णय




**कोडरमा।** कोडरमा नगर पंचायत वार्ड नं एक स्थित फुलवरिया गांव के लोगों ने कोडरमा लोकसभा चुनाव को लेकर वोट बहिष्कार का निर्णय लिया है। यहां के लोगों ने गांव में एक वोट बहिष्कार का बोर्ड भी लगाया है। इसमें लिखा है बिजली, पानी और रोड नहीं तो वोट नहीं। वहीं गांव के लोगों का कहना है कि हर चुनाव के समय नेता आते हैं और बड़े-बड़े वादे कर चले जाते हैं। यहां के मुख्य मुद्दे हैं आजादी के बाद से आज तक हमारे गांव में बिजली नहीं पहुंची है। यहां बिजली पोल, ट्रांसफार्मर और तार लगा हुआ है फिर भी बिजली नहीं पहुंच पाई है। इसलिए हम लोग वोट बहिष्कार कर रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि चुनाव के समय नेताओं को हमारे गांव की याद आती है, उसके बाद सभी भूल जाते हैं। पिछली बार चुनाव में भी यही आश्वासन मिला पर जीतने के बाद सांसद अन्नपूर्णा देवी एक बार भी गांव नहीं आईं। बिजली नहीं रहने के कारण हमलोगों को रात में जंगली जानवरों का भय बना रहता है। साथ ही बच्चों की पढ़ाई में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

# पलामू में 13 मई को मतदान के लिए 10 बूथ रीलोकेट

संवाददाता

**पलामू।** पलामू लोकसभा चुनाव 2024 के लिए 13 मई को मतदान होना है। इस चुनाव में अधिकाधिक मतदान हो, इसे लेकर स्वीप अंतर्गत विभिन्न तरह के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। वहीं अन्य स्तर पर कई तरह के निर्णय भी लिए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिले में सुरक्षा के दृष्टिकोण से 10 मतदान केंद्रों में बदलाव किया गया है।

रीलोकेट मतदान केन्द्रों में छतरपुर विधानसभा अंतर्गत डुणडूर उत्क्रमित मध्य विद्यालय पर बने मतदान केंद्र को तारडीह उत्क्रमित मध्य विद्यालय में रीलोकेट किया गया है। इसी तरह छतरपुर विधानसभा अंतर्गत रतनाग उत्क्रमित मध्य विद्यालय के मतदान केंद्र को उत्क्रमित मध्य विद्यालय



लालगड़ा में शिफ्ट किया गया है। छतरपुर विधानसभा अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय माड़ादाग को नव सृजत प्राथमिक विद्यालय खडार में रीलोकेट किया गया है। हुसैनाबाद विधानसभा के उत्क्रमित मध्य विद्यालय माहुर में बने मतदान केंद्र को उतर कोयल परियोजना उच्च विद्यालय, मोहम्मदगंज, उ. भाग में रिलोकेट किया गया है।

हुसैनाबाद विधानसभा अंतर्गत प्रतापपुर उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बनाए गए मतदान केंद्र को स्रो.उ.वी. महुदण्ड, उत्तरी भाग में रीलोकेट किया गया है। हुसैनाबाद विधानसभा अंतर्गत लोहबणदा उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बने मतदान केंद्र को स्रो.उ.वि. महुदण्ड, द.भाग में रीलोकेट किया गया है। डालटनगंज विधानसभा अंतर्गत हरता उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बने मतदान केंद्र को उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिजका में रीलोकेट किया गया है। इसी तरह इसी विधानसभा अंतर्गत रा.प्रा.वि. तूरेर में बने मतदान केंद्र को उ.उच्च विद्यालय मदगड़ी ह्यचह्ल में रीलोकेट किया गया है। इसी तरह डालटनगंज विधानसभा अंतर्गत उत्क्रमित प्रा.वि कूटकु में बने मतदान केंद्र को उ. उच्च विद्यालय मदगड़ी ह्यचह्ल में रीलोकेट किया गया है।

डालटनगंज विधानसभा अंतर्गत उत्क्रमित प्रा.वि खटाई टोला सनेया में बने मतदान केंद्र को उ.उच्च विद्यालय मदगड़ी ह्यचह्ल में रीलोकेट किया गया है। यह जानकारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन ने दी।

# कोयला खदान में हुआ विस्फोट

**धनबाद।** जिले के निरसा स्थित ईसीएल के मुगमा क्षेत्र अंतर्गत लखीमाता कोलयरी के भूमिगत खदान में बुधवार के अहले सुबह एक बड़ा विस्फोट हुआ। इसमें कई कोलकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद आनन फानन में घायल कर्मियों को ईसीएल प्रबंधन ने अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उनकी स्थिर बताई जा रही है। लखीमाता कोलियरी के कोल कर्मियों ने बताया कि बीती रात उक्त खदान में कोयला निकालने के लिए बारूद के कुल 45 विस्फोट किया जाना था, माइनिंग अधिकारी के द्वारा खदान के भीतर 45 विस्फोट कर इसकी सूचना संबंधित कार्यालय में दिया, लेकिन बुधवार की सुबह जब उक्त खदान की उसी स्थान पर तीन कोल कर्मी ड्रिल करने पहुंचे और जैसे ही उन्होंने ड्रिल मशीन लगाकर ड्रिल करना शुरू किया वैसे ही वहाँ जोरदार धमाका हुआ।

## संक्षिप्त

### जत्था बनाकर वोटरों को जागरुक कर रहे मजदूर

**गोमिया ।** एटक से संबद्ध ठेकेदार मजदूर यूनियन तेनुघाट थर्मल द्वारा औद्योगिक के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र में भी इलेक्शन एम्बेसडर कार्यक्रम चलाया जा रहा है। यूनियन के महासचिव इफ्तेखार महमूद ने बताया कि काम से लौटने के बाद मजदूर जत्था बनाकर 25 मई को हम क्या करेंगे-सबसे पहले मतदान करेंगे का नारा लगाते हुए मोहल्ले में घूमते हैं और यथासंभव अधिक से अधिक गांव में मजदूरों का जत्था नारा लगाते हुए घूमेंगे। तेनुघाट थर्मल पावर के मेन गेट से गेंद केवट, वली वारसी, मनोज तुरी, डेगलाल महतो, साबिर अंसारी, पार्वती देवी, लाल मुन्नी देवी, लीला देवी तथा चेलियाटांड़-तुलबुल के जत्था का नेतृत्व बीरालाल किस्कू, करण माहली, फूलचंद किस्कू आदि ने किया।

### श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा के अध्यक्ष बने विनोद चोपड़ा

**बोकारो ।** श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महासभा, कोलकाता के निदेर्शानुसार श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा, बोकारो का द्विवार्षिक चुनाव (2024-2026) सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। विनोद चोपड़ा को सर्वसम्मति से सभा का नया अध्यक्ष मनोनीत किया गया। जैन मिलन के अध्यक्ष सह- चुनाव पदाधिकारी संजय बैद की देखरेख में चुनाव का सारा काम-काज संपन्न हुआ। निवर्तमान अध्यक्ष शांतिलाल लोढ़ा ने अपना कार्यभार नवनिर्वाचित अध्यक्ष को सौंपते हुए उनके बेहतर कार्यकाल के लिए मंगलकामनाएं एवं सहयोग की पेशकश की। इसके पूर्व सभा के सचिव प्रकाश कोठारी ने विगत कार्यकाल का लेखा-जोखा सभा के सदस्यों के समक्ष रखा, जिसे स्थानीय सभा द्वारा पारित कर दिया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष विनोद चोपड़ा की नई कमेटी का विस्तार एक सप्ताह के अंदर की जाएगी। बैठक में शांतिलाल लोढ़ा, प्रकाश कोठारी, माणक छल्लानी, जयचंद बांठिया, आंनद कोठारी, बजरंग लाल चौरड़िया, प्रमोद चौरड़िया, सुभाष जैन, सुशील बैद, सुरेश बोथरा, अभय बेगवाणी, सौरभ लोढ़ा आदि उपस्थित थे।

### बाइक और बोलेरो की टक्कर में दो लोग घायल

**बोकारो ।** जिले के पेटरवार थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-23 मंझली श्री मोड़ के निकट एक बाइक व बोलेरो की बीच टक्कर हो गई। इससे दो लोग जख्मी हो गए। घटना बुधवार शाम लगभग 4 बजे की है। जानकारी के अनुसार जरीडीह थाना क्षेत्र के अराजू निवासी कलीम अंसारी (45) अपनी बाइक से महुआटांड़ कसियाडीह स्थित बहन के घर जा रहा था। इसी दौरान मंझलीश्री मोड़ के पास जैसे ही घूमे पीछे से आ रही बोलेरो ने टक्कर मार दिया। बोलेरो में सवार पथलडीह निवासी राकेश कुमार अपने परिवार के साथ हजारीबाग की ओर जा रहे थे।

# सामान्य प्रेक्षकों ने किया चुनावी तैयारियों का निरीक्षण

संवाददाता



**बोकारो ।** बुधवार को 06 गिरिडीह एवं 07 धनबाद लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक क्रमशः अरूण महेश बाबू एवं अनूप खिंची ने बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर 08 स्थित बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी हाई स्कूल (डिस्पैच सेंटर) का निरीक्षण किया। मौके पर 06 गिरिडीह संसदीय क्षेत्र की निवार्ची पदाधिकारी सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती विजया जाधव, निर्वाचन कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह- डीडीसी संदीप कुमार, सभी विधानसभा क्षेत्र के सहायक निवार्ची पदाधिकारी (एआरओ), संबंधित कोषांगों के वरीय नोडल/नोडल पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

निरीक्षण क्रम में 06 गिरिडीह संसदीय लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक अरूण महेश बाबू एवं 07 धनबाद संसदीय लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक अनूप खिंची ने बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी हाई स्कूल (डिस्पैच सेंटर) में ईवीएम-वीवीपैट की कमीशनिंग को लेकर की गई तैयारी/योजना के संबंध में निवार्ची पदाधिकारी सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी से जानकारी ली। निवार्ची पदाधिकारी सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने विस्तार से विधानसभा क्षेत्रवार ईवीएम-वीवीपैट कमीशनिंग के संबंध में बताया। इससे पूर्व उन्होंने डिस्पैच सेंटर से ईवीएम-वीवीपैट/सामग्री प्राप्त करने के लिए मतदान कर्मियों के लिए अलग-अलग बनाए गए पंडालों की जानकारी दी। उन्होंने प्रेक्षकों को वाहन पार्किंग प्लान से भी अवगत कराया। सामान्य प्रेक्षकों ने डिस्पैच सेंटर में संचालित सामग्री कोषांग का भी जायजा लिया। इस दौरान मतदान कर्मियों के लिए तैयार हो रहे सामग्री पैकेट को देखा। निवार्ची पदाधिकारी सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मतदान कर्मियों के लिए तैयार हो रहे पैकेट में सफल मतदान संचालन को लेकर जरूरी सामग्रियों के साथ मेडिकल किट, सूखा खाद्य सामग्री/पेय पदार्थ आदि भी उपलब्ध कराया जा रहा है। इस पर दोनों प्रेक्षकों ने संतोष व्यक्त किया।

06 गिरिडीह संसदीय लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक एवं 07 धनबाद संसदीय लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक ने डिस्पैच सेंटर में विधानसभा वार स्थापित स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था/सीसीटीवी कैमरा आदि का जायजा लिया। दोनों प्रेक्षकों ने चास के बाजार समिति स्थित गोदाम (रिसिविंग सेंटर एवं काउंटिंग सेंटर) का निरीक्षण किया। भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता ने रिसिविंग सेंटर एवं काउंटिंग सेंटर को लेकर चल रहे कार्यों को ससमय पूरा कर लेने की बात कही। मौके पर पोस्टल बैलेट की मतगणना को लेकर चिन्हित भवन का भी प्रेक्षकों द्वारा जायजा लिया गया। इसके अलावा मीडिया सेंटर, निवार्ची पदाधिकारी कक्ष/प्रेक्षक कक्ष/राजनीतिक पार्टी प्रतिनिधि कक्ष आदि को लेकर चर्चा की और जरूरी दिशा-निर्देश दिया। इस दौरान निर्वाचन कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह- डीडीसी संदीप कुमार, सामग्री कोषांग की वरीय नोडल पदाधिकारी सह- डीपीएलआर श्रीमती मेनका, सहायक निवार्ची पदाधिकारी गोमिया सह- अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, सहायक निवार्ची पदाधिकारी, बोकारो सह- अनुमंडल पदाधिकारी चास ओम प्रकाश गुप्ता, सहायक निवार्ची पदाधिकारी चंदनकियारी सह- डीसीएलआर प्रभाष दत्ता, मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय, ईवीएम कोषांग के वरीय नोडल मो. शफीक आलम, ईवीएम कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी पीयूष, प्रेक्षक कोषांग के शक्ति कुमार, मीडिया कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी अविनाश कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

उधर, 07 धनबाद संसदीय लोकसभा क्षेत्र के व्यय प्रेक्षक आनंद कुमार ने सूचना भवन स्थित एमसीएमसी कोषांग/मीडिया सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न अखबारों में प्रकाशित खबरों एवं टीवी चैनलों पर प्रसारित समाचारों की निगरानी को लेकर किए जा रहे कार्यों/व्यय कोषांग के समर्पित प्रतिवेदन की जानकारी ली और व्यवस्था पर संतोष जताया।

## केंद्रीय विद्यालय में रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती का आयोजन

**बोकारो थर्मल ।** बोकारो थर्मल स्थित केंद्रीय विद्यालय में बुधवार को रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती स्कूली बच्चों एवं शिक्षकों के द्वारा हर्षोल्लास से मनाई गई। विद्यालय के प्राचार्य डॉ बीआर डे ने रवींद्र नाथ टैगोर के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पार्चन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की। कहा कि कविगुरु रवींद्रनाथ टैगोर गुरुदेव के नाम से जाने वाले टैगोर साहित्य,संगीत और कला के क्षेत्र में अपार योगदान के लिए प्रसिद्ध हैं। भारत और बांग्लादेश का राष्ट्रगान रवीन्द्रनाथ टैगोर द्वारा लिखित है। बंगाली नवजागरण के एक प्रमुख व्यक्ति, टैगोर भी एक दूरदर्शी शिक्षक थे, जिन्होंने पारंपरिक कक्षा शिक्षण में क्रांति ला दी और पश्चिम बंगाल के शांतिनिकेतन में विश्व-भारती विश्वविद्यालय की स्थापना की.कविता,उपन्यास,लघु कथाएं और निबंधों तक फैली उनकी साहित्यिक रचनाएं विश्व स्तर पर लेखकों और कलाकारों को प्रेरित करती हैं। टैगोर की प्रसिद्ध कविताओं का संग्रह ह्यगीतांजलिह्न को 1913 में साहित्य में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। विशेष रूप से ऐतिहासिक रिकॉर्ड के अनुसार उन्हें दो देशों के राष्ट्रगान लिखने का अद्वितीय गौरव प्राप्त है। कहा कि सभी विद्यार्थियों को ऐसे महापुरुष के जीवन का अनुसरण करते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का प्रयास करना चाहिए।

## आद्रा मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की हुई तिमाही बैठक

संवाददाता




**बोकारो ।** दक्षिण-पूर्व रेलवे, आद्रा मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही (140 वीं) बैठक मंडल रेल प्रबंधक सुमित नरूला की अध्यक्षता में मंडल सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में अपर मंडल रेल प्रबंधक एवं अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी के एन घोष सहित मंडल के सभी शाखा अधिकारियों ने भाग लिया। विकास कुमार, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक एवं राजभाषा अधिकारी आद्रा ने मंडल रेल प्रबंधक, अपर मंडल रेल प्रबंधक एवं उपस्थित सभी शाखा अधिकारियों का स्वागत करते हुए बैठक की शुरूआत की। इसके उपरांत आद्रा मंडल के कृष्ण पाल सिंह, सहायक संकेत एवं दूर संचार अभियंता द्वारा रचित शायरी संग्रह यादों के भंवर पुस्तक का विमोचन मंडल रेल प्रबंधक ने किया। इसके उपरांत उमा शंकर सिंह, वरिष्ठ अनुवादक ने पिछले बैठक में लिए गए निर्णयों पर रिपोर्ट प्रस्तुत की। अपर मंडल रेल प्रबंधक एवं अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी के एन घोष ने सभी से आग्रह किया कि बैठक में जो निर्णय लिए गए हैं, उनका शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। आद्रा मंडल में राजभाषा के प्रचार-प्रसार की स्थिति पर मंडल रेल प्रबंधक ने खुशी जाहिर की। उन्होंने राजभाषा विभाग से आग्रह किया कि अगली बैठक में पावर प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रसिद्ध साहित्यकारों की जीवनी प्रदर्शित की जाए, जिससे साहित्य व साहित्यकारों से संबंधित ज्ञान का प्रचार-प्रसार एवं संवर्द्धन हो सके। मंडल रेल प्रबंधक ने सभी शाखा अधिकारियों से आग्रह किया कि वे अपने विभाग में किए जा रहे राजभाषा संबंधी कार्यों का प्रतिशत धीरे-धीरे बढाएं। अंत में राजभाषा अधिकारी विकास कुमार ने धन्यवाद दिया।

## परिवार रूपी मंदिर के देवता हैं घर के बुजुर्ग : रामनाथ बैठा

**बोकारो ।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर 9/डी बोकारो में दादा-दादी नाना-नानी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के संरक्षक रामनाथ बैठा ने कहा कि हमारी संस्कृति में 33 कोटि देवी-देवताओं के बीच माता-पिता, गुरु के साथ-साथ घर के बुजुर्गों को प्रत्यक्ष देवता कहा गया है। उनके प्रति आदर भाव जगाकर हम अपनी सभ्यता और संस्कृति का संरक्षण कर सकते हैं। परिवार के बुजुर्ग उस वृक्ष के समान हैं, जिसकी शीतल छाया में छोटों को स्नेह मिलता है और परिवार रूपी मंदिर के इन देवता के आशीर्वाद से उन्नत परिवार सुखमय जीवन व्यतीत करता है। पाश्चात्य सभ्यता के परिवेश में यह विलुप्ति के कगार पर है। अपनी संस्कृति को पुनः स्थापित करने के लिए इस प्रकार का कार्यक्रम विद्यालय में होना अति आवश्यक है। इससे एक संतान का अपने बड़ों के प्रति और बड़ों का अपनी संतान के प्रति दायित्व बोध होता है। आज का यह कार्यक्रम अविस्मरणीय है। यहां से ही बच्चों के अंदर अपने बड़ों के प्रति सम्मान का बीजारोपण होगा।

विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र कामत ने आगंतुक अतिथियों को संबोधित करते हुए कहा कि जहां बुजुर्गों का सम्मान होता है, वहीं देवता का निवास होता है। विद्या भारती ने इस कार्यक्रम को अपनी योजना में शामिल कर वर्तमान पीढ़ी को पुरानी परंपरा से जोड़ने का एक सफल प्रयास किया है। आज पाश्चात्य शिक्षा के प्रभाव से बुजुर्गों को घर में वह सम्मान नहीं मिल पा रहा है, जो उन्हें मिलना चाहिए। हमारे बुजुर्ग अपना पूरा जीवन अपने परिवार रूपी वट वृक्ष को बड़ा करने में खपा देते हैं, उन्हें भी इस अवस्था में प्रेम स्नेह की आवश्यकता पड़ती है। इस अंतिम पड़ाव पर उनका मान सम्मान होता रहे, ऐसे ही समाज की परिकल्पना विद्या भारती करता है और सदैव इस परंपरा को निभाने के लिए हम कृत संकल्पित हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन सह- वंदना के साथ किया गया। इस अवसर पर भैया-बहनों ने अपने दादा-दादी के पांव पखारे, आरती और पुष्पार्चन किया। बच्चों ने दादा-दादी के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रसार पदाधिकारी, चास (बोकारो) श्रीमती नूतन बाला एवं मनोरंजन प्रसाद के साथ-साथ विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष अभय श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष कृष्णा राय, निरंजन कुमार सिंह, सचिव रंजन कुमार कर्ण, सह- सचिव जी पी सिंह, अभिभावक प्रतिनिधि विनोद प्रजापति व सभी आचार्य, दीदी और लगभग 150 दादा-दादी एवं नाना-नानी उपस्थित रहे।

## ऐश पौंड लाइन के पाइप की मरम्मत की गयी, नदी में छाई युक्त ऐश का प्रवाह रुका

संवाददाता



**बोकारो थर्मल ।** बोकारो थर्मल जरवा बस्ती के समीप नूरी नगर स्थित ऐश पौंड को जाने वाली पाइप लाइन की फटी हुई पाइप को बदलने एवं मरम्मत का कार्य बुधवार को करने के बाद कोनार नदी में होने वाले छाई का प्रवाह बंद हो गया।

जरवा बस्ती के समीप सोमवार की रात्रि ऐश पौंड को जाने वाली पाइप फट गयी थी। पाइप फटने के कारण पावर प्लांट से जब तक पाइप लाइन से जाने वाली छाई को बंद किया जाता, तब तक नाला के माध्यम से कोनार नदी में छाई का प्रवाह हो गया। मंगलवार की सुबह फटे पाइप लाइन को बंद किया गया। मंगलवार से बुधवार तक फटी पाइप को बदलने एवं उसे वेल्डिंग कर मरम्मत करने का कार्य किया गया। मामले को लेकर जीएम ओएंडएम एस भट्टाचार्य ने पूछे जाने पर कहा कि फटे पाइप को बदलने के साथ मरम्मत कर दिया गया है।

## तुपकाडीह के गांवों में चुनाव की खामोशी

**बोकारो ।** दो लोकसभा क्षेत्र- गिरिडीह और धनबाद के बीच में आने वाले एक छोटे से शहर तुपकाडीह के आस पास के गांवों और बाजार में आसन्न चुनाव की खामोशी छाई हुई है। नुक्कड़ों, चौपालों में भी चुनाव को लेकर कोई चर्चा नहीं है। चास और जरीडीह प्रखंड के दो दर्जन बूथों पर आगामी 25 मई को हजारों वोटरों को वोट डालने की व्यवस्था ब्लॉक स्तर से की गई है। झामुमो, भाजपा, कांग्रेस, आजसू के साथ-साथ अन्य दलों के कार्यकर्ता तथा कथित नेता तो खुश हैं, पर वोटरों का मन टटोलने में असफल हो रहे हैं। ओबीसी, आदिवासी बहुल गांव के लोग अपने पूर्व सांसद से नाराज हैं। उत्तर विस्थापित क्षेत्र के शिकारीडीह, बोधनाडीह, भौंरुडीह, मानगो के आदिवासी समुदाय के वोटर जो धनबाद लोस क्षेत्र में आते हैं, नाम नहीं छापने की शर्त पर बताते हैं कि वे लोग बीएसएल में नियोजन के लिए संघर्ष करते रहे, लेकिन कोई साथ नहीं दिया। वोट लेकर सांसद बनने के बाद दुबारा उन्हें कभी देखा नहीं गया। कुछ इसी प्रकार गिरिडीह क्षेत्र के वोटर बताते हैं कि पांच साल में आये दुःख सुख के साथ-साथ महामारी कोरोना के वक्त सांसद ने आना तो दूर, गरीब ग्रामीणों की सुध नहीं ली।कच्ची सड़क को पक्का कर देने से क्या होगा। इसी प्रकार तुपकाडीह मेनरोड, स्टेशन रोड, नहर चौक और कलाली मोड़ के दुकानदार जो वोटर भी हैं, कुछ बोलने बताने के वजाय हाथ जोड़ देते हैं।

## सेल मैनेजमेंट एंड बिजनेस क्विज में बीएसएल की टीमों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

संवाददाता




**बोकारो ।** सेल के मैनेजमेंट एंड बिजनेस क्विज स्पर्धा के फाइनल में एक बार फिर बोकारो स्टील प्लांट की टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पुरस्कार जीतने का गौरव प्राप्त किया है। हाल ही में बर्नपुर में आयोजित स्पर्धा के फाइनल में सेल अधिकारियों की बिजनेस क्विज सक्षम में बीएसएल के वरीय प्रबंधक (ईआरएस) शुभम वर्मा तथा प्रबंधक (हॉट स्ट्रिप मिल) राहुल रंजन पंडा की टीम ने सेकेंड रनर-अप का पुरस्कार अपने नाम किया। इसके अलावा समर्थ नाम से आयोजित सेल के अनधिशासी कर्मियों की बिजनेस क्विज में बीएसएल के डीएनडब्ल्यू विभाग के ओसीटी दुर्गा प्रसाद एवं नयन चक्रवर्ती की टीम ने प्रथम पुरस्कार जीतकर बोकरो स्टील प्लांट का मान बढ़ाया है। बीएसएल की विजेता टीमों को बी पी सिंह, निदेशक प्रभारी (दुगार्पुर एवं इस्को स्टील प्लांट) द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। बीएसएल के वरीय अधिकारियों ने भी दोनों पुरस्कार विजेता टीमों को उनकी उपलब्धि पर बधाई दी है।

# भुगतान नहीं होने के कारण एसटीपी निर्माण करने वाली कंपनी ने किया काम बंद

- मशीन व कामगारों को किया चंद्रपुरा शिफ्ट

संवददाता

**बोकारो थर्मल ।** बोकारो थर्मल में एसटीपी का निर्माण कार्य करने वाली कंपनी मेसर्स भरत जी पटेल ने बकाये का भुगतान नहीं होने के कारण बुधवार को स्थानीय साइट पर कार्यरत मशीनों एवं सभी 35-40 कामगारों को डीवीसी चंद्रपुरा साइट पर शिफ्ट कर दिया। इस संबंध में कंपनी के स्थानीय साइट इंचार्ज दीन दयाल जांगीर का कहना था कि कंपनी द्वारा स्थानीय स्तर पर एसटीपी के अब तक जो भी कार्य किये गये हैं, उसके एवज में भुगतान करने को लेकर फरवरी माह में बिल सिविल में जमा किया था। परंतु डीवीसी सिविल के डीजीएम विश्व मोहन गोस्वामी द्वारा बिल भुगतान नहीं किया जा रहा है। कहा कि बिल भुगतान नहीं करने की जानकारी जीएम ओएंडएम, एचओपी सहित मुख्यालय कोलकाता को भी दी गई। इसके बावजूद बिल का भुगतान नहीं किया गया है। बिल का भुगतान नहीं किये जाने पर कामगारों का भुगतान सहित अन्य प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

### मार्च 2022 में कंपनी को मिला था कार्यादेश



बोकारो थर्मल में दो एसटीपी निर्माण करने को लेकर डीवीसी के द्वारा निविदा के द्वारा 27.5 करोड़ रुपये का कार्य मेसर्स भरत जी पटेल को दिया गया था। कंपनी को आवंटित कायार्देश के तहत एसटीपी निर्माण कार्य 15 महीनों में पूरा करना था। कायार्देश के तहत कंपनी को जून 2023 तक कार्य को पूरा कर देना था, परंतु दो वर्ष से भी ज्यादा समय होने को है, कार्य पूरा नहीं हो पाया है। कंपनी ने जून 2022 में निर्माण कार्य आरंभ किया था। कार्य में विलंब को लेकर कंपनी के स्थानीय इंचार्ज दीन दयाल जांगीर का कहना है कि डीवीसी प्रबंधन के द्वारा निर्माण कार्य को लेकर साइट उपलब्ध नहीं करवाने के कारण ही कार्य में विलंब हो रहा है। कहा कि एसडी एक, दो, तीन के पीछे आईएसएलएफ पांच नंबर का पंप हाउस निर्माण किया जाना है। जिस स्थान पर पंप हाउस का निर्माण किया जाना है, वहां अवैध कब्जाधारियों ने घर बना लिया है, परंतु डीवीसी प्रबंधन आज तक उसे हटा नहीं पाया है, जिसके कारण निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा है। इसी प्रकार कोनार नदी के किनारे एक नंबर एसटीपी का निर्माण कार्य करना है, परंतु निर्माण स्थल पर 17 पेड़ों की कटिंग को लेकर फॉरेस्ट क्लियरेंस को लेकर मामला फंसा हुआ है, जिसके कारण निर्माण नहीं हो पा रहा है। कंपनी को बिल भुगतान के मामले को लेकर डीजीएम सिविल विश्व मोहन गोस्वामी से पूछा गया तो उनका कहना था कि वे मीटिंग में हैं। कंपनी द्वारा निर्माण कार्य बंद कर सभी मशीनों एवं कामगारों को चंद्रपुरा शिफ्ट करने को लेकर जीएम ओएंडएम एस भट्टाचार्य ने पूछे जाने पर कहा कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं है, फिर भी वे मामले की जांच करेंगे।

## बोकारो में जयंती पर याद किए गए वेदांत दर्शन के विश्व पुरोधा स्वामी चिन्मयानंद

संवाददाता



**बोकारो ।** भारत के प्रसिद्ध आध्यात्मिक चिंतक, वेदान्त दर्शन के विश्व पुरोधा, क्रांतिद्रष्टा युगपुरुष एवं गीता ज्ञान प्रचारक स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती जी की 108वीं जयंती बुधवार को बोकारो में धूमधाम से मनाई गई। चिन्मय विद्यालय एवं चिन्मय मिशन सहित चिन्मय परिवार से जुड़े सभी लोगों ने श्रद्धा-भक्ति के साथ इस अवसर पर कई आयोजन किए। पूजन, भजन-कीर्तन और दान-पुण्य के कार्यक्रमों का सिलसिला दिनभर जारी रहा। चिन्मय विद्यालय बोकारो में सुबह चिन्मय मिशन बोकारो की आवासीय आचार्या स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती के सानिध्य में परम पूज्य गुरुदेव के श्रीचरण स्वरूप उनकी पादुका का वैदिक विधि से गुरुदेव अष्टोत्तर शतनाम (108 नामों) के साथ पूजन किया गया। इसमें विद्यालय के अध्यक्ष विश्वरूप मुखोपाध्याय, सचिव महेश त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष आर एन मल्लिक, प्राचार्य सूरज शर्मा, उप प्राचार्य नरेंद्र कुमार सहित सभी शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मी व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।पूजन के उपरांत स्वामिनी संयुक्तानंद ने गुरुदेव स्वामी चिन्मयानंद के महानतम व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। बताया कि स्वामीजी का जन्म 8 मई 1916 को केरल में हुआ था और 3 अगस्त 1996 को अमेरिका के शिकागो में उन्होंने महासमाधि प्राप्त की थी। इस जीवन विधि का एक-एक समय उन्होंने देश एवं विश्व कल्याण के लिए अर्पित कर दिया। यौवन काल में उन्होंने देश की स्वतंत्रता संग्राम को समर्पित किया। देश की आजादी के बाद पत्रकारिता के माध्यम से दबे- कुचले, भूखे -नंगे,जरूरतमंद व्यक्ति के लिए आवाज बने और जब संन्यास लिया तो आजीवन गीता ज्ञान प्रचारक बने। वेदांत में छिपे अमूल्य ज्ञान को उन्होंने जन-जन तक पहुंचाया। उनका मानना था कि भारत के सनातन गौरव को लौटाने के लिए वेदांत की ओर लौटना जरूरी है। इसी उद्देश्य से उन्होंने पुणे के गणेश मंदिर से गीता ज्ञान-यज्ञ की यात्रा प्रारंभ की और यह उन्होंने जीवनपर्यंत जारी रखा। आज भी उनकी दिव्य छत्रछाया में चिन्मय परिवार के लोग इस यात्रा को अविरल बनाए रखे हैं। स्वामीजी ने सैकड़ों मंदिरों का निर्माण व जीर्णोद्धार करवाया तथा संपूर्ण विश्व में चिन्मय मिशन केंद्र व सैकड़ों विद्यालय की स्थापना कर वेदांत दर्शन के साथ शैक्षणिक उत्थान की नई क्रांति को जन्म दिया।

# फाइव आइज का मोदी व भाजपा को ले अंतरराष्ट्रीय षडयंत्र

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

भारत विदशों को हथियार बेच रहा है। बेहतर मानव संसाधन का उपयोग कर दुनिया के तमाम देशों को उद्योग लगाने के लिए अपनी ओर आकर्षित कर रहा है और इस तरह से विश्व में लगातार उसकी दावेदारी एक ओर यूएनओ में स्थायी सदस्यता की बनती जा रही है तो दूसरी ओर विश्व शक्ति के रूप में सभी के सामने अपने को वह प्रखरता से रख रहा है, जोकि कई विकसित देश सहन नहीं कर पा रहे हैं । ऐसे में अमेरिका के नेतृत्व वाले फाइव आइज खुफिया गठबन्धन (कनाडा, न्यूजीलैण्ड, ब्रिटेन, अमेरिका, ऑस्ट्रेलियाई) ने प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार के खिलाफ विशेष मोर्चा खोल रखा है। अब जरूरत सूचनाओं के इस महायुग में भारत के आमजन की विशेष है कि वे किसी भ्रम में नहीं आएं। हर खबर की गहराई में जाएं और समझें कि आखिर इसके पीछे सत्यता कितनी है।

हम सभी जानते हैं, भारत में इस वक्त लोकसभा चुनाव का दौर चल रहा है। तीसरे चरण के बाद अब चौथे चरण की वोटिंग की तैयारी है। पूरी दुनिया की नजर भारत पर है, जिसमें कि भारत विरोधी यही चाहते हैं कि भाजपा की सत्ता केंद्र में न आए, मोदी फिर से भारत के प्रधानमंत्री न बनें । भारत पहले की तरह ही कई मोर्चों पर संघर्ष करता हुआ कमजोर दिखाई दे। अब इसके लिए भाजपा एवं मोदी से विरोध करनेवाली शक्तियां तो देश के अंदर काम कर ही रही हैं, किंतु इन दिनों ऐसी शक्तियों को विदेशों में भी पुख्ता माहौल बनाते हुए देखा जा सकता है।

वस्तुतः पाकिस्तान, चीन, समेत कई देश जो भारत को सहन नहीं कर पा रहे हैं, वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विरोध करते ही थे, लेकिन अब यूरोप समेत विशेष तौर पर इंग्लैण्ड और अमेरिका जैसे विकसित देशों ने भी लगातार केंद्र की मोदी सरकार को घेरना जारी रखा है, जिसमें कि उसके सामने आज का सबसे बड़ा कोई विषय है तो वह है भारत का अल्पसंख्यक वर्ग, विशेषकर यहां की दूसरी सबसे बड़ी जनसंख्या यानी कि मुलसमान।

इस संदर्भ में यह तथ्य सामने आया है कि अमेरिका के नेतृत्व वाले फाइव आइज खुफिया गठबन्धन (कनाडा, न्यूजीलैण्ड, ब्रिटेन, अमेरिका, ऑस्ट्रेलियाई ) ने मोदी सरकार के खिलाफ विशेष मोर्चा खोलकर रखा है। इन पांच देशों की सरकार समर्थक मीडिया हर दिन भारत विरोधी कोई नई रिपोर्ट प्रकाशित करती है। इन रिपोर्टों में तथाकथित सूत्रों के आधार पर मोदी सरकार को निशाना बनाया जा रहा है। वह मोदी सरकार पर लगाम कसने के लिए वामपंथी मीडिया और अपने स्वयं के वित्त पोषित ब्रॉडकास्टर को खुफिया जानकारी लीक कर रहे हैं तथा भ्रम फैलानेवाली झूठी रिपोर्ट बड़े स्तर पर स्वयं से तैयार करने के साथ ही करवा रहे हैं, जिसमें से एक नैरेटिव यह गढ़ा जा सके कि भारत में मुसलमान मोदी राज में बहुत कमजोर पड़े हैं। वे खतरे में हैं और उन पर हिन्दू नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री रहते हुए भयंकर अत्याचार हो रहे हैं।

इस बात को समर्थन देने एवं जोर देते हुए आप ऑस्ट्रेलिया के अखबार ऑस्ट्रेलियन फाइनेंशियल रिव्यू, अमेरिकी अखबार 'द वाशिंगटन पोस्ट', 'द न्यूयॉर्क टाइम्स', सीएनएन, टाइम मैगजीन, ब्रिटेन के अखबार 'द गार्जियन', बीबीसी, फ्रांस के प्रसिद्ध समाचार पत्र ले मोंड समेत अन्य कई को आप देख भी रहे थे, जिनमें कि इस प्रकार कि रिपोट्र्स लगातार प्रकाशित की जा रही हैं। लेकिन इसी कड़ी में अब सीएनएन में शामिल हो गया है।

अमेरिकन मीडिया संस्थान सीएनएन ने 'भारत के पवित्र



शहर में बढ़ते हिंदू राष्ट्रवाद से मुसलमान डरे हुए हैं' शीर्षक से एक खास लेख कम विशेष स्टोरी प्रकाशित की है। इसमें इस बार वाराणसी (काशी) प्रधानमंत्री मोदी के लोकसभा चुनाव क्षेत्र को चुना है और यह बताने की कोशिश की है कि भारत के मुसलमाना मोदी राज में बहुत डरे हुए हैं और वे नहीं चाहते कि भाजपा केंद्र में सरकार बनाने में सफल हो और मोदी फिर से सत्ता में आए। इन सभी की यही सोच है कि यदि मोदी फिर से सत्ता में आ गए तो भारत को वे हिन्दू राष्ट्र बना देंगे । सनातनी भारत में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार बहुत अधिक बढ़ जाएंगे।

सीएनएन कह रहा है कि मोदी की भाजपा की जड़ें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) में हैं, जो एक दक्षिणपंथी अर्धसैनिक संगठन है जो भारत के भीतर हिंदू वर्चस्व की वकालत करता है। ऐसे में दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश में अब इसकी 200 मिलियन से अधिक मजबूत मुस्लिम आबादी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा मोदी के दोबारा चुने जाने की संभावना पर डर व्यक्त कर रहा है। वाराणसी के कई मुसलमान उपेक्षित महसूस करते हैं, यहां तक कि उनके साथ विश्वासघात होने की बात करते हैं, खासकर जब एक सदियों पुरानी मस्जिद ज्ञानवापी की बात हो। सीएनएन यहां स्थानीय मुस्लिमों के माध्यम से कहलवा रहा है कि सरकार उनके समुदाय की रक्षा करने में विफल हो रही है, आज के भारत में घृणा अपराधों से लोग असुरक्षित और भयभीत महसूस कर रहे हैं। अगर मोदी दोबारा चुने गए तो सबसे बुरा होगा।

इसके लिए सीएनएन भाजपा नेता टी. राजा सिंह के भाषण, हिंदू अधिकारियों को प्रमुख सरकारी संस्थानों में शीर्ष पदों पर नियुक्ति देने, अधिकारियों द्वारा मुस्लिम संपत्तियों को ध्वस्त करने के आरोपों, मुस्लिम बहुल राज्य जम्मू और कश्मीर की विशेष स्वायत्तता अनुच्छेद 370 को हटाने और उसे सीधे दिल्ली के नियंत्रण में लाने, नागरिकता कानून को पारित करने, (जिसमें मुस्लिम प्रवासियों को शामिल नहीं किया गया), दिल्ली दंगों के लिए भी हिन्दुओं को जिम्मेदार ठहरा रहा है। इसके साथ ही ये सीएनएन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को घेरने के लिए वाशिंगटन स्थित शोध समूह इंडिया हेट लैब की की रिपोर्ट का उल्लेख भी करता है, जिसका कहना है कि भारत में मुस्लिम प्रताड़ित हैं। यह लेख कहता है कि ह्यूमन राइट्स वॉच, एमनेस्टी इंटरनेशनल और इंटरनेशनल फेडरेशन फॉर ह्यूमन राइट्स सहित कई मानवाधिकार संगठनों ने धार्मिक लोगों के खिलाफ निरंतर भेदभाव की चेतावनी दी है।

इसके साथ ही चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री मोदी जो बोल रहे हैं उसको आधार बनाकर यह बताने का प्रयास हुआ है कि मुसलमानों पर 'घुसपैठिए' होने का आरोप लगाया जा रहा है और एक नारा संविधान खतरे में है का जोर शोर के साथ लगाया जा रहा है। दरअसल, यह बात ओर है कि मुसलमान राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता और परंपरागत रूप से हिन्दू प्रभुत्ववाली सत्ता को अस्वीकार करने की मानसिकता से ग्रस्त होने के कारण से इसे स्वीकार करना नहीं चाहता, लेकिन वर्तमान आंकड़े बता रहे हैं कि कैसे दस सालों में भाजपा की सत्ता के रहते भारत भर में मुसलमानों समेत हर वर्ग के जीवन स्तर में भारी सुधार हुआ है । इतना ही नहीं तो नौकरियों का ग्राफ भी साफ बता रहा है कि किसी अन्य राजनीतिक पार्टी के केंद्र की सत्ता में रहते हुए आज तक जो लाभ उन्हें पिछले कई सालों में कभी नहीं मिला था, वह लाभ मोदी की केंद्र में सत्ता आने के बाद से ही मुसलमानों को मिलना शुरू हो सका है ।

कहना होगा कि पिछले दस सालों में केंद्र में भाजपा के शासन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने इस्लामवादियों के लिए जमीन पर जन्नत उतारने का साकार काम किया है। बिना भेद भाव के अल्पसंख्यकों को भारत में आज अवसर की समानता उपलब्ध है। भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर तेजी के साथ बढ़ रहा है। इस बार के जीएसटी कलेक्शन में 11.5 फीसदी का उछाल हुआ है। वहीं मासिक आधार पर 1.78 लाख करोड़ रुपये का ये आंकड़ा अब तक का दूसरा सबसे ऊंचा स्तर है। पूरे वित्तीय वर्ष 23-24 में कुल 20.14 लाख करोड़ रुपये जीएसटी कलेक्शन हुआ है। स्वभाविक है कि इस पूरी राशि का उपयोग भारत के विकास के लिए केंद्र की सरकार करेगी। पूरी दुनिया अकेले इस एक काम जीएसटी कलेक्शन से अचंभित है। भारत विदशों को हथियार बेच रहा है। बेहतर मानव संसाधन का उपयोग कर दुनिया के तमाम देशों को उद्योग लगाने के लिए अपनी ओर आकर्षित कर रहा है और इस तरह से विश्व में लगातार उसकी दावेदारी एक ओर यूएनओ में स्थायी सदस्यता की बनती जा रही है तो दूसरी ओर विश्व शक्ति के रूप में सभी के सामने अपने को वह प्रखरता से रख रहा है, जोकि कई विकसित देश सहन नहीं कर पा रहे हैं । ऐसे में अमेरिका के नेतृत्व वाले फाइव आइज खुफिया गठबन्धन (कनाडा, न्यूजीलैण्ड, ब्रिटेन, अमेरिका, ऑस्ट्रेलियाई) ने प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार के खिलाफ विशेष मोर्चा खोल रखा है। अब जरूरत सूचनाओं के इस महायुग में भारत के आमजन की विशेष है कि वे किसी भ्रम में नहीं आएं। हर खबर की गहराई में जाएं और समझें कि आखिर इसके पीछे सत्यता कितनी है।

## संपादकीय

### एनआईए जांच के फंदे में केजरीवाल

अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एनआईए जांच की सिफारिश की गई है। उन पर प्रतिबंधित आतंकी संगठन सिख्स फॉर जस्टिस से देवेन्द्र पाल भुल्लर की रिहाई की एवज में 1.6 करोड़ डॉलर बतौर चंदा लेने का आरोप है। दिल्ली के उपराज्यपाल ने वीके सक्सेना ने विश्व हिन्दू महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव आशु मोंगिया के साक्ष्य-आधारित आरोप के मद्देनजर एनआईए जांच की अनुशंसा की है। केजरीवाल पहले से ही आबकारी नीति मामले में जेल में हैं, जिसमें जमानत पर मंगलवार को सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुरक्षित रख लिया। इसके एक दिन पहले जांच की सिफारिश की गई है। ताजा आरोप केजरीवाल के वर्तमान और भविष्य के लिए एक नये फंदे की तरह है। २पंजाब के खालिस्तान आंदोलन के दौरान भुल्लर का रक्तरंजित इतिहास रहा है। वह खालिस्तान लिबरेशन फ्रंट से जुड़ा कुख्यात आतंकी है, जिसने दिल्ली की रायसीना रोड स्थित युवक कांग्रेस मुख्यालय के सामने 11 सितम्बर, 1993 को बम विस्फोट कर राजधानी को दहला दिया था। इसमें 11 लोग मौके पर ही मारे गए थे। जाहिर तौर पर यह मामला मौजूदा कानून के मुताबिक देशद्रोह की कोटि में आता है। ऐसे में चंदे का आरोप सिद्ध हो गया, जैसा कि उपराज्यपाल का मोंगिया के सुपुर्द किए साक्ष्यों के आधार पर दावा है, तो केजरीवाल राजनीतिक बियावान में जा सकते हैं। एक वीडियो में खालिस्तान समर्थक आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू को यह कहते सुना-देखा गया है कि केजरीवाल की आम आदमी पार्टी सरकार को 2014 से 2022 के दौरान खालिस्तान समर्थक समूहों से 1.6 करोड़ डॉलर की फंडिंग मिली थी। फिर भी आप को इसमें राजनीतिक षड्यंत्र लगता है। इसका मकसद आम चुनाव से केजरीवाल को दूर रखना है। उसे लगता है कि उपराज्यपाल भाजपा के एजेंट की तरह काम कर रहे हैं, जबकि उन्हें सांविधानिक एजेंट के रूप में काम करना चाहिए। इस पद की व्यवस्था केंद्र-राज्य सरकारों के बीच समन्वयक एवं संकटमोचक दायित्व-पूर्ति के लिए की गई है। आप ने यह खुलासा नहीं किया है कि उसके आरोप का आधार क्या है? पर ऐसे गंभीर आरोप किसी भी पार्टी या सरकार की मुखिया के विरु द्ध लगे तो उसकी जांच की सिफारिश उपराज्यपाल का संवैधानिक दायित्व है। इसे केवल चुनाव या जमानत पर सुनवाई की टाइमिंग या इस बिना पर भी स्थगित नहीं किया जा सकता कि ये आरोप किसी खास संगठन की तरफ से लगाए जा रहे हैं।

## चिंतन-मनन

### दौलत की चाह

संत जुनैद की एक झलक पाने और उनसे ज्ञान की बातें सुनने के लिए लोग बेकरार रहते थे। पर जुनैद दुनियावी चीजों से तटस्थ और निर्लिप्त रहते थे। वह खाने-पीने और अपने कपड़े से भी बेपरवाह रहते थे। वह हर समय घूमते रहते थे। जहां भी रात होती वह वहीं टिक जाते। एक बार वह एक बड़े शहर के बाहर रुके तो शहर के जाने-माने एक सेठ उनके दर्शन के लिए आ पहुंचे। वह अपने साथ ढेर सारी स्वर्ण मुद्राएं लेकर आए थे।

उन्होंने उसकी थैली जुनैद के चरणों में रख दी और हाथ जोड़कर खड़े हो गए। जुनैद ने थैली पर नजर डाली, फिर मुस्कराते हुए पूछा-क्या इसके अलावा भी आपके पास और दौलत है? सेठ जी ने प्रसन्न होकर सोचा कि जुनैद को और भी धन चाहिए। सेठ ने कहा-मेरे पास तो इससे कई गुना धन-संपत्ति और है। सेठ ने पूछा-क्या आप और दौलत पाने की ख्वाहिश रखते हैं? सेठ ने कहा- हां, हां क्यों नहीं, अब इतने से क्या होता है। थोड़ी और दौलत मिल जाए तो जिंदगी बेहतर हो जाएगी।

जुनैद ने कहा- तब तो ये दौलत भी आप ही रख लीजिए। इसकी असल जरूरत तो आपको ही है। आपको और धन-संपत्ति चाहिए। इतना आप मुझे ही दे देंगे तो आपका खजाना थोड़ा खाली हो जाएगा। जिसके पास सब कुछ हो लेकिन और पाने की चाह हो, उसके दान का भी कोई अर्थ नहीं है। यह सुनकर सेठ जी लज्जित हो गए। उन्होंने जुनैद से वादा किया कि वह अब और दौलत के पीछे नहीं भागेंगे.

# मिलावट का कहर, स्वास्थ्य के लिये जहर



ललित गर्ग

भारतीय मसालों की गुणवत्ता की साख जब दुनिया में धुंधली हुई है, मिलावटी मसालों पर देश से दुनिया तक बहस छिड़ी हुई है, तब दिल्ली में मिलावट के एक बड़े मामले का पदार्पाश होना न केवल चिंताजनक है बल्कि दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर भारत के लिये शर्मनाक है। भारत में मिलावट का मामला मसालों तक ही सीमित नहीं है। मिलावटखोरों ने दवाइयों, तेल, घी, दूध, मिठाइयों से लेकर अनाज तक किसी चीज को नहीं छोड़ा है। हर साल त्योहारों पर देशभर से मिलावटी मावा और मिलावटी मिठाइयों की खबरे आती हैं। प्रश्न है कि आखिर मिलावट का बाजार इतना धडल्ले से क्यों पनप रहा है, क्यों सिस्टम लाचार है, मिलावटखोरी का अंत क्यों नहीं हो पा रहा है? लोकसभा चुनाव के दौरान मिलावट की त्रासद एवं जानलेवा घटनाओं का उजागर होना, क्यों नहीं चुनावी मुद्दा बनता?

कह तो सभी यही रहे हैं--ह्वबाकी सब झूठ है, सच केवल रोटी है।ह्न लेकिन इस बड़े सच रोटी यानी पेट भरने की खाद्य-सामग्री को मिलावट के कारण दूषित एवं जानलेवा कर दिया गया है। देश में खाद्य पदार्थों में मिलावट मुनाफाखोरी का सबसे आसान जरिया बन गई है। खाने-पीने की चीजें बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं हैं। किसी भी वस्तु की शुद्धता के विषय में हमारे संदेह एवं शंकाएं बहुत गहरा गयी हैं। मिलावट का धंधा शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक भी फैला हुआ है और इसकी जड़ें काफी मजबूत हो चुकी हैं। जीवन कितना विषम और विषभरा बन गया है कि सभी कुछ मिलावटी है। सब नकली, धोखा, गोलमाल ऊपर से सरकार एवं संबंधित विभाग कुंभकरणी निद्रा में है। मिलावटी खाद्य पदार्थ धीमे जहर की तरह हैं। ये दिल और दिमाग से जुड़ी बीमारियों, अल्सर, कैंसर वगैरह की वजह बन सकते हैं। खाने वालों को आभास भी नहीं होता कि वे धीरे-धीरे किसी गंभीर बीमारी की ओर जा रहे हैं। वे किसी पर भरोसा कर कुछ खरीदते हैं और मिलावटखोर तमाम कानून बने होने एवं प्रशासन की सक्रियता के बावजूद इस भरोसे को तोड़ रहे हैं। उनकी वजह से दूसरे देशों का भी भरोसा भारतीय उत्पादों पर कम होने की स्थितियां बनती जा रही है। कुछ दिनों पहले ही हांगकांग और सिंगापुर ने लिमिट से ज्यादा पेस्टिसाइड का आरोप लगाकर दो भारतीय ब्रैंड के कुछ मसालों को बैन किया था। अगर ऐसा हुआ तो इनके निर्यात से करोड़ों डॉलर की आमदनी पर आंच आएगी।

मिलावट करने वालों को न तो कानून का भय है और न आम आदमी की जान की परवाह है। दुखद एवं विडम्बनापूर्ण तो ये स्थितियां हैं जिनमें खाद्य वस्तुओं में मिलावट धडल्ले से हो रही है और सरकारी एजेन्सियां इसके लाइसैंस भी आंख मूंदकर बांट रही है। जिन सरकारी विभागों पर खाद्य पदार्थों की क्वॉलिटी बनाए रखने की जिम्मेदारी है वे किस तरह से लापरवाही बरत रही है, इसका परिणाम आये दिन होने वाले फूड प्वाइजनिंग की घटनाओं से देखने को मिल रहे हैं। मिलावट के बहुरुपिया रावणों ने खाद्य बाजार जकड़ रखा है। मिलावट का कारोबार अगर फल-फूल रहा है, तो जाहिर है कि इसके खिलाफ जंग उस पैमाने पर नहीं हो रही है, जैसी होनी चाहिए। इस मामले में भारत अपने पड़ोसी देश बांग्लादेश से कुछ सबक ले सकता है, जिसने हल्दी में लेड की मिलावट पर काबू पा लिया। मिलावटखोर हल्दी की चमक बढ़ाने के लिए लेड का इस्तेमाल करते हैं और यह समस्या पूरे दक्षिण एशिया की है। मिलावट सबसे बड़ा खतरा है। मारने वाला कितनों को मारेगा? एक आतंकवादी स्वचालित हथियार से या बम ब्लास्ट कर अधिक से अधिक सौ दो सौ को मार देता है। लेकिन खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वाला हिंसक एवं दरिंदा तो न जाने कितनों को मृत्यु की नींद सुलाता है, कितनों को अपंग और अपाहिज बनाता है। इन हिंसक, क्रूर एवं मुलाफाखोरों पर लगाम न लगने की एक वजह यह भी है कि ऐसा करने वालों को लगता है, इससे होने वाले मुनाफे की तुलना में मिलने वाली सजा बहुत कम है। जाहिर है, सजा कड़ी करने के साथ ही यह भी पक्का करना होगा कि दोषी किसी तरह से बच न निकलें। यही नहीं, लोगों को पता होना चाहिए कि मिलावट की शिकायत कहां करनी है। हमारे प्रयासों में कमी न रहे, तभी यह काला धंधा रुक सकेगा। कारोबार में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण मिलावट हर जगह देखने को मिलती है। कहीं दूध में पानी की मिलावट होती है, तो कहीं मसालों में रंगों की। दूध, चाय, चीनी, दाल, अनाज, हल्दी, फल, आटा, तेल, घी आदि ऐसी तमाम तरह की घरेलू उपयोग की वस्तुओं में मिलावट की जा रही है। यानी, पूरे पैसे खर्च करके भी हमें शुद्ध खाने का सामान नहीं मिल पाता है। मिलावट इतनी सफाई से होती है कि असली खाद्य पदार्थ और मिलावटी खाद्य पदार्थ में फर्क करना मुश्किल हो जाता है। जीवन मूल्यहीन और दिशाहीन हो रहा है। हमारी सोच जड़ हो रही है। मिलावट, अनैतिकता और अविश्वास के चक्रव्यूह में जीवन मानो कैद हो गया है। घी के नाम पर चर्बी, मक्खन की जगह मार्गरीन, आटे में सेलखड़ी का पाउडर, हल्दी में पीली मिट्टी, काली मिर्च में पपीते के बीज, कटी हुई सुपारी में कटे हुए छुहारे की गुठलियां मिलाकर बेची जा रही हैं। दूध में मिलावट का कोई अंत नहीं। नकली मावा बिकना तो आम बात है। राजस्थान और गुजरात में चल रहा नकली जीरे का कारोबार अब दिल्ली एवं देश के अन्य हिस्सो तक पहुंच गया है। दिल्ली में पहली बार पकड़ी गई नकली जीरे की खेप ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। भारत के लोगों को न शुद्ध हवा मिल रही है और न शुद्ध पानी और न ही शुद्ध खाने का निवाला, कैसी अराजक शासन व्यवस्था है?

मिलावट के कारण हम एक बीमार समाज का निर्माण कर रहे हैं। शरीर से रुग्ण, जीर्ण-शीर्ण मनुष्य क्या सोच सकता है और क्या कर सकता है? क्या मिलावटखोर परोक्ष रूप से जनजीवन की सामूहिक हत्या का षड्यंत्र नहीं कर रहे? हत्यारों की तरह उन्हें भी अपराधी मानकर दंड देना अनिवार्य होना चाहिए। मिलावट एक ऐसा खलनायक है, हत्यारी प्रवृत्ति है, जिसकी अनदेखी जानलेवा साबित हो रही है। चाहे प्रचलित खाद्य सामग्रियों की निम्न गुणवत्ता या उनके जहरीले होने का मतलब इंसानों की मौत भले ही हो, पर कुछ व्यापारियों एवं सरकारी अधिकारियों के लिए शायद यह अपनी थैली भर लेने का एक मौका भर है।

# चुनाव : राष्ट्र प्रथम की भावना से लड़ें और जीतें



अखिलेश आर्येन्दु

चुनावी मौसम में वेद शास्त्रों और आचार्य चाणक्य के राष्ट्रपरक नीति वचन की याद आना लाजिमी है जिसमें कहा गया है कि जनता ऐसे दूरदर्शी, त्यागी, नीतिवान और चरित्रवान व्यक्ति का चुनाव करे जिसमें देश को बेहतरी की तरफ ले जाने और दुनिया में सम्मान दिलाने की क्षमता हो। एक नागरिक का कर्त्तव्य अपने देश के प्रति कैसा होना चाहिए? इस पर चाणक्य का कहना है, कर्त्तव्य को विवेक से करना नीतिवान मनुष्य का प्रथम कर्त्तव्य है। चाणक्य इसी संदर्भ में कहते हैं- भली प्रकार सोच-विचार कर या अवसर को पहचानने के बाद ही कोई निर्णय लेना चाहिए।

पांच साल के बाद जनता को अवसर मिलता है कि निवर्तमान सरकार के कायरे, नीतियों और निर्णयों का बेहतर मूल्यांकन कर नई सरकार के लिए बगैर किसी लालच खूब सोच-समझ कर अपना मत दे यानी ईवीएम का बटन दबाए। तमाम तरह के सर्वे समझाने की कोशिश करते रहे हैं कि आम चुनाव में भी क्षेत्रीय मुद्दे और जात-पात की मानसिकता हावी है। हम मतदाता अपने नागरिक कर्त्तव्यों को बेहतर सोच और परिणाम के साथ निभाने में हमेशा पीछे रहते हैं, वरना क्या वजह है कि दुनिया के तमाम देशों में जहां सरकार बनाने के लिए अस्सी-नब्बे प्रतिशत मतदान होता है वहीं भारत में पचास या साठ के आसपास। ताजा सर्वेक्षण तस्दीक करते हैं कि देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के बनिस्बत महंगाई और बेरोजगारी को तरजीह दी जा रही है यानी आतंक, धारा 370, समान नागरिक संहिता (कानून), विदेशी घुसपैठ जैसे राष्ट्रीय सुरक्षा और अस्मिता के मुद्दे ज्यादातर लोगों के लिए अहमियत नहीं रखते यानी राष्ट्र प्रथम के ऊपर महंगाई और बेरोजगारी भारी पड़ रही है।

बेहतर शासन की कवायद की जगह आरक्षण और संविधान बचाने के सब्जबाग लोगों को शायद ज्यादा अपील कर रहे हैं। ऐसा है तो भारत जैसे राष्ट्रीय गौरव-गरिमा और सांस्कृतिक चेतना की पहचान रखने वाले देश के लिए चिंता की बात मानी जाएगी क्योंकि न तो निवर्तमान सरकार आरक्षण खत्म करने जा रही है, और न संविधान ही बदला जाएगा। यह एनडीए के घोषणापत्र में प्रमुखता से उल्लेख किया गया है। राजनीति के जानकारों की मानें तो यह भी हो सकता है कि कुछ लोगों के निहित स्वार्थ केंद्र और राज्य सरकार चुनते समय राष्ट्रीय मुद्दों से दूर रखने का कार्य कर रहे हों। लोग अपने जातिगत, मजहबगत और क्षेत्रगत भावनाओं से ऊपर निकलना न चाह रहे हों यानी व्यक्तिगत निहित स्वार्थ न पूरा हो पाने के कारण बहुत छोटे-मोटे मनमुटाव मतदान से दूर हों, या गर्मी की वजह भी लोगों को मतदान करने में रुकावट पैदा कर रही हो।

दरअसल, राष्ट्रवादी भावना का उद्वेग भारत में खास मौकों पर ही देखा जाता है। आजादी के बाद पिछले 76 वर्षों में राष्ट्र प्रथम के कर्त्तव्यबोध का संचार सतत राष्ट्र जागरण के तौर पर हुआ ही नहीं। जैसे दुनिया के तमाम देशों में हुआ। यही वजह है कि राष्ट्रभाषा, राष्ट्र सुरक्षा, राष्ट्र निर्माण और राष्ट्रहित पर केंद्रित चुनाव हुए ही नहीं। देश-दुनिया में जैसी भारत की साख है, उस पर केंद्रित राष्ट्रीय अस्मिता और राष्ट्र चेतना से ताल्लुक रखने वाले मुद्दे अब न नारों में सुनाई पड़ते हैं, और न दलों के चुनावी घोषणापत्रों में। हां, खुद को राष्ट्रवादी दल कहने वाले दलों के चुनावी घोषणापत्र में इस पर चर्चा जरूर शामिल है। व्यक्ति, परिवार और जाति-मजहब केंद्रित दलों की स्वार्थवादी सोच ने भारत की साख, शक्ति और अस्मिता के सवालों को कभी तवज्जो दी ही नहीं। इसका परिणाम यह हुआ कि व्यक्तिगत हितसाधन और महज आत्म-केंद्रित क्षुद्र स्वाथरे की ही पूर्ति होती रही। राष्ट्र प्रथम के बारे में सोचा ही नहीं गया। इससे आंचलिक क्षत्रपों के पारिवारिक और सामाजिक हितसाधन होते रहे, लेकिन राष्ट्र और सर्वहित हमेशा पीछे छूटता रहा।

मूल्याधारित राजनीति अब बीते जमाने की बात हो चुकी है। इसलिए राजनीतिक दलों से मूल्याधारित राजनीति और बेदाग छवि वाले नेताओं के नेतृत्व की आशा भी नहीं की जा सकती। यही वजह है कि दागदार नेताओं की बड़ी तादाद भारतीय राजनीति का हिस्सा बन चुकी है, और उनके खिलाफ कोई आक्रोश कहीं दिखाई नहीं दे रहा। आज का भारतीय समाज अर्थ केंद्रित है। गुण, ज्ञान, अनुभव और प्रतिभा का मूल्यांकन अच्छी नौकरी पाने या व्यापार में खूब मुनाफा कमाने तक सीमित हो गया है। यही वजह



है कि आम चुनाव में विपक्ष द्वारा बार-बार सब को नौकरी देने जैसे असंभव माने जाने वाले कार्य को हवा दी जा रही है। रेवड़ियों को बांटने और किसानों की कर्जमाफी के जो वादे किए जा रहे हैं, वे सत्ता हथियाने के हथियार ही नजर आ रहे हैं।

यदि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की बात कही जा रही है तो उन सभी मुद्दों, समस्याओं, विसंगतियों और खामियों पर ईमानदारी से गौर करना होगा जो भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में रुकावट हैं। बढ़ती आबादी, घटते संसाधन और लोगों की अति महत्त्वाकांक्षा को पूरा करने की चुनौती केंद्र में आने वाली सरकार के सामने होगी ही। ऐसे में संकीर्ण दायरों और सोच से बाहर आना होगा। तभी भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र के रूप में दुनिया को अपनी ताकत का अहसास करा सकेगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि सभी राजनीतिक दल राष्ट्र प्रथम की भावना से चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे भी।



मास्टर स्तर पर रोजगार से सीधे-सीधे रिश्ता जोड़ने में जिन कोर्स ने अपनी पहचान बनाई है, उनमें एमआईबी भी एक है. एमआईबी का मतलब है मास्टर ऑफ इंटरनेशनल बिजनेस. करीब 15 साल पहले शुरू किया गया यह कोर्स दिल्ली विश्वविद्यालय में खासा लोकप्रिय हो रहा है.

## विश्व बाजार में नेतृत्व का हुनर सिखाए

# एमआईबी

मास्टर स्तर पर जिन छात्रों को रोजगार की जरूरत होती है वे इस कोर्स में दाखिले का दरवाजा खटखटाते हैं. यह कोर्स छात्रों को वैश्विक अर्थव्यवस्था में कॉरपोरेट जगत से रिश्ते बनाने का हुनर सिखाता है. इसके जरिए छात्रों में न सिर्फ ग्लोबल बिजनेस की गति को पहचानने की क्षमता ही नहीं बल्कि उसकी समझ, विश्लेषण और कम्युनिकेशन स्किल भी पैदा किया जाता है. इसके लिए लेक्चर, ट्यूटोरियल, केस स्टडीज, सेमिनार, बिजनेस गेम्स और अन्य आधुनिक तरीकों का सहारा लिया जाता है. इसके बाद कैट के स्कोर के आधार पर छात्रों को दाखिले की प्रक्रिया में शामिल होने का मौका मिलेगा.

### कोर्स प्रोफाइल

दो साल के इस कोर्स में चार सेमेस्टरों में छात्रों को बिजनेस मार्केटिंग स्किल, वैश्विक बिजनेस के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक पहलू के साथ ही अन्य बातों के बारे में बताया जाता है. विश्व बाजार में चल रही प्रतिस्पर्धा, उससे निपटने की रणनीति, मानव संसाधन के बेहतर उपयोग, उसके लिए नवीनतम ज्ञान और तकनीक के इस्तेमाल की जानकारी दी जाती है.

एक कुशल प्रबंधक के लिए क्या-क्या जरूरी हैं, बिजनेस लीडर बनने के लिए किन-किन गुणों पर विशेष ध्यान देना चाहिए, इसकी जानकारी दी जाती है. सिर्फ थ्योरी स्तर पर ही नहीं, इसके लिए उसे केस स्टडीज, सेमिनार, पेपर प्रजेन्टेशन और कार्यशाला का भी काम करना होता है. समूह के बीच काम करने और कंपनी के सामने बाजार की विभिन्न चुनौतियों से निपटने के तत्वों के बारे में भी बताया जाता है. निर्णय लेने की क्षमता की परख की जाती है. उसके लिए आवश्यक हुनर से भी लैस किया जाता है. यही नहीं, कोर्स के अंदर बेहतर शिक्षा और प्रशिक्षण मिले, इसके लिए छात्र-शिक्षक का अनुपात 13.1 रखा गया है. केस स्टडीज के तहत प्रतिभागी को एक मैनेजर के रूप में काम करना होता है. वह अपने आइडिया और समस्याएं तथा समकालीन मामलों को भी सामने रखता है.

### क्या कहते हैं छात्र

एमआईबी के पूर्व छात्र रूपेश गांगुली इसे रोजगार के लिहाज से मैनेजमेंट प्रोग्राम सरीखा मानते हैं. गांगुली ने बताया कि रामजस कॉलेज से बीएससी करने के बाद जेएनयू एमएससी इनफॉम्रेटिक्स साइंस में दाखिला लिया. वहां से कोर्स करने के बाद रोजगार को ध्यान में रखते हुए इसकी तैयारी की और प्रवेश परीक्षा में सफल हुआ. यह कोर्स सभी विषय के छात्रों को अवसर दिलाने में कामयाब है. यह सभी वर्ग और पृष्ठभूमि के छात्रों को आगे आने और दाखिला पाने का मौका देता है. यह अंग्रेजी और हिन्दी माध्यम वाले छात्रों के सपने को भी साकार करता है. इसकी फीस भी मैनेजमेंट प्रोग्राम से काफी कम है. फीस के लिए बैंक लोन भी मुहैया कराते हैं. प्लेसमेंट छात्रों के लिए अक्टूबर के मध्य में बड़ी-बड़ी कंपनियों के साथ एक प्लेसमेंट का कार्य भी आयोजित किया जाता है. इनमें विभिन्न निजी कंपनियां आती हैं. प्लेसमेंट के लिए अल्यूमनाई की विशेष भागीदारी होती है.

# दंत चिकित्सा

## कमाई का सदाबहार क्षेत्र

सुंदर और स्वस्थ दिखने की प्रतिस्पर्धा में लोग आज सुंदर चेहरे के साथ-साथ चमकदार दांत भी चाहते हैं. मेडिकल क्षेत्र में रुचि लेने वाले युवाओं के लिए आज यह बेहतरीन करियर विकल्प है.



हमारे देश में अधिकतर लोग दांतों की बीमारियों से त्रस्त हैं. लोगों को अपने दांतों और मसूढ़ों को स्वस्थ रखने के लिए जिस अनुपात में चिकित्सकों की जरूरत है, वे हैं नहीं! आज भी दंत चिकित्सक बड़े शहरों और नगरों में ही मुख्य तौर पर उपलब्ध हैं. ऐसे में, यदि डेंटिस्ट बनकर अपना करियर संवारा जाए तो यह बेहतर विकल्प हो सकता है.

**योग्यता** – डेंटिस्ट बनने के लिए फिजिक्स, केमेस्ट्री और बायोलॉजी विषय के साथ कम से कम 50 फीसद अंकों के साथ 12वीं उत्तीर्ण होना जरूरी है. इसके बाद केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से आयोजित नीट यानी नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट पास करना होता है. टेस्ट में ऑब्जेक्टिव टाइप के 180 प्रश्न होते हैं. ये प्रश्न बायोलॉजी, जूलोजी, फिजिक्स और केमेस्ट्री से होते हैं.

इस परीक्षा में सफल होने के बाद ही उम्मीदवार को डेंटल कॉलेज में चार वर्षीय ऑल बैचलर ऑफ डेंटल सर्जरी (बीडीएस) में दाखिले का मौका मिलता है. यह कोर्स और प्रवेश परीक्षा डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त है. इसके अलावा, राज्य स्तर पर भी परीक्षाओं के माध्यम से बीडीएस में प्रवेश पाया जा सकता है. डिग्री हासिल करने के बाद पांचवें साल में एक साल की इंटर्नशिप होती है. यह कोर्स का अनिवार्य हिस्सा है.

**स्पेशलाइजेशन** – बीडीएस कोर्स करने के बाद स्पेशलाइजेशन और गहन चिकित्सा का ज्ञान हासिल करने के लिए एमडीएस में भी प्रवेश जरूरी है. मास्टर ऑफ डेंटल सर्जरी में भी दाखिला प्रवेश परीक्षा के जरिए मिलता है. एमडीएस में स्पेशलाइजेशन विभिन्न तरह के हैं. इनमें इंडोडांटिक्स, ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल पैथोलॉजी, ओरल सर्जरी, ऑर्थोडोनटिक्स, पेडोडोंटिक्स, पेरिडोंटिक्स एवं प्रोस्थोडोंटिक्स जैसे क्षेत्र शामिल हैं. इनमें से किसी एक क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल करनी होती है. दंत चिकित्सा में विशेषज्ञ बनने के लिए इससे जुड़े प्रैक्टिस प्रोग्राम और देश-दुनिया में हो रहे नए प्रयोग, अनुसंधान और इलाजों की भी जानकारी रखनी होती है. डिग्री हासिल करने के बाद कई तरह के सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कोर्स भी किया जा सकता है, जिससे दंत चिकित्सा के बारे में जानकारी अपडेट की जा सके.

**फीस** – सरकारी डेंटल कॉलेजों में बीडीएस कोर्स करने की फीस करीब एक लाख रुपये है लेकिन परेशानी की बात यह है कि देश में डेंटल कॉलेजों की संख्या काफी कम है. निजी कॉलेजों में चार साल की फीस 10 लाख रुपये से ऊपर है. एमडीएस कोर्स की फीस भी सरकारी में काफी कम है लेकिन निजी कॉलेजों में विभिन्न स्पेशलाइज्ड विभाग की अलग-अलग है. यह 25 लाख रुपये से ऊपर जाती है. गरीब वर्ग के जो छात्र मेरिट में आते हैं, उनके लिए सरकारी मेडिकल कॉलेजों में स्कॉलरशिप की व्यवस्था है.



**अवसर** – वर्तमान में देश में डेंटल सर्जन की सार्वजनिक और निजी, दोनों क्षेत्रों में काफी मांग है. आज पूरे देश में निजी अस्पतालों का जाल बिछ चुका है. इनमें बेहतर पैकेज और सुविधा के साथ दंत चिकित्सकों को नियुक्त किया जा रहा है. इसी तरह, निजी नर्सिंग होम और सरकार के बड़े डिस्पेंसरी में भी दंत चिकित्सक नियुक्त किये जा रहे हैं. सरकारी अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों के अलावा रेलवे और रक्षा क्षेत्रों द्वारा संचालित अस्पतालों में डेंटिस्ट की नियुक्तियां करती हैं. टूथ पेस्ट बनाने और मसूढ़ों की देखरेख करने वाली कंपनियां अपने यहां ऐसे लोगों को बतौर विशेषज्ञ नियुक्त कर रही हैं. इसके अलावा, स्वरोजगार के तौर पर निजी क्लीनिक भी खोल सकते हैं. दंत चिकित्सा में उच्च शिक्षा हासिल करने के बाद अध्यापन कार्य से भी जुड़ सकते हैं. दंत चिकित्सा को लेकर यहां रिसर्च भी कर सकते हैं.

**कॉलेज** – मेडिकल कॉलेज मौलाना आजाद डेंटल कॉलेज, नई दिल्ली फैकल्टी ऑफ डेंटिस्टी, जामिया मिलिया इस्लामिया, दिल्ली ईएसआई सी डेंटल कॉलेज, इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय, दिल्ली आर्मी कॉलेज ऑफ डेंटल साइंस, सकिंदराबाद गवर्नमेंट डेंटल कॉलेज, अहमदाबाद डेंटल कॉलेज, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय डॉ आर. अहमद डेंटल कॉलेज, कोलकाता

**वेतनमान** – दांतों के डॉक्टर का शुरुआती वेतनमान सरकारी अस्पताल में 50 हजार रुपये से ज्यादा है. जैसे-जैसे अनुभव में इजाफा होता जाता है, वेतन में बढ़ोतरी होती जाती है. सीनियर डॉक्टर के रूप में वेतनमान डेढ़ लाख से ऊपर है. इसी तरह, निजी कॉलेजों में कमाई क्लीनिक चलने पर है. यह लाख रुपये से दस लाख रुपये तक हो सकती है. इसमें खासी मेहनत और पहचान की जरूरत पड़ती है.

# बनें सेना में कानूनविद

यदि आप लॉ जानते हैं तो सेना में भी करियर बनाया जा सकता है. भारतीय सेना में जज एडवोकेट जनरल (जेएजी) डिपार्टमेंट में भी काफी संख्या में भर्तियां होती हैं. यहां लॉ से ग्रेजुएट करने के बाद नौकरी मिलती है.



### क्या है जेएजी

जज एडवोकेट जनरल डिपार्टमेंट को जेएजी नाम से जाना जाता है. इसमें योग्य आर्मी ऑफिसर लिये जाते हैं जो सेना के कानूनों के जानकार होते हैं और सेना को सभी तरह की कानूनी सहायता करते हैं.

**योग्यता** – भारतीय सेना हर साल लॉ ग्रेजुएट की भर्ती के लिए अधिसूचना जारी करती है. सेना से संबंधित डिपार्टमेंट ऑफ लीगल एडवोकेट जनरल द्वारा शॉर्ट सर्विस कमीशन के लिए 21 से 27 वर्ष के बीच की उम्र वाले अभ्यर्थी ही पात्र हैं. इसमें विवाहित/अविवाहित दोनों तरह के अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं और इन पदों पर पुरुष और महिला, दोनों की भर्ती होती है. अभ्यर्थी के पास एलएलबी में कम से कम 55 फीसद अंक होना चाहिए और यह ग्रेजुएशन के बाद तीन वर्षीय या बारहवीं के बाद पांच वर्षीय डिग्री हो. इसके अलावा, अभ्यर्थी बार काउंसिल ऑफ इंडिया से भी रजिस्टर्ड होने चाहिए. इसके अलावा हाइट, वेट, टैटू आदि पर भी ध्यान दिया जाता है.

### ध्यान रखें

जो भी अभ्यर्थी इस फील्ड में आने की चाहत रखते हैं, वे खुद को फिजिकली फिट रखें. वे पंद्रह मिनट में 2.4 किलोमीटर दौड़ सकते हों. साथ ही उन्हें पुशअप, सिटअप्स, चिनअप्स और रस्सीकूद आदि आती हो.

### चयन प्रक्रिया

इसमें चयन प्रक्रिया काफी लंबी होती है और यह पांच दिनों की होती है. इसके लिए कोई लिखित परीक्षा नहीं होती. पहले दिन साइकोलॉजिकल एप्टीटयूड टेस्ट होता है. इन पांच दिनों में अभ्यर्थी का मेरिट का प्रदर्शन, प्रैक्टिकल और प्रॉब्लम को हल करने की क्षमता, मेडिकल टेस्ट आदि प्रक्रियायें पूरी होती हैं. हर दिन की समाप्ति पर कुछ लोगों के समूह को अगले राउंड के लिए चुना जाता है और बाकी को चयन प्रक्रिया से बाहर कर दिया जाता है. इस प्रक्रिया में तीन चरण अपनाए जाते हैं- स्क्रीनिंग, रिकमेंडेशन और मेडिकल टेस्ट. अभ्यर्थी को कई टेस्ट से गुजरना पड़ता है. इसके बाद उनकी स्क्रीनिंग होती है और फिर अगले चरण के लिए शार्ट लिस्ट किया जाता है. इंटरव्यू की कई प्रक्रियाओं और फिजिकल टेस्ट भी आयोजित किया जाता है. इसमें सफल होने वाले अभ्यर्थी की मेडिकल जांच की जाती है और डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन होता है.

**प्रशिक्षण** – चयनित अभ्यर्थियों को चेन्नई स्थित ऑफीसर्स ट्रेनिंग एकेडमी में प्रशिक्षण प्राप्त करना होता है, जो 49 हफ्तों का होता है. इसे सफलतापूर्वक करने के बाद अभ्यर्थियों को कमीशन मिलता है और उनकी नियुक्ति बतौर लेफ्टिनेंट होती है. प्रशिक्षण के दौरान अभ्यर्थी न तो शादी कर सकते हैं और न ही अपने माता-पिता के साथ रह सकते हैं. प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को मद्रास विश्वविद्यालय की ओर से पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन डिफेंस मैनेजमेंट एंड स्ट्रेटजिक स्टडीज की डिग्री प्रदान की जाती है.

**नियुक्ति** – ऑफिसर्स के शॉर्ट सर्विस कमीशन में आने पर रेग्युलर आर्मी में नौकरी 14 वर्ष की होती है. पहले उन्हें दस साल तक नौकरी पर रखा जाता है. इसके पूरा होने पर चार साल और बढ़ाये जाते हैं.

**आवेदन** – योग्य अभ्यर्थी आर्मी द्वारा घोषित नोटिफिकेशन में दिए गए फार्मेट को सादे कागज पर लिख कर आवेदन कर सकता है. आवेदन डार्योक्टोरेट जनरल ऑफ रिक्रूटिंग को दिल्ली स्थित आर्मी हेडक्वार्टर्स के पते पर भेजे जाने होते हैं.

## पैरा-मैडीकल कोर्सेज में

# संवारें कॅरिअर

यदि आपकी बारहवीं परीक्षा की श्रेणी या अंक बहुत अच्छे नहीं हैं तो निराश होने की आवश्यकता नहीं है। इसकी वजह यह है कि पैरा-मैडीकल कोर्सेज में प्रवेश के लिए सी.पी.एम.टी. जैसी कठिन प्रवेश परीक्षा नहीं देनी होती। डॉक्टर जब मरीज को देख लेता है उसके बाद (कुछ मामलों में डाक्टर से पहले भी) सारा काम पैरा-मैडीकल के लोग ही संभालते हैं।



मरीज के खून, पेशाब, बलगम, वीर्य, टिश्यू आदि की जांच करनी हो, उसका एक्स-रे, ई.सी.जी., ई.ई.जी., एम.आर.आई., अल्ट्रा साऊंड, सी.टी. स्कैन, टी.एम.टी.,पी.एफ.टी., मैमोग्राफी आदि इंजैक्शन व दवा देनी हो तथा इसके अलावा भी अनेक ऐसे काम हैं जिसे पैरा-मैडीकल स्टाफ ही करता है। आप्रेशन करते समय एक डाक्टर को असिस्ट करने के लिए पैरा-मैडीकल स्टाफ होता है। मैडीकल फील्ड का लगभग सारा टैक्निकल स्टाफ पैरा-मैडीकल के अंतर्गत ही आता है। इसके तहत प्रमुख कोर्स व संबंधित कार्य इस प्रकार हैं- मैडीकल लैब टैक्नोलॉजी, एक्स-रे टैक्नोलॉजी एंड रेडियोलॉजी/रेडियोग्राफी, ऑप्टोमीट्री या ऑप्थाल्मिक टैक्नोलॉजी, प्रॉस्थैटिक एवं ऑथोटिक इंजीनियरिंग, फिजियोथैरिपी एंड ऑकुपेशनल थैरेपी, डैंटिस्ट असिस्टैंट, स्पीच थैरेपी एंड ऑडियोलॉजी, क्लीनिकल चाइल्ड डिवैल्पमैंट, रिहैबिलिटेशन, मैडीकल ट्रांसक्रिप्शन, कम्युनिटी हैल्थ वर्कर्स कोर्स (मेल/फीमेल/मल्टीपर्पज़) ऑप्रेशनल थैरेपिस्ट असिस्टैंट/ ऑप्रेशन थिएटर असिस्टैंट व टैक्नीशियन कोर्स, कॉर्डियोलॉजी टैक्नीशियन कोर्स, सी.टी. स्कैन टैक्नीशियन कोर्स।

इनके साथ ही फॉर्मेसी, नर्सिंग एवं मिडवाइफरी तथा साइकोलॉजी की गणना भी पैरा-मैडीकल के अंतर्गत ही की जाती है। उपरोक्त सभी कोर्सों में सर्टीफिकेट, डिप्लोमा, बी.एससी., एम.एससी., बैचलर या मास्टर डिग्री विभिन्न मान्यता प्राप्त संस्थानों में प्रदान की जाती है।

## संक्षिप्त

### ट्रक ने बाइक सवार को कुचला, एक की मौत



**फुलपरास (मधुबनी)।** थाना क्षेत्र के पुरवारी टोल के निकट एनएच 57 पर बुधवार को बेकाबू ट्रक ने बाइक सवार को कुचल दिया। घटना में जहां एक की मौत हो गयी वहीं दूसरा गंभीर रूप से जख्मी हो गया। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के महिन्दवार गांव निवासी प्रीतम मुखिया (45) के रूप में हुई है जबकि जख्मी उनके पड़ोसी दीपक कुमार मुखिया है। मिली जानकारी के अनुसार सुबह में अपने पड़ोसी भतीजा दीपक के साथ बाइक पर सवार होकर किसी रिश्तेदार के घर नरहिया जा रहा था, उसी दौरान फुलपरास पुरवारी टोल के समीप एनएच 57 पर तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया जिससे उनकी मौत घटनास्थल पर ही हो गयी और जख्मी को स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। चिकित्सकों ने इलाज के बाद जख्मी को खतरे से बाहर बताया है। दुर्घटना के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल मधुबनी भेज दिया गया। मृतक के घर कोरामह मच गया। पत्नी व परिजनों का अस्पताल में रो-रोकर हाल बुरा हो रहा था। थानाध्यक्ष पवन कुमार सिंह ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को जब्त कर लिया गया है और मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है

### ठनका से तीन की मौत, चार बच्चियां घायल

**सीतामढ़ी/मोतिहारी।** बुधवार को ठनका गिरने से सीतामढ़ी, शिवहर व मोतिहारी में तीन की मौत हो गयी। चार बच्चियां घायल हो गयीं। सीतमढ़ी के रून्नीसैदपुर में आम का टिकोला चुन रहीं बच्चियों पर वज्रपात हुआ। इसमे एक बच्ची गिद्धा गांव के जयलाल महतो की पुत्री दौलत कुमारी (12) की मौत हो गयी। उसकी सगी बहन स्नेहा कुमारी, दुर्गा कुमारी व पड़ोस के रविंद्र महतो की पुत्री शिवदुलारी कुमारी एवं मुस्कान कुमारी गंभीर रूप से जख्मी हो गयीं। वहीं शिवहर सीओ अनामिका कुमारी ने बताया कि उधर शिवहर में शौच को गये उकनी गांव के विश्वनाथ साह के पुत्र सुरेंद्र साह (35) की मौत व्रजपात से हो गई। मोतिहारी के लखौरा थाने के बहुअरी में सरेह में बकरी चराने गयी रिंकी कुमारी की मौत ठनका से हो गयी।

### रेल ट्रैक पर गिरा पेड़, बची वंदे भारत एक्सप्रेस

**सिमुलतला (जमुई)।** जसीडीह-झाझा मुख्य रेल खंड पर स्थित टेलवा बाजार हॉल्ट के समीप अप ट्रैक पर मंगलवार देर शाम आंधी के दौरान एक खजूर का पेड़ गिर जाने से बड़ा हादसा होते-होते बचा। जानकारी के अनुसार वंदे भारत एक्सप्रेस टेलवा बाजार हॉल्ट क्रॉस कर रही थी तभी अप ट्रैक पर पेड़ गिरा देखकर चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक दिया। इसके बाद चालक सहित अन्य रेलकर्मी की मदद से खजूर का पेड़ हटा कर ट्रेन को आगे बढ़ाया गया।

### घर से भागी युवती ने ट्रेन में खाया जहर

**समस्तीपुर।** प्रेम-प्रसंग में घर से भागी युवती ने ट्रेन में कीटनाशक खा लिया। इसके बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए ट्रेन के समस्तीपुर जंक्शन पर पहुंचने पर उसे रेलवे अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए उसे सदर अस्पताल भेज दिया गया है। उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार लड़की मंगलवार को अपने प्रेमी के साथ घर से भागी थी। ट्रेन में बैठकर वह जा रही थी।

### पिकअप पर लदी 2075 लीटर स्पिरिट बरामद




**बसंतपुर (सीवान)।** स्थानीय पुलिस को भारी मात्रा में स्पिरिट बरामद किया है साथ ही पुलिस ने एक बोलेरो पिकअप को भी ज़ब्त किया है। जब्त पिकअप पर ही कई ड्रम व गैलन में रखा स्पिरिट बरामद हुआ है। स्पिरिट को चुनाव दौरान उपयोग करने की आशंका जताई जा रही है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिलने के बाद की गई कार्रवाई में थानाक्षेत्र के शहरकोला मठीया टोला गांव में पुलिस ने तत्काल छापेमारी कर बोलेरो पिकअप पर लदा 2075 लीटर स्पिरिट को बरामद किया। पुलिस टीम को आता देख धंधेबाज फरार हो गये।

# एनडीए सरकार ने महिलाओं की प्रगति और सशक्तिकरण का मार्ग प्रशस्त किया : गडकरी

**पटना/बेगूसराय।** बिहार में बेगूसराय लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विगत 10 वर्षों में भाजपा नीत एनडीए की सरकार ने गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं सहित सभी के प्रगति और सशक्तिकरण का मार्ग प्रशस्त किया है।




गडकरी ने कहा कि राजमार्गों के निर्माण से बिहार का अपेक्षित विकास संभव हो रहा है। विकास को प्राथमिकता देते हुए मटिहानी की जनता इस बार भी गिरीराज सिंह को चुनकर भाजपा-राजग को विजयी बनाएगी, यह मुझे विश्वास है। उन्होंने कहा कि बिहार में कांग्रेस-राजद की सरकार में जो काम 60 साल में नहीं हुआ वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दस वर्ष के शासनकाल में हमने करके दिखाया है। दस साल में बिहार में नेशनल हाईवे का जाल बिछाया गया है। गंगा नदी सहित अनेक नदियों पर लम्बे-लम्बे पुल का निर्माण हुआ है।

गडकरी ने कहा कि अच्छी सड़क, बिजली और टेलिकम्युनिकेशन से रोजगार और उद्योग बढ़ता है। बेरोजगारी, भूखमरी और गरीबी भी दूर होती है। उन्होंने कहा कि केंद्र में सहयोगी गिरिराज सिंह ने अपने विभाग के जरिए अनेक गांवों को मजबूत रोड से जोड़ने का काम किया। बेगूसराय सहित पूरे बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों का जाल बिछाया जा चुका है, जो गिरिराज सिंह के मंत्रालय की ही देन हैं।

गडकरी ने कहा कि देश बदल रहा है। मैं जिस क्षेत्र से आता हूं वहां 10 हजार किसानों ने आत्महत्या की। वर्ष 2004 में किसानों को उनकी फसल की कीमत नहीं मिलती थी। उस समय पेट्रोलियम मंत्री राम नाईक के साथ मुझे ब्राजील जाने का मौका मिला। वहां से लौटने के बाद हमने यह प्लान बनाया कि हमारा किसान इथोनॉल बनायेगा। गन्ना मिलों से 380 किलोवॉट बिजली का उत्पादन हो रहा है। हमारे यहां का किसान अन्नदाता नहीं, अब ऊर्जादाता बन गया है। आने वाले पांच सालों में हमारी सरकार में पूरे देश के किसान केवल अन्नदाता ही नहीं, बल्कि ऊर्जादाता भी बनेंगे।

## प्रधानमंत्री मोदी 12 मई को बिहार की राजधानी पटना में करेंगे रोड शो

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 12 मई को राजधानी पटना में रोड शो करेंगे। इस रोड शो को भव्य बनाने के लिए प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पूरी ताकत झोंक दी है। प्रशासन ने भी इसकी तैयारी शुरू कर दी है। देश की आजादी के बाद किसी प्रधानमंत्री का पटना में यह पहला रोड शो होगा। पीएम मोदी के रोड शो को लेकर पटना के लोग भी बेहद उत्साहित हैं। प्रदेश भाजपा कार्यालय और पटना एसएसपी कार्यालय के मुताबिक पटना में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन से चार किलोमीटर लंबा रोड शो करेंगे। इस दौरान खुली गाड़ी पर सवार प्रधानमंत्री जनता का अभिवादन स्वीकार करेंगे। इसे लेकर मंगलवार को भाजपा के पटना स्थित कार्यालय में संगठनात्मक बैठक भी हुई। पीएम का रोड शो पटना हाई कोर्ट के पास आंबेडकर मूर्ति से शुरू होगा।

# नौकरी चाहिए तो इंडी गठबंधन को वोट दें : तेजस्वी

**डेहरी आन सोन।** बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बुधवार को काराकाट संसदीय क्षेत्र में महागठबंधन उम्मीदवार माले नेता राजाराम के नामांकन सह आशीर्वाद सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अगर नौकरी चाहिए तो इंडी गठबंधन को वोट दीजिए। अगर बेरोजगारी व गरीबी चाहिए तो राजग को वोट दीजिए।



काराकाट संसदीय क्षेत्र के डेहरी विधान सभा के अकोढ़ीगोला प्रखंड के प्रेम नगर हाई स्कूल के मैदान में तेजस्वी यादव ने कहा कि मैं रोजगार और नौकरी की बात करता हूं। जबकि, हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी हिंदू-मुस्लिम और मंगलसूत्र की बात करते हैं। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि देश में महागठबंधन की सरकार बनने जा रही है।सरकार बनने पर गैस सिलेंडर भी सस्ते दाम पर होंगे उपलब्ध। तेजस्वी ने कहा अभी बेरोजगारी सबसे बड़ा मुद्दा है, इसलिए बदलाव आवश्यक है। बदलाव के लिए वोट की चोट जरूरी है।

उन्होंने कहा कि केंद्र में सरकार बनी तो एक करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरी दी जाएगी। एलपीजी गैस सिलेंडर भी सस्ते दाम पर उपलब्ध कराई जाएगी। बिजली बिल भी 200 यूनिट तक फ्री कर दिया जाएगा। रक्षाबंधन पर सभी बहनों को एक-एक लाख रुपये प्रतिवर्ष का तोहफा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिहार में सरकार में रहते हुए 17 महीने में 5 लाख नौकरियों का सृजन किया। उन्होंने कहा कि हमलोग सबको साथ लेकर चलते हैं। हमलोग संविधान और लोकतंत्र को बचाना चाहते हैं।

मौके पर दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि तीन चरण के चुनाव सम्पन्न हो चुके है। भाजपा का ग्राफ गिर चुका है। सरकार को बदलने वाला चुनाव है। इस देश के नौजवान इंतजार कर रहे है की मुद्दे की बात करने वाली सरकार केंद्र की गद्दी पर बैठे। इंडी गठबंधन की सरकार रोजगार देने को कार्य करेगी ।स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू होगी ।किसानों को उसका अधिकार दिया जाएगा। बिहार से चौंकानेवाला परिणाम आयेगा । वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी ने कहा की लोकतंत्र में जनता मालिक है। महागठबंधन उम्मीदवार को जिताने की अपील करते हुए मुकेश ने कहा कि यह स्वाभिमान की लड़ाई है। मल्लाह के बेटे ने गंगाजल लेकर संकल्प लिया है कि भाजपा को हराना है और दिल्ली की गद्दी से हटाना है। उन्होंने इंडी गठबंधन के हर कार्यकर्ता को जीत दिलाने के लिए मेहनत करने की अपील की। मौके पर राजद विधायक फतेबहादुर सिंह, पूर्व केन्द्रीय मंत्री कांति सिंह पूर्व मंत्री अनिता चौधरी ,ओबरा विधायक रिषी कुमार, नवीनगर विधायक डब्ल्यू सिंह उर्फ विजय सिंह, सासाराम विधायक राजेश गुप्ता ,कामरेड अशोक कुमार सिंह, डेहरी डालमियानगर नगर परिषद मुख्य पार्षद शशि कुमारी राजद अतिपिछड़ा सेल के प्रदेश महासचिव गुड्डु चन्द्रवंशी समेत संसदीय क्षेत्र के आप ,राजद, वी आईपी,माले ,सीपीआई के भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे ।

## मुजफ्फरपुर में डांट से गुस्साये बेटे ने पिता को पीटकर मार डाला

**मुजफ्फरपुर।** कलयुगी बेटे ने जरा सी बात पर अपने पिता की हत्या कर दी। नालायक बेटे विनोद कुमार पासवान ने अपने पिता राजेन्द्र पासवान (65) को सिर्फ इसलिए मार डाला कि उन्होनें घर का दरवाजा तोड़ने से मना किया था। मोतीपुर के बरुराज थाना क्षेत्र के अहरौलिया गांव इस घटना से सनसनी फैल गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने हत्यारे पुत्र विनोद को हिरासत में ले लिया है। बरुराज थानाध्यक्ष संजीव कुमार दुबे ने बताया कि सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपित विनोद कुमार पासवान को हिरासत में ले लिया है। पूछताछ की जा रही है। परिजन उसे मानसिक रूप से बीमार बता रहे हैं। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

घटना के संबंध में राजेंद्र की बड़ी बहू सविता देवी ने पुलिस को बताया कि सुबह विनोद लाठी से घर के दरवाजे को तोड़ रहा था। उसके पिता डांट-फटकार लगाते हुए उसे ऐसा करने से मना कर रहे थे। इससे आक्रोशित होकर विनोद ने उसी लाठी से पिता के सिर पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। इससे उनका सिर फट गया और वह लहूलुहान हो गए। वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गए। अचेतावस्था में ससुर को इलाज के लिए निजी क्लिनिक में ले गई, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत बताया। सविता ने पुलिस को बताया कि विनोद की शादी वर्ष 2009 में हुई थी। वह कोई काम नहीं करता था। हमेशा घर पर ही रहता था और बार-बार अपनी पत्नी की पिटाई करता था। इससे आजिज आकर चार साल पहले उनकी पत्नी उसे छोड़ कर अपने मायके चली गई और दूसरी शादी कर ली।

## बारिश के पानी में डूबने से दो चचेरे भाइयों समेत पांच की मौत

**बेनीपट्टी (मधुबनी)/ सिकरहना (पूचं)।** मधुबनी जिले के बेनीपट्टी व पूर्वी चंपारण के सिकरहना में डूबने से दो चचेरे भाइयों समेत पांच लोगों की मौत हो गयी। पूर्वी चंपारण के सिकरहना स्थित कुंडवाचैनपुर थाना क्षेत्र के दोस्तियां गांव में मंगलवार की शाम से लापता दो बच्चों का शव बुधवार की दोपहर को गांव के ही पोखर से बरामद हुआ है। दोनों बच्चों की मौत डूबने से हो गयी है। मृत बच्चों की पहचान थाना क्षेत्र के दोस्तियां गांव निवासी साबिर अख्तर के नौ वर्षीय पुत्र मो।अयान तथा जाहिद अख्तर के 10 वर्षीय पुत्र मो। राशिद के रूप में हुई है। दोनों बच्चे चचेरे भाई थे। परिजनों ने बताया कि मंगलवार को बारिश की पानी में दोनों बच्चे नहाते व खेलते हुए गांव के उत्तर दिशा की ओर चले गये। देर शाम तक नहीं लौटने पर उसकी काफी खोजबीन की गयी, लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं मिला। घटना से दोनों बच्चों के परिजनों को गहरा सदमा लगा है। मृत राशीद की मां संजीदा खातून तथा अयान की मां नाजरा खातून दहाड़े मार -मार कर रो रही थी। रोते रोते बेहोश हो जा रही थी।

इधर, बनकटवाप्रखंड क्षेत्र के गोला पकड़िया गांव के समीप तियर में डूबने से एक 35 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गयी। मृतक की पहचान निमोइया गांव निवासी शंकर मुखिया के पुत्र वीरचंद मुखिया के रूप में की गयी है। वह मछली पकड़ने नदी में आया था। मधुबनी जिले के बेनीपट्टी थाने के करहारा पंचायत के सोहरौल गांव में बाढ़ के मइन में डूबने से दो बच्चे की मौत हो गयी। मृतकों की पहचान करहारा पंचायत के सोहरौल गांव स्थित वार्ड 8 निवासी मो। जुबेर के पुत्र मो. दिलशाद (9) व उसी गांव के मो. फैयाज के पुत्र मो. अय्यान (8) के रुप में की गयी है।

## खगड़िया : बूथ 182 व 183 पर कल होगा पुनर्मतदान

**पटना।** बिहार में तीसरे चरण के तहत खगड़िया लोकसभा क्षेत्र के बेलदौर विधानसभा के बूथ संख्या 182 और 183 पर पुनर्मतदान शुक्रवार (10 मई) को सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होगा। इन दोनों बूथों पर मंगलवार को कराये गये मतदान के दौरान असामाजिक तत्वों द्वारा इवीएम को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। इसको लेकर भारत निर्वाचन आयोग ने इन दोनों बूथों पर पुनर्मतदान कराने का निर्देश दिया है।

## रेस्टोरेंट में छापेमारी, 3 प्रेमी जोड़े हिरासत में

**भागलपुर।** बिहार के भागलपुर में पुलिस ने एक रेस्टोरेंट में छापेमारी कर 3 प्रेमी जोड़े को हिरासत में लिया है। पुलिस ने छापेमारी की और उनको पकड़कर थाने ले आई। बताया जा रहा है कि पुलिस कई दिनों से रेस्टोरेंट में संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिल रही थी जिसके बाद सिटी एसपी राज सिंह के निर्देश पर पुलिस पहुंची और रेस्टोरेंट की जांच की। सिटी एसपी के निर्देश पर भारी पुलिस बल के साथ जोगसर थाना प्रभारी कृष्णानंद कुमार सिंह ने रेस्टोरेंट में छापेमारी की।

इस दौरान टीम ने 3 प्रेमी जोड़ों को आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा। बताया जा रहा है कि लड़कियों को पूछताछ करने के बाद छोड़ दिया गया है। वहीं लड़कों के परिजनों को बुलाकर उनसे बॉन्ड भरवाया गया उसके बाद समझाबुझाकर उन्हे घर जाने दिया गया। बताया जा रहा है कि रेस्टोरेंट के भीतर आधा दर्जन से भी अधिक केबिन बने थे। बताया जा रहा है कि सभी केबिन में बिस्तर भी लगे हुए थे। छापेमारी के दौरान पुलिस ने हर एक जगह की तलाशी ली। इस दौरान किचन और बाथरूम की भी तलाशी ली। तलाशी के दौरान पाया गया कि बाथरूम में एक एक सीक्रेट दरवाजा है जो रेस्टोरेंट के बाहर जाता है। वहीं स्थनीय लोगों में चर्चा थी कि रेस्टोरेंट संचालक की ओर से प्रेमी जोड़ों को 500 से 1000 रुपये प्रति घंटा के दर से केबिन उपलब्ध कराये जाते थे। ये प्रेमी जोड़े केबिन के भीतर बंद होकर कुछ भी कर सकते थे। सिटी एसपी राज ने बताया कि पुलिस को लगातार सूचना मिल रही थी कि जोगसार थाना क्षेत्र अंतर्गत स्मोकीज रेस्टोरेंट में कपल को केबिन दिया जाता है और वहां आपत्तिजनक कार्य होता है। सूचना के सत्यापन के लिए महिला पुलिस पदाधिकारियों की मौजूदगी में छापामारी की गयी।

# गिरिराज सिंह व नित्यानंद राय को सीट बचाने की जद्दोजहद से गुजरना पड़ रहा

**पटना।** बिहार में चौथे चरण में भाजपा को अपने दिग्गजों को फिर लोकसभा भेजने की चुनौती है। इसमें फायर ब्रांड नेता गिरिराज सिंह का फायर बरकरार रखना है तो उजियारपुर से गृह मंत्री के चहेते नित्यानंद राय को सीट बचाने की जद्दोजहद से गुजरना पड़ रहा है। वहीं दरभंगा से गोपाल जी ठाकुर को भी कड़ी चुनौती मिल रही है। इन सीटों पर 13 मई को वोट डाले जाएंगे। वहीं मुंगेर में ललन सिंह की अनिता देवी से तो समस्तीपर में नेताओं की बेटे-बेटियों में कड़ा मुकाबला है। भाजपा के फायर ब्रांड नेता गिरिराज सिंह की इस बार सीधी टक्कर सीपीआई के अवधेश राय से है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में गिरिराज सिंह ने ट्राइएंगुलर फाइट में काफी मतों के मार्जिन से जीत हासिल की थी। तब गिरिराज सिंह ने सीपीआई के कन्हैया कुमार को 277278 मतों से हराया था। गिरिराज सिंह को 692193 वोट मिले थे और कन्हैया कुमार को 269976 मत। वहीं राजद के तनवीर हसन तीसरे नंबर पर रहे थे।



बिहार में भाजपा के लिए उजियारपुर लोकसभा क्षेत्र काफी प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गया है। यहां गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय की टक्कर राजद सुप्रीमो के करीबी और पूर्व मंत्री आलोक मेहता से है। भाजपा के उम्मीदवार नित्यानंद राय पिछले 10 साल से उजियारपुर पर जीत का झंडा फहराए हुए हैं। अब उन्हें यहां से मिल रही है जीत की हैट्रिक बनाने की चुनौती। ये सीट भाजपा के लिए काफी चुनौती भरा है। इसका अंदाजा गृह मंत्री अमित शाह के उस भाषण से लगा सकते हैं जिसमें उन्होंने उजियारपुर की जनता को विश्वास दिलाया था कि इन्हें महत्वपूर्ण पद देना है। पहली बार नित्यानंद राय वर्ष 2014 में उजियारपुर से चुनाव लड़े और जीते भी। नित्यानंद राय को तब 317352 वोट मिले और राजद के आलोक मेहता को 256839 मत। दूसरी बार वर्ष 2019 में भाजपा उम्मीदवार नित्यानंद राय की टक्कर रालोसपा के उम्मीदवार उपेंद्र कुशवाहा से हुई। तब ये 271278 मतों के अंतर से जीते थे। दरभंगा लोकसभा सीट पर भी भाजपा को जीतने की चुनौती से गुजरना पड़ रहा है। यहां के सांसद गोपाल जी ठाकुर की टक्कर राजद के ललित यादव से है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने दरभंगा से गोपाल जी ठाकुर को चुनाव लड़ाया था। भाजपा को प्रत्याशी बदलने का फायदा ये हुआ कि उसके वोट में 22.61 प्रतिशत का इजाफा हुआ। गोपाल जी ठाकुर ने राजद के अब्दुल बारी सिद्दीकी को 267979 मतों के अंतर से हराया था। इसके अलावा चौथे चरण में समस्तीपुर लोकसभा सीट पर भी मतदन है। यहां पर एनडीए की ओर से एलजेपीआर की शांभवी चौधरी मैदान में हैं जो बिहार सरकार में मंत्री अशोक चौधरी की बेटी है। वहीं इंडिया एलायंस की ओर से कांग्रेस के सन्नी हजारी मैदान में हैं जो बिहार सरकार के मंत्री महेश्वर हजारी के बेटे हैं। जबकि मुंगेर लोकसभा सीट पर एनडीए की ओर से राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह मैदान में हैं। इनका मुकाबला आरजेडी की अनीता देवी से है जो क्रिमिनल रहे अशोक महतो की पत्नी हैं।

## पेज एक का शेष

### 'कांग्रेस के शहजादे...

उन्होंने कहा, भारत त्वचा के रंग के आधार पर देशवासियों का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगा और 'शहजादे' (राहुल गांधी) को जवाब देना होगा। मोदी ने यह भी कहा कि उन्हें अब पता चल गया है कि इतनी बड़ी प्रतिष्ठा होने के बावजूद कांग्रेस ने राष्ट्रपति चुनाव में मुर्मू को क्यों हराना चाहा था। उन्होंने सैम पित्रोदा के स्पष्ट संदर्भ में कहा, "मुझे आज पता चला कि 'शहजादा' के एक चाचा अमेरिका में रहते हैं। चाचा उनके दार्शनिक और मार्गदर्शक हैं।" उन्होंने कहा, "शहजादा के दार्शनिक और मार्गदर्शक चाचा ने एक बड़ा रहस्य खोला है। उन्होंने कहा कि जिनकी त्वचा का रंग गहरा है, वे सभी अफ्रीका से हैं।"

उन्होंने आरोप लगाया, इसका मतलब है कि उन्होंने (पित्रोदा ने) त्वचा के रंग के आधार पर देश के कई लोगों के साथ दुर्व्यवहार किया है। मोदी ने कहा, "त्वचा का रंग चाहे जो भी हो, देशवासी भगवान श्रीकृष्ण की पूजा करते हैं जिनकी त्वचा का रंग हम सभी की तरह था।"

### इधर, कांग्रेस नेता...

सैम पित्रोदा के इस बयान पर अब कांग्रेस नेता ने रिएक्शन दिया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर बयान जारी करते हुए कहा है कि सैम पित्रोदा ने एक पॉडकास्ट में भारत की विविधता को दर्शाने के लिए जो तुलना की है, वह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और अस्वीकार्य है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस इन उपमाओं से खुद को पूरी तरह अलग करती है।

### जानें क्या बोले थे सैम पित्रोदा?

वायरल वीडियो में सैम पित्रोदा कहते दिख रहे हैं कि भारत एक अत्यंत विविधता भरा देश है, जहां पूर्वी भारत में रहने वाले लोग चीन के लोगों जैसे, पश्चिम में रहने वाले अरब जैसे, उत्तर भारत में रहने वाले श्वेतों की तरह और दक्षिण में रहने वाले अफ्रीकी लोगों की तरह दिखते हैं, लेकिन इससे फर्क नहीं पड़ता। सैम पित्रोदा ने कहा था कि हम सभी भाई-बहनें हैं। उन्होंने कहा कि हम अलग-अलग भाषाओं, धर्मों और रीति-रिवाजों का सम्मान करते हैं। ये वही भारत है, जिस पर मेरा भरोसा है, जहां हर किसी का सम्मान है और हर कोई थोड़ा-बहुत समझौता करता है। रंगभेद वाले बयान से पहले सैम पित्रोदा ने विरासत टैक्स को लेकर भी बयान दिया था। सैम पित्रोदा ने ये बयान राहुल गांधी की उस टिप्पणी के जवाब में दिया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर कांग्रेस सरकार में आई तो एक सर्वे कराया जाएगा और पता लगाया जाएगा कि किसके पास कितनी संपत्ति है। राहुल गांधी के इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए पित्रोदा ने अमेरिका में लगने वाले विरासत टैक्स का जिक्र किया था, जिसमें लोगों की मृत्यु के बाद उनकी कुल संपत्ति का 55 प्रतिशत सरकार विरासत टैक्स के तौर पर ले लेती है।

### छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री...

इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी डॉक्टर दिनेशानंद गोस्वामी, प्रत्याशी श्रीमती गीता कोड़ा, पश्चिम सिंहभूम के जिला अध्यक्ष संजू पांडे, सरायकेला खरसावां के जिला अध्यक्ष उदय सिंहदेव मौजूद रहेंगे।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री खूंटी लोकसभा के गताडीह बगीचा, प्रखंड मैदान करडेग में 12:30 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी डॉ रविंद्र कुमार राय, प्रत्याशी अर्जुन मुंडा, जिला अध्यक्ष (खूंटी) चंद्रशेखर गुप्ता, जिला अध्यक्ष सिमडेगा लक्ष्मण बड़ाईक भी मौजूद रहेंगे।

साय गुमला जिले के चैनपुर के छतरपुर बगीचा मैदान में 2:00 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी मनोज सिंह, प्रत्याशी समीर उरांव, लोहरदगा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, गुमला जिला अध्यक्ष शिवप्रसाद साहू भी मौजूद रहेंगे।

### अगर इंडिया गठबंधन...

उन्होंने कांग्रेस पर राम मंदिर मुद्दे को 70 साल तक लटकाने का आरोप लगाते हुए कहा, "जब आपने मोदी को दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया, तो उन्होंने न केवल राम जन्मभूमि से जुड़ा कानूनी विवाद जीता, बल्कि भूमि पूजन भी किया। राम मंदिर और इसकी प्राण प्रतिष्ठा (प्रतिष्ठा) जनवरी में आयोजित की गई थी।"

यह दावा करते हुए कि विपक्षी दल मंदिर के अभिषेक समारोह में शामिल नहीं हुए, क्योंकि वे अपने वोट बैंक से डरते थे, भाजपा नेता ने कहा, "आप सभी जानते हैं कि उनका वोट बैंक कौन है। उत्तर प्रदेश उन लोगों का कभी समर्थन नहीं करेगा जो भगवान राम से दूर भागते हैं।" नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) पर शाह ने कहा, "मोदी उन हिंदुओं, सिखों, बौद्धों और जैनियों को नागरिकता देने के लिए एक कानून लाए हैं जो पाकिस्तान से भारत आए थे। खीरी में उनमें से बहुतों के पास नागरिकता नहीं थी। (कांग्रेस नेता) राहुल (गांधी) और (सपा अध्यक्ष) अखिलेश (यादव) कहते हैं कि वे सीएए वापस ले लेंगे, अब कोई ऐसा नहीं कर सकता।"

### मंत्री के पीएस...

टेंडर मैनेज कर कमीशन की रकम वसूलते थे संजीव लाल : ईडी की मानें, तो ग्रामीण विकास विभाग की विकास योजनाओं में 15 फीसदी की दर से कमीशन की वसूली होती थी। झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी संजीव लाल पर आरोप है कि वे टेंडर मैनेज कर कमीशन की रकम वसूलते थे। इंजीनियर और ठेकेदारों से कमीशन की रकम वसूली जाती थी। बताया जाता है कि कमीशन की रकम मंत्री आलमगीर आलम के सहायक जहांगीर आलम के पास रखी जाती थी। यहीं से ये पैसे बड़े अफसरों और नेताओं को जाते थे।

जहांगीर रखता था कमीशन की रकम : बताया जाता है कि मंत्री के पीएस संजीव लाल के निर्देश पर ही कमीशन की रकम जहांगीर आलम के घर रखी जाती थी। छह मई को ईडी की रेड में कुल 35 करोड़ कैश बरामद हुए थे। जहांगीर के घर से 32.20 करोड़ रुपए, संजीव लाल के पार्टनर मुन्ना सिंह के ठिकाने से 2.93 करोड़ एवं संजीव लाल के पास से 10.50 लाख रुपए बरामद किए गए थे। छापेमारी के क्रम में संजीव लाल के पास दो गाड़ियां मिलीं। इनका रजिस्ट्रेशन जहांगीर के नाम पर कराया गया है।

# जेल में अरविंद केजरीवाल के लिए सुविधाओं की मांग करने वाली जनहित याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने जेल से सरकार चलाने के वास्ते मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए उपयुक्त इंतजाम करने की अपील करते हुए एक वकील द्वारा दायर की गयी एक जनहित याचिका को बुधवार को एक लाख रुपये के जुर्माने के साथ खारिज कर दिया। याचिकाकर्ता ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा को केजरीवाल के इस्तीफे के लिए 'अनुचित दबाव' डालने से रोकने की भी मांग की थी।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अगुवाई वाली एक पीठ ने कहा कि चूंकि आप नेता अपनी गिरफ्तारी के विरूद्ध पहले ही उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटा चुके हैं, ऐसे में न्यायिक हिरासत में उन्हें कोई सुविधा प्रदान करने के संबंध में 'किसी आदेश की अपील न की जाए।'

न्यायमूर्ति मनमोहन और न्यायमूर्ति पी एस अरोड़ा की इस पीठ ने कहा कि यह अदालत मीडिया पर सेंसरशिप नहीं लगा सकती और न ही राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को बयान देने से रोक सकती है।

उच्च न्यायालय ने कहा, '' क्या हम आपातकाल लगाते हैं? क्या हम सेंसरशिप लगाते हैं? हम मार्शल लॉ लगाते हैं? हम कैसे प्रेस पर पाबंदी लगा दें? राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों (का मुंह बंद कर दें)?'' उच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ता से कहा, ''एक लाख रुपये का बैंक ड्राफ्ट तैयार रखिए।'' याचिकाकर्ता ने दलील दी थी कि वैसे तो जेल से सरकार चलाना 'व्यावहारिक रूप से असंभव' है लेकिन प्रौद्योगिकी की मदद से ऐसा संभव किया जा सकता है।

जनहित याचिका में उसने जेल में केजरीवाल के लिए वीडियो कांफ्रेंस का इंतजाम करने का अनुरोध किया। उसने यह भी गुजारिश की कि मीडिया को केजरीवाल के इस्तीफे या दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने संबंधी अटकलबाजी वाली 'सनसनीखेज हेडलाइन' चलाने से रोका जाए। अतिरिक्त सॉलीसीटर जनरल चेतन शर्मा ने कहा कि यह याचिका गलत धारणा पर आधारित है तथा किसी परोक्ष मंशा से दायर की गयी है।

# रामभक्त और राष्ट्रभक्त सनातन विरोधी गठबंधन को इसी चुनाव में दे देगा जवाब : स्मृति ईरानी

- केन्द्रीय मंत्री स्मृति ने सपा नेता रामगोपाल यादव के सनातन विरोधी बयान पर साधा निशाना

एजेंसियां, अमेठी

समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव द्वारा राम मंदिर पर दिए बयान को लेकर केन्द्रीय मंत्री एवं अमेठी से सांसद स्मृति ईरानी ने पलटवार किया है। उन्होंने रामगोपाल पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सपा सनातन विरोधी है और राम का अपमान करने वालों को इस चुनाव परिणाम में सबक मिल जाएगा। अमेठी संसदीय सीट से प्रत्याशी स्मृति ईरानी ने पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि सपा शुरूआत से ही सनातन विरोधी है। लेकिन रामगोपाल यादव के मुंह से राम मंदिर का अपमान, जिसके नाम में ही राम और गोपाल हो वह प्रभु की महिमा को न समझे, उनका ये बयान जनता को आक्रोशित करने वाला है। मैं उनसे कहना चाहती हूं कि इसी चुनाव में रामभक्त और राष्ट्रभक्त उनकी सनातन विरोधी गठबंधन को जवाब दे देगा। उल्लेखनीय है कि सपा प्रवक्ता रामगोपाल यादव ने मंगलवार को इटावा में राम मंदिर के बारे में कहा है कि 'वह मंदिर बेकार का है। मंदिर ऐसे नहीं बनते। राम मंदिर का नक्शा ठीक नहीं बना है। वास्तु के हिसाब से ठीक नहीं बनाया गया है। उन्होंने खुद को सबसे बड़ा राम भक्त और अपना नाम में राम होने से खुद को राम बताया था। उनके इस बयान को हिन्दू संगठनों एवं संतों द्वारा सनातन का अपमान और ठेस पहुंचाने वाला बताया है।



### कांग्रेस पार्टी रंग के आधार पर देश के भू-भागों को बांटने चाहती है

अमेठी। केंद्रीय मंत्री एवं अमेठी लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी ने सैम पित्रोदा के बयान पर करारा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोगों के रंग के आधार पर देश के भू-भागों को बांटना चाहती है। उन्होंने बुधवार को पत्रकारों से कहा कि कांग्रेस पार्टी जो धर्म और जाति के नाम पर इस देश को बांटती रही है। आज उसका एक और घिनौना सच सामने आया है। इस देश में कौन किस रंग का है कौन किस भू-भाग का है। कांग्रेस पार्टी उसके आधार पर हमारे देशवासियों को बांटने का और उनका अपमान करने का दुस्साहस कर रही है। उन्होंने कहा कि आज जो कांग्रेस नेता के मुख से जो शब्द प्रस्फुटित हुआ है वह अपने आप में न सिर्फ निंदनीय है बल्कि वह कहीं ना कहीं राहुल गांधी और गांधी परिवार की हमारे राष्ट्र के प्रति सोच को दर्शाता है। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कांग्रेस विचारक सैम पित्रोदा द्वारा दिए गए बयान की भर्त्सना किया। उल्लेखनीय है कि स्मृति ईरानी लगातार संसदीय क्षेत्र अमेठी में जनता के बीच बनी हुई हैं। अमेठी की जनता भी उन्हें खूब स्नेह दे रही है।

## संक्षिप्त

### दिल्ली में कांग्रेस की स्टार प्रचारक सूची जारी, राहुल सहित 40 नेताओं के नाम शामिल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने दिल्ली की 7 सीटों के लिए मंगलवार को 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी। इसमें दिल्ली के बड़े नेताओं को भी स्थान दिया है। भाजपा छोड़कर आए हरियाणा के नेता चौ. बीरेंद्र सिंह व एनसीपी से आए डॉ. योगानंद शास्त्री को भी स्टार प्रचारक बनाया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी व प्रियंका गांधी की संयुक्त सभा की जगह अलग-अलग सभाएं कराने की योजना है। इन नेताओं के रोड शो भी मुमकिन हैं। ज्यादा जोर चांदनी चौक, उत्तर पूर्वी दिल्ली व उत्तर पश्चिम दिल्ली की उन सीटों पर रहेगा, जहां कांग्रेस चुनाव लड़ रही है। हरियाणा, गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना, केरल, उत्तराखंड, यूपी आदि के बड़े कांग्रेस नेता भी दिल्ली में प्रचार की कमान संभालेंगे। इन नेताओं की उस क्षेत्र में सभा होगी जिसमें उनके राज्य व जाति के लोग रहते हैं। 40 नामों वाली इस लिस्ट में मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, केसी वेणुगोपाल, अजय माकेन, रनदीप सिंह सुरजेवाला, दीपक बाबरिया, मुकुल वासनिक, सचिन पायलट, सुखविंदर सिंह सुक्खू, ए रेवंत रेड्डी, शशि थरूर, देवेंद्र यादव, अशोक गहलोत, भूपेंद्र सिंह हुड्डा, डीके शिवकुमार, बीरेंद्र सिंह, प्रमोद तिवारी, सुभास चोपरा, हरून यूसुफ, अनिल कुमार, इमरान प्रतापगढ़ी, अलका लांबा, राजेश लिलोथिया, कृष्णा तीरथ, नरेंद्र नाथ, योगेंद्र शास्त्री, मंगत राम सिंघल, रागिनी नायक, संदीप दीक्षित, वरुण चौधरी, मतीन अहमद, अभिषेक दत्त, रमेश कुमार, चत्तर सिंह, फरहाद सुरी के नाम शामिल हैं।

### कुलगाम में फिर मुठभेड़, एक आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में बुधवार को आतंकवादी और सुरक्षाबलों के बीच नये सिरे से हुई मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। इसी इलाके में मंगलवार को दो आतंकवादी मारे गये थे। अधिकारियों ने बताया कि कुलगाम के रेडवाणी इलाके में मुठभेड़ के बाद घरों की तलाशी ली जा रही थी, तभी मुठभेड़ हो गयी।

### ट्रंप के खिलाफ न्यायाधीश ने सुनवाई स्थगित की

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से जुड़े गोपनीय दस्तावेज मामले में सुनवाई कर रहे संघीय न्यायाधीश ने 20 मई की सुनवाई को रद्द कर अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया है। यूएस जिला जज एलीन कैनन का यह आदेश अपेक्षित था क्योंकि मामले में अभी भी कई मसले अनसुलझे हैं और ट्रंप के खिलाफ मैनहट्टन में एक अलग मुकदमा भी लंबित है। इस मुकदमे में पूर्व राष्ट्रपति पर आरोप है कि उन्होंने 2016 के राष्ट्रपति चुनाव के दौरान यौन संबंधों का खुलासा न करने के लिए वयस्क फिल्मों की अदाकारा एडल्ट स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को 1.30 लाख डॉलर दिए। ट्रंप उनके साथ यौन संबंध बनाने के आरोपों को खारिज कर खुद को निर्दोष बताते हैं। पूर्व राष्ट्रपति पर मामले में आदेशों का उल्लंघन करने के लिए, 10 हजार डॉलर का जुर्माना भी लग चुका है।

### पोर्न स्टार की ट्रम्प के खिलाफ गवाही

**न्यूयार्क।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर आरोप है कि उन्होंने पोर्न स्टार को पैसे देकर चुप रहने के लिए कहा। इस मामले में अमेरिकी कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल ने गवाही दी। स्टॉर्मी ने बताया कि उनकी मुलाकात ट्रम्प से 2006 में हुई थी, जब वे 60 साल के थे। तब स्टॉर्मी 27 साल की थीं। दरअसल, ट्रम्प पर आरोप है कि 2016 में राष्ट्रपति चुनाव से ठीक पहले स्टॉर्मी को चुप रहने के लिए पैसे दिए थे। ट्रम्प के वकील ने भी इस बात को माना था कि उसने ट्रम्प की तरफ से पोर्न स्टार को 1 लाख 30 हजार डॉलर (करीब 1 करोड़ 7 लाख रुपए) दिए थे। इसके बाद इसकी भरपाई के लिए पूर्व राष्ट्रपति ने बिजनेस रिकॉड्र्स में धांधली भी की।

### सर्बिया की राजकीय यात्रा पर बेलग्रेड पहुंचे जिनपिंग

**बेलग्रेड।** चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग सर्बिया के राजकीय दौरे पर हैं। श्री जिनपिंग सर्बिया की राजधानी बेलग्रेड पहुंचे। देश के हवाई क्षेत्र में प्रवेश के बाद सर्बियाई वायु सेना ने श्री जिनपिंग के विमान की सुरक्षा के लिए दो लड़ाकू विमान भेजे। सर्बियाई राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक और उनकी पत्नी तमारा वुसिक ने चीनी राष्ट्रपति का स्वागत किया। सर्बियाई बच्चों ने श्री जिनपिंग और उनकी पत्नी पेंग लियुआन को फूल भेंटकर चीन तथा सर्बिया के राष्ट्रीय झंडे लहराए। राष्ट्रीय वेशभूषा पहने सर्बियाई लोगों ने उनका स्वागत करने के लिए गाना गाया और नृत्य किया।

### चीन का मून मिशन चांगई 6 चंद्रमा के ऑर्बिट में पहुंचा

**बीजिंग।** चीन का यह मिशन 8 मई 2024 को चंद्रमा के ऑर्बिट में पहुंच गया है। इसका लैंडर 1 जून 2024 को ऑर्बिटर से अलग होगा। 2 जून 2024 को सैंपल जमा करेगा। 4 जून 2024 को चांद की सतह से एसेंट व्हीकल उड़ान भरेगा। 6 जून को यह एसेंट व्हीकल ऑर्बिटल सर्विस मॉड्यूल तक पहुंचेगा। फिर यह मॉड्यूल 25 जून को वापस धरती पर पहुंचेगा। लेकिन यह सीक्रेट रोवर रोबोट क्या करेगा? क्योंकि इस मिशन का मुख्य पेलोड तब इसका लैंडर है, जो चांद की सतह पर उतरेगा। चीन ने चांद पर अपने मून मिशन चांगई 6 के साथ फ्रांस, स्वीडन, इटली और पाकिस्तान के पेलोड्स को भी भेजा है। जिनके बारे में कुछ बताया नहीं गया है। इसके अलावा एक अतिरिक्त पेलोड भी है। इस सीक्रेट रोवर कह रहे हैं। यह मिनी रोबोटिक रोवर चांद की सतह से निकलने वाले रेडिएशन की स्टडी करेगा। ताकि वह मौजूद पत्थरों, मिट्टी, रिगोलिथ और सतह की जांच कर सके। इसकी मदद से पानी की खोज भी की जा सकती है।

# हमने वो कर दिखाया, जो 60 सालों में भी नहीं कर पायी कांग्रेस : गडकरी

- खंडेलवाल के समर्थन में दिल्ली के शास्त्री नगर में जनसभा को किया संबोधित



नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली के चांदनी चौक संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी प्रवीन खंडेलवाल के समर्थन में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। राजधानी दिल्ली के सुभद्रा कॉलोनी शास्त्री नगर में गोपाल मल्लिक पार्क में आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित करते नितिन गडकरी ने लोगों के भारी जनसमर्थन पर हृदय से आभार जताया। गडकरी ने कहा कि मुझे खुशी है कि हमने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विगत 10 सालों में देश की छवि बदल दी। गडकरी ने कहा कि हमने वो करके दिखा दिया है, जो 60 सालों में कांग्रेस नही कर पाई। भाजपा नेता ने कहा कि अब दिल्ली तेजी से बदल रही है, क्योंकि दिल्ली से दूसरे प्रान्तों की कनेक्टिविटी को हमने दुरुस्त कर दिया है। गडकरी ने कहा कि अब दिल्ली से देहरादून का सफर 2 घंटे में तय होता है, जबकि दिल्ली से हरिद्वार का सफर 1.30 घंटे में तय हो रहा है। वहीं, दिसंबर तक राजधानी दिल्ली से मुंबई का सफर केवल केवल 12 घंटे में पूरा किया जा सकेगा। केंद्रीय मंत्री ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली में बहुत तेज गति से विकास हो रहा है, दिल्ली के प्रदूषण को मुक्त करने के लिए इलेक्ट्रिक केबल बस भी चलाई जाएंगी जो जयपुर सवा दो घंटे में पहुंचा देंगी। नितिन गडकरी ने आगे कहा कि 2070 तक दिल्ली को जितना पानी लगेगा वो पहले से ही उपलब्ध करा दिया गया है। दिल्ली को जल और वायु प्रदूषण से मुक्त करने के लिए जो कार्य किया है वो कांग्रेस ने 60 साल में नहीं किया, इसका श्रेय अगर सही अर्थ में किसी को देना चाहिए, वो दिल्ली की जनता को जाता है जिसने हमें दिल्ली की सभी 7 सीटों पर में विजयी दियाया है।

उन्होंने कहा कि आज तक जो हो नहीं सका वो मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार ने कर दिखाया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के विकास के लिए 1.10 हजार करोड़ रुपये केवल मेरे मंत्रालय ने दिया है, इसलिए जरूरी है कि इस बार भी मोदी जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार को भारी बहुमत से जिताए और दिल्ली की सातों सीटों पर चुनाव लड रहे भाजपा प्रत्याशियों को विजयी बनाएं। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि देश के हाईवे मैन और विकास पुरुष नितिन गडकरी का मैं अभिनंदन करता हूं। खंडेलवाल ने कहा कि ये बहुत सुभाग्य की बात है कि चुनाव के दौर में हमे पहला आशीर्वाद नितिन गडकरी जी का मिल रहा है, देश में किसी भी प्रकार की कनेक्टिविटी के लिए नितिन जी नए खोज के लिए हमेशा तैयार है। देश मे कनेक्टिविटी उनकी की वजह से बढ़ी है। उन्होंने कहा कि ये बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश की 120 साल पुरानी कांग्रेस पार्टी दिल्ली में आज अरविंद केजरीवाल की 10 साल पुरानी आम आदमी पार्टी की सेकेंडरी पार्टी बन बैठी है, उनके पास न नेता है न नीति है और न नेतृत्व है, इसलिए देश जी जनता एक बार फिर से मोदी जी के नेतृत्व वाली भाजपा की सरकार को भारी बहुमत से जीताकर अपने विकास का मार्ग प्रशस्त करने वाली है।

# कर्नाटक पुलिस ने जेपी नड्डा व अमित मालवीय को भेजा नोटिस

- भाजपा के विवादित पोस्ट का मामला
- सात दिन में पेश होने को कहा



**बेंगलुरु।** लोकसभा चुनाव 2024 के बीच कर्नाटक पुलिस ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और भाजपा के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय को नोटिस जारी किया है। दोनों से सात दिन में पेश होने के लिए कहा गया है। दरअसल, कर्नाटक भाजपा द्वारा एक्स पर एक विवादित पोस्ट किया गया है। इसके चलते कर्नाटक पुलिस ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और भाजपा के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय को नोटिस जारी किया है।

पोस्ट के संबंध में बेंगलुरु के हाई ग्राउंड्स पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई थी। इसमें जेपी नड्डा और अमित मालवीय के नाम हैं। मामले की जांच कर रहे पुलिस अधिकारी ने दोनों को नोटिस जारी किया है। जिस पोस्ट को लेकर कर्नाटक पुलिस ने कार्रवाई की है, उसमें एक वीडियो था।

वीडियो में बताया गया था कि कांग्रेस अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा के हिस्से का आरक्षण मुसलमानों को देने जा रही है। यह आरोप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई भाजपा नेताओं ने लगाया है।

भाजपा से कहा गया था पोस्ट हटाने को : कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कर्नाटक भाजपा को विवादित पोस्ट हटाने के लिए कहा था। ऐसा नहीं हुआ, तो चुनाव आयोग ने पोस्ट हटाने के लिए मंगलवार को एक्स को नोटिस भेजा। चुनाव आयोग ने अपने नोटिस में एक्स को कहा कि इस मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। भाजपा के इस पोस्ट को लेकर कांग्रेस ने चुनाव आयोग से शिकायत की थी। इसमें कहा गया था कि भाजपा "दंगा भड़काना और दुश्मनी को बढ़ावा देना" चाहती है। बताते चलें कि, कर्नाटक की सभी 28 सीटों पर मंगलवार को मतदान पूरा हो गया। यहां लोकसभा की 28 सीटें हैं। कर्नाटक में भाजपा की स्थिति बेहतर रही है। 2014 में यहां पार्टी को 17 और 2019 में 25 सीटों पर जीत मिली थी।

# नौजवानों ने ठान लिया है इस बार नहीं बचेगी भाजपा सरकार: अखिलेश यादव



**फर्रुखाबाद।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने फर्रुखाबाद लोकसभा से पार्टी के प्रत्याशी डॉ नवल किशोर शाक्य के समर्थन में आयोजित जनसभा में जनता से वोट की अपील की। अखिलेश ने मंच से जनता को सम्बोधित करते हुए कहा कि मैं सोचता हूं कहां से बात शुरू करूं, ये जो नौजवान दिखाई दे रहे हैं, इन्होंने मन बना लिया है, ठान लिया है इस बार ये बीजेपी सरकार बचेगी नहीं। सपा अध्यक्ष ने किसानों की समस्याओं को उठाते हुए भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हमारा किसान कर्ज के बोझ में दबता जा रहा है। इन लोगों ने बड़े- बड़े उद्योगपतियों का 16 लाख करोड़ रुपये माफ कर दिया, लेकिन हमारे गरीब और किसान जिनका लाखों का कर्ज था, उसको माफ नहीं किया। उन्होंने कहा कि इन बीजेपी वालों ने नौकरी ना देकर के हमारे नौजवानों का 10 साल नहीं एक तिहाई जीवन खराब कर दिया, कोई भविष्य नहीं। अग्निवीर वाली भर्ती आई, ये अग्निवीर भर्ती हम लोग स्वीकार नहीं करते हैं। ये चुनाव हमारा आपका तो है ही लेकिन ये चुनाव हमारी आने वाली पीढ़ी का चुनाव है। ये बीजेपी वालों को फर्रुखाबाद की जनता बदल देगी। आप लोग जानते होंगे जो लोग हारने वाले होते हैं वो लोग खिसिया जाते हैं। बीजेपी के लोग जब जनता में हारने लगे तो प्रशासन को आगे करके लोगों को डरा-धमका रहे हैं। जनसभा के बाद अखिलेश यादव ने पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने सवालों का जवाब देते हुए कहा कि लगातार सरकार जो प्राइवेट कर रही चीजों को, आउटसोर्स कर रही है, अग्निवीर व्यवस्था ला रही है इससे नौजवान दुःखी है और जितना प्राइवेटाइजेशन बढ़ेगा उतना हमारा आरक्षण छिनेगा। उन्होंने कहा कि इसबार मनमर्जी नहीं चलेगी, मनमर्जी की कोई सुन नहीं रहा है और भारतीय जनता पार्टी की हर कहानी फेल हो रही है।

# टैक्स से मिलने वाले पैसे से जनता को दिया जा रहा राशन : मायावती



**हरदोई।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने यहां कहा कि भाजपा फ्री राशन देकर कोई अहसान नहीं कर रही है। बल्कि जनता द्वारा मिलने वाले टैक्स से लोगों को राशन दिया जा रहा है। मायावती ने भाजपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन पर जमकर हमला बोला है। बसपा उम्मीदवार बीआर अहिरवार के समर्थन में मायावती ने बुधवार को माधौगंज कस्बा स्थित श्री नरपति सिंह इंटर कालेज के खेल मैदान में एक चुनावी जनसभा की। उन्होंने कहा कि पार्टी अपने ईमानदार कार्यकर्ता और जनता दम पर इस बार की लोकसभा का चुनाव अकेले दम पर लड़ रही है। पार्टी ने सभी को टिकट बंटवारें में बराबर भागीदारी दी है। जनसभा में शामिल हुई अपार भीड़ से यह भरोसा हो गया है कि प्रदेश में बसपा के समर्थन पर बेहतर रिजल्ट आएंगे। मायावती ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि आजादी के बाद से कांग्रेस सरकार की गलत नीतियों के कारण उसे बाहर होना पड़ा है। भाजपा के अच्छे दिन दिखाने के वादे हवा हवाई साबित हुए। उनके किए गए विकास के दावे जमीन पर चौथाई हिस्सा नजर नहीं आ रहा है। पूंजीपतियों को धनवान बनाने पर लगे हैं। मायावती ने चुनावी बाण्ड पर कहा कि बसपा को छोड़कर दूसरी पार्टियों ने पूंजीपतियों से पैसा लिया है। सपा ने पदोन्नति में आरक्षण को समाप्त किया है। प्राइवेट सेक्टर में आरक्षण का लाभ कम मिलता है। भाजपा सरकार में अन्य धर्मों के लोगों की दशा दयनीय है। अपरकास्ट की हालत अच्छी नहीं है। ब्राह्मण समाज का सरकार में शोषण हुआ है। छोटे, मध्यम व्यापारी वर्ग परेशान हैं। महंगाई बढ़ी है। देश की सीमाएं सुरक्षित नहीं हैं। कांग्रेस, भाजपा को सत्ता में आने से रोकना है। सरकार साम-दाम-दंड-भेद के साथ पूरी कोशिश कर रही है। फ्री राशन देने से गरीब परिवार का स्थायी तौर पर भला होने वाला नहीं है।

# ब्रिटेन का लाल ग्रह पर जाने का इरादा, चल रही है तैयारी

- स्पेस साइंटिस्ट ने 'मंगल ग्रह' का किया निर्माण

एजेंसियां, लंदन



अब ब्रिटेन अंतरिक्ष के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है, यहां कि अब तो मंगल ग्रह पर जाने की ही तैयारी है। यहां के स्पेस साइंटिस्ट ने स्टीवनेज में 'मंगल ग्रह' का निर्माण किया है। फ्रांसीसी एयरोस्पेस दिग्गज एयरबस ने अपने एक्सोमार्स रोवर का परीक्षण करने के लिए हर्टफोर्डशायर शहर में एक औद्योगिक संपत्ति पर 2.25 करोड़ किमी दूर ग्रह की सतह के जैसे हालात बनाने के लिए लाल रेत और चट्टानों का उपयोग किया है।

2028 में यान मंगल ग्रह पर पानी और संभावित जीवन के संकेत खोजने के मिशन पर रवाना होगा। एयरबस ने स्टीवनेज में रोवर का निर्माण किया है, जो यूके में अंतरिक्ष क्षेत्र में 3,500 लोगों को रोजगार देता है। कंपनी शीघ्र ही यूरोपीय स्पेस एजेंसी के साथ उस लैंडिंग मॉड्यूल के लिए थ्रस्टर्स बनाने के लिए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर करेगी जिसकी आपूर्ति रूसियों को यूक्रेन पर आक्रमण करने से पहले करनी थी। इस बीच इसके प्रदर्शन को इसके विशेष रूप से निर्मित ब्रिटिश 'मार्स यार्ड' में तैयार किया जाएगा। एयरबस के एक्सप्लोरेशन रोवर्स प्रोग्राम मैनेजर क्रिस ड्रेपर ने कहा कि इसका अंतरिक्ष अभियान "यूके में हमारे लिए एक वास्तविक सफलता की कहानी" रहा है। उन्होंने कहा, "स्टीवनेज में रोवर का निर्माण करने के बाद अब हम लैंडर को डिजाइन करने का एक बड़ा हिस्सा होंगे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वह सुरक्षित रूप से नीचे उतर सके।" यह परियोजना एक संपन्न यूके अंतरिक्ष उद्योग का हिस्सा है जो 50,000 लोगों को रोजगार देता है और देश की धरती से एक भी रॉकेट लॉन्च किए बिना अर्थव्यवस्था में हर साल 18 खरब 34 अरब 56 करोड़ रूपये पंप करता है।

ब्रिटेन का कोई अंतरिक्ष कार्यक्रम नहीं है, लेकिन 2015 से इस क्षेत्र में दुनिया के निजी निवेश का 17 प्रतिशत प्राप्त हुआ है। यह अमेरिका के बाद दूसरा है। 2030 तक 100,000 उपग्रहों के कक्षा में स्थापित होने की उम्मीद के साथ, ब्रिटिश कंपनियां पृथ्वी के चारों ओर घूमते समय उनकी सेवा करने का विचार तलाश रही हैं। 2031 तक बाजार 11 खरब, 53 अरब 16 करोड़ रुपयों का होने की उम्मीद है। बता दें कि एक समय था पृथ्वी के लगभग अधिकांश देशों पर अंग्रेजों का राज था। लेकिन पृथ्वी से बाहर जाने में अंग्रेजों कभी रुचि नहीं दिखाई। पर अब लगता है हालात बदल रहे हैं।

# दिल्ली का नॉकआउट शुरू तो सीएसके- हैदराबाद की भी गारंटी नहीं

## सभी टीमों का आईपीएल 2024 प्लेऑफ समीकरण

**मुंबई (एजेंसी)।** आईपीएल 2024 के प्लेऑफ के लिए क्वॉलिफाइ करने की दौड़ में ऑफिशली अभी तक सभी 10 टीमें बनी हुई हैं। सबसे आखिरी नंबर पर चल रही गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस के लिए भी मौका है। आईपीएल 2024 अब धीरे-धीरे आखिरी चरण की ओर बढ़ रहा है। टीमों के अधिकतम 3-3 मैच बचे हुए हैं तो रोचक बात यह है कि अभी हर टीम के प्लेऑफ में पहुचंने की संभावना बची हुई है। यानी किसी भी एक स्पॉट की टीम ऑफिशली कन्फर्म नहीं हुई है। एक दिन पहले रोमांचक मुकाबले में दिल्ली से राजस्थान हार गई। अगर वह जीतती तो वह क्वॉलिफाइ कर लेती, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। अब देखा जाए तो आईपीएल 2024 प्लेऑफ का गेम पूरी तरह से उल्टा-पुल्टा हो चुका है। अब कौन सी टीम कैसे टॉप-4 में पहुंच सकती है।







### सभी टीमों की पॉइंट्स टेबल में स्थिति

| क्रम | टीम | मैच | जीत | हार | टाइ | नेट रन रेट | पॉइंट्स | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | केकेआर | 11 | 8 | 3 | 0 | 0 | 16 | 1.453 |
| 2 | आरआर | 11 | 8 | 3 | 0 | 0 | 16 | 0.476 |
| 3 | सीएसके | 11 | 6 | 5 | 0 | 0 | 12 | 0.7 |
| 4 | एसआरएच | 11 | 6 | 5 | 0 | 0 | 12 | -0.065 |
| 5 | डीसी | 12 | 6 | 6 | 0 | 0 | 12 | -0.316 |
| 6 | एसएसजी | 11 | 6 | 5 | 0 | 0 | 12 | -0.371 |
| 7 | आरसीबी | 11 | 4 | 7 | 0 | 0 | 8 | -0.049 |
| 8 | पीबीकेएस | 11 | 4 | 7 | 0 | 0 | 8 | -0.187 |
| 9 | एमआई | 12 | 4 | 8 | 0 | 0 | 8 | -0.212 |
| 10 | जीटी | 11 | 4 | 7 | 0 | 0 | 8 | -1.32 |

### कोलकाता नाइटराइडर्स और राजस्थान रॉयल्स के पास टॉप पर रहने का मौका

केकेआर फिलहाल अंक तालिका में शीर्ष पर है, जबकि राजस्थान रॉयल्स उसके बराबर 16 अंक लेकर नेट रन रेट के आधार पर दूसरे नंबर पर है। अगर वे बचे हुए 3 में से एक में भी जीत दर्ज करते हैं तो प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर लेंगे। यही वो दो टीम हैं, जिनके पास 18 अंक या उससे अधिक अंक लेने का मौका है। जबकि 3 अन्य टीमें अधिकतम 18 अंक तक पहुंच सकती हैं।

### चेन्नई सुपर किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ सुपरजायंट्स की एक जैसी स्थिति

चेन्नई सुपर किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ सुपर जायंट्स टीम 11-11 मैचों में 6-6 जीत के साथ 12 अंक लेकर क्रमश- तीसरे, चौथे और छठे नंबर पर है। इन तीनों के पास बचे हुए 3 मैचों में अधिकतम 18 अंक तक पहुंचने का मौका है। हालांकि, यह देखना रोचक होगा कि प्लेऑफ से लगभग बाहर हो चुकी गुजरात टाइटंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और शानदार फॉर्म में चल रही राजस्थान रॉयल्स से चेन्नई कैसे निपटती है, जबकि हैदराबाद को लखनऊ, गुजरात और पंजाब से भिड़ना है। दूसरी ओर, लखनऊ को हैदराबाद, दिल्ली और मुंबई से भिड़ना है।

### दिल्ली कैपिटल्स के लिए नॉकआउट हो चुका है शुरू

दिल्ली कैपिटल्स फिलहाल अंक तालिका में छठे स्थान पर है। यदि वे अपने शेष तीनों मैच जीत जाते हैं तो वे अधिकतम 16 अंक तक पहुंच सकते हैं। हालांकि, इससे भी उन्हें प्लेऑफ में जगह की गारंटी नहीं मिलेगी। सीएसके, एसआरएच और एलएसजी भी आसानी से 16 अंक तक पहुंचते दिख रहे हैं। ऐसे में इन टीमों के बीच नेट रन रेट का खेल होगा, उसमें जो बेहतर होगा उसी की किस्मत खुलेगी। अगर दिल्ली मैच हारता है तो उसका प्लेऑफ में पहुंचना लगभग खत्म हो जाएगा या फिर आरसीबी की तरह अन्य टीमों के संभावित परिणामों पर निर्भर रहना होगा।

### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस बुरी फंसी हुई हैं

आरसीबी, पीबीकेएस और जीटी बहुत बुरी तरह से फंसी हुई हैं। शेड्यूल को देखते हुए आरसीबी और पीबीकेएस में से केवल एक टीम 14 अंक तक पहुंच सकती है, क्योंकि वे एक मैच में एक-दूसरे का सामना करेंगे। सभी तीन टीमें अपने शेष तीन मैचों में कम से कम दो जीत के साथ 12 अंक तक पहुंच सकती हैं। ऐसे में उनका खेल तो खत्म ही समझिए। हालांकि, अगर सीएसके मैच जीटी को हरा देती है तो एमआई के साथ-साथ सभी तीन टीमें बाहर हो जाएंगी, क्योंकि एसआरएच/एलएसजी और सीएसके में से कोई एक 14 अंक तक पहुंच जाएगा।

### मुंबई इंडियंस के पास प्लेऑफ का मौका, लेकिन उम्मीदें असंभव

मुंबई इंडियंस फिलहाल अंक तालिका में नौवें स्थान पर है। दो मैच बचे हैं और प्लेऑफ के लिए क्वॉलिफाइ करने के लिए उन्हें बेहतर नेट रन रेट के हिसाब से दोनों मैच जीतने होंगे। हालांकि, यदि ष्टस्य मैच 59 में त्ञ्ञ को हरा देती है तो मुंबई बाहर हो जाएगी, क्योंकि एसआरएच/एलएसजी और सीएसके में से कोई भी 14 अंक तक पहुंच जाएगा। इसके अलावा उन्हें स्त्र्ना के कम से कम दो गेम जीतने, एलएसजी के सभी गेम हारने, डीजी से एक से अधिक गेम नहीं जीतने और पीबीकेएस, आरसीबी और त्ञ्ञ से दो से अधिक मैच नहीं जीतने की अपेक्षा होगी। यह गणितीय रूप से आसान नहीं दिख सकता है, लेकिन असंभव जैसा है।

# यह वो खिलाड़ी, जिन्होंने टी-20 विश्व कप 2 अलग-अलग देशों के लिए खेला

**यूएस (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए पाकिस्तान जैसी बड़ी टीमों को छोड़ दिया जाए तो लगभग हर देश ने अपने-अपने 15-15 प्लेयर्स की लिस्ट जारी कर दी है। किसी भी बदलाव के लिए आखिरी तारीख 25 कई है, जबकि जून में टूर्नामेंट होना है। एक ऐसा खिलाड़ी भी मेगा इवेंट में नई टीम के साथ दिखाई देगा, जो पहले किसी अन्य टीम से खेल चुका है।

आईसीसी मेंस टी20 विश्व कप 2024 शुरू होने में कुछ ही दिन बचे हैं। कैरिबियन और यूएसए की मेजबानी में आयोजित होने वाले इस महासंग्राम के लिए अमेरिका ने अपने प्लेयर्स की लिस्ट दे दी है। उसने एक ऐसे खिलाड़ी को टीम में शामिल किया है, जो पहले किसी और देश से विश्व कप खेल चुका है। जी हां, हम बात कर रहे हैं विस्फोटक बल्लेबाज कोरी एंडरसन की। बता दें कि इस बार टी-20 विश्व कप में ग्रुप स्टेज में 20 टीमें हिस्सा लेने वाली हैं, जो इतिहास में किसी आईसीसी टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में सबसे अधिक है। ग्रुप स्टेज के बाद 'सुपर 8' स्टेज होगा और फिर विजेता का निर्धारण करने के लिए नॉकआउट होगा। यूएस ने पहली बार आईसीसी टूर्नामेंट में भाग लेने जा रही है।



**डर्क नैन्स (नीदरलैंड और ऑस्ट्रेलिया)** - बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज को इंग्लैंड और वेल्स में 2009 के विश्व टी20 के लिए ऑस्ट्रेलिया ने नजरअंदाज कर दिया था। इसके बाद उन्हें नीदरलैंड्स ने अपनी टीम से खिलाया, जबकि 2010 में अगले संस्करण में उन्होंने ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व किया।

**रोलोफ वैन डेर मेरवे (दक्षिण अफ्रीका और नीदरलैंड्स)** - 2015 में अपनी टीम बदलने से पहले वैन डेर मेरवे ने 2009 और 2010 के विश्व टी20 टूर्नामेंट में दक्षिण अफ्रीका का प्रतिनिधित्व किया था। उसके बाद से उन्होंने 2016, 2021 और 2022 के संस्करणों में नीदरलैंड्स का प्रतिनिधित्व किया है।

**डेविड विसे (दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया)** - विसे ने पहली बार 2016 में दक्षिण अफ्रीका के साथ टी20 विश्व कप में डेब्यू किया था। 38 वर्षीय इस खिलाड़ी ने 2021 में नामीबिया के लिए पदार्पण किया और 2021 और 2022 टी20 विश्व कप में देश का प्रतिनिधित्व किया।

**मार्क चैपमैन (हॉन्गकॉन्ग और न्यूजीलैंड)** - चैपमैन ने 2014 में हॉन्गकॉन्ग के खिलाड़ी के रूप में अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया और इसके बाद उन्हें 2014 विश्व टी20 के लिए हॉन्गकॉन्ग की टीम में शामिल किया गया, जो किसी प्रमुख आईसीसी टूर्नामेंट में हॉन्गकॉन्ग की पहली उपस्थिति भी थी। हालांकि, 2018 से, वह ब्लैककैप्स का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, जो 2021 और 2022 संस्करणों में शामिल हैं। वह 2024 टी20 विश्व कप में भी खेलेंगे।

**कोरी एंडरसन (न्यूजीलैंड और यूएसए)** - इस सूची में न्यूजीलैंड का प्रतिनिधित्व करने वाले एक और खिलाड़ी एंडरसन ने 2014 और 2016 के संस्करणों में कीवी के लिए खेला। इस साल की शुरुआत में उन्होंने यूएसए क्रिकेट टीम के लिए डेब्यू किया और उन्हें उस टीम में शामिल किया गया है जो 2024 में घरेलू टी20 विश्व कप में भाग लेगी।

# सैमसन पर मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना

**आईपीएल की आचार संहिता का उल्लंघन किया**
**दिल्ली के खिलाफ अंपायर के फैसले पर जताई थी असहमति**



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन पर मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। सैमसन पर यह फाइन मंगलवार को अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में आईपीएल की आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए लगाया गया है। सैमसन को आचार संहिता के आर्टिकल 2.8 के तहत लेवल 1 के अपराध का दोषी पाया गया, जो अंपायर के फैसले पर असहमति दिखाने से संबंधित है। उन्होंने अपराध स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी की सजा स्वीकार कर ली।

### होप के विवादित कैच से आउट हुए सैमसन

राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन शाई होप के बाउंड्री पर बेहतरीन कैच लेने के बाद आउट हुए। 16वें ओवर की चौथी बॉल मुकेश कुमार ने गुड लेंथ पर फेंकी, सैमसन ने लॉन्ग ऑन की दिशा में शॉट खेला। यहां होप ने कैच पकड़ा लेकिन इस दौरान पैर बाउंड्री के बेहद करीब नजर आया। थर्ड अंपायर ने रिप्ले देखा लेकिन कैच को क्लीन माना और सैमसन आउट करार दिए गए। कैच क्लीन करार दिए जाने के बाद सैमसन अंपायर से बहस करते नजर आए कि फील्डर का पैर बाउंड्री को छू रहा था। हालांकि अंपायर ने अपना फैसला कायम रखा और सैमसन को पवेलियन लौटना पड़ा। उन्होंने 46 बॉल पर 86 रन बनाए।

### दिल्ली ने राजस्थान को 28 रन से हराया

दिल्ली ने होमग्राउंड पर टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 221 रन बनाए। जवाब में राजस्थान 20 ओवर में 8 विकेट पर 201 रन ही बना सकी। खलील अहमद, मुकेश कुमार और कुलदीप यादव ने दो-दो विकेट लिए। आरआर से संजू सैमसन ने 46 बॉल पर 86 रन की पारी खेली। रियान पराग ने 27 और शिवम दुबे ने 25 रन बनाए। डीसी से ओपनर जैक फ्रेजर-मैगर्क (50 रन) और अभिषेक पोरेल (65 रन) ने अर्धशतक जमाए। ट्रिस्टन स्टब्स ने 41 रन बनाए। राजस्थान से रविचंद्रन अश्विन ने 3 विकेट चटकाए। युजवेंद्र चहल, संदीप शर्मा और ट्रेंट बोल्ट को एक-एक विकेट मिला।

# पंजाबी बोलते नजर आए विराट कोहली, युवा क्रिकेटरों के साथ मजाक करते वीडियो वायरल



**बेंगलूर (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली दुनिया भर के युवाओं के लिए एक आदर्श रहे हैं। विभिन्न आयु समूहों में फैले वैश्विक फैन बेस के साथ कोहली को क्रिकेट जगत से प्रशंसा मिली है। इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा संस्करण में कोहली सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों में से एक रहे हैं और वर्तमान में 11 मैचों में 542 रन के साथ सीजन में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। आईपीएल 2024 में पंजाब किंग्स के खिलाफ आरसीबी के महत्वपूर्ण मुकाबले से पहले धर्मशाला में कोहली ने प्रशिक्षण सत्र के दौरान पसीना बहाया जिसके बाद साथी युवा क्रिकेटरों के साथ उनकी बातचीत का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। कोहली को युवा खिलाड़ियों के साथ अचानक सत्र में शामिल होते हुए ऑटोग्राफ देते देखा जा सकता है। कोहली इस पूरे साल रॉयल चैलेंजर्स के लिए प्रमुख खिलाड़ी रहे हैं, हालांकि टीम ने अपने अभियान की निराशाजनक शुरुआत की और आधे रास्ते तक पूरे सीजन में केवल एक जीत हासिल की। आरसीबी ने तब से मजबूत वापसी की है और वर्तमान में तीन मैचों की जीत की लय में है। टीम 11 मैचों में चार जीत के साथ आरसीबी 8 अंकों के साथ अंक तालिका में सातवें स्थान पर है।

इस वर्ष उनके शानदार प्रदर्शन के बाद कोहली को टी20 विश्व कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम में भी नामित किया गया था। हालांकि भारत की एकादश में उनकी बल्लेबाजी की स्थिति पर सस्पेंस बना हुआ है। जबकि कई लोगों का मानना ????है कि कोहली को मार्की टूर्नामेंट में रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग करनी चाहिए। दोनों ने प्रारूप में केवल एक बार ओपनिंग की है। वहीं कुछ लोग चाहते हैं कि भारत का यह महान खिलाड़ी क्रम में अपना तीसरा स्थान बरकरार रखे। आरसीबी की प्लेऑफ की आकांक्षाओं अभी भी जीवित हैं।

# टी-20 इंटरनेशनल मैच में मचा तूफान, 6 बल्लेबाज 0 पर आउट

**टोक्यो (एजेंसी)।** टी20 इंटरनेशनल मुकाबले में उस समय तूफान मचता नजर आया, जब एक टीम ने छक्कों और चौकों की बरसात करते हुए रनों का अंबार खड़ा कर दिया। वहीं दूसरी टीम ने ताश के पत्तों की तरह अपने विकेट गंवा दिए। टीम के 6 बल्लेबाज बिना खाते खोले ही पवेलियन लौट गए। टीम का टॉप स्कोरर बल्लेबाजों ने मात्र चार रन ही बनाए। टी20 इंटनेशनल मैच में यह स्कोरबोर्ड देखकर आपका सिर घूम जाएगा।

**205 रन से हारी मंगोलिया टीम** - दरअसल, यह गजब मुकाबला मंगोलिया और जापान के बीच हुए टी20 इंटरनेशनल मैच में देखने को मिला। मैच में पहले



बल्लेबाजी करते हुए जापान की टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 217 रन बना दिए। टीम के टॉप रन स्कोरर ने 69 रन की पारी खेली। जवाब में मंगोलिया की पूरी टीम मात्र 12 रन ही सिमट गई। पूरी टीम के बल्लेबाज मात्र 8.2 ओवर में ही ढेर हो गए। जापान ने 68 गेंदें रहते 205 रन से यह मैच अपने नाम कर लिया। एक गेंदबाज ने इस मैच में 5 विकेट भी चटकाए।

**मात्र 12 रनों पर ही सिमट गई पूरी टीम** - बता दें कि मंगोलिया की टीम जापान के दौरे पर है, जहां दोनों के बीच 7 टी20 मैचों की सीरीज खेली जा रही है। दूसरे मैच में मंगोलिया टीम के छह बल्लेबाज बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गए। बाकी 4 बल्लेबाज- 2, 1, 4 और 2 रन बनाकर आउट हुए जबकि 11वें नंबर का बल्लेबाज बिना खाता खोले नाबाद रहा। मंगोलिया की पूरी टीम इस मैच में मात्र 12 रनों पर ही सिमट गई, जोकि अभी तक के टी20 इंटरनेशनल इतिहास में किसी भी टीम द्वारा बनाया गया दूसरा सबसे छोटा स्कोर है।

**दूसरा सबसे कम टी20 स्कोर** - बताते चलें कि इससे पहले साल 2023 में आइल ऑफ मैन टीम स्पेन के खिलाफ मात्र 10 रन पर ही ढेर हो गई थी। स्कोर का पीछा करते हुए स्पेन ने 2 गेंदों में यह मैच जीत लिया था। अब दूसरा सबसे छोटा टी20 इंटरनेशनल स्कोर मंगोलिया के नाम दर्ज हो गया है। वहीं, तीसरे स्थान पर टर्की की टीम है, जिसने टी20 इंटरनेशनल इतिहास का तीसरा कम स्कोर बनाया है। 2019 में यह टीम क्रेच रिपब्लिक के खिलाफ मात्र 21 रन ही बना पाई थी।

टी20 विश्व कप

# पापुआ न्यू गिनी ने किया 15 सदस्यीय टीम का ऐलान, इस 36 वर्षीय को मिली कप्तानी

**पापुआ न्यू गिनी (एजेंसी)।** पापुआ न्यू गिनी ने टी20 विश्व कप 2024 के लिए 15 सदस्यीय



टीम की घोषणा की जिसकी कमान 36 साल के अनुभवी असद वाला को सौंपी गई है। उन्होंने 2021 टी20 विश्व कप में भी यह भूमिका निभाई थी। असद नौ अन्य खिलाड़ियों और जैक गार्डनर के साथ 2021 में ओमान और यूएई में हुए टूर्नामेंट की टीम का भी हिस्सा थे।

ऑल राउंडर सीजे अमिनी को उप कप्तान बनाया गया है जबकि 20 साल के स्पिनर जॉन केरिको टीम के सबसे युवा खिलाड़ी हैं। पापुआ न्यू गिनी ने पूर्वी एशिया-प्रशांत क्वालीफार जीतकर दूसरी बार टी20 विश्व कप में जगह बनाई है। टीम अपने अभियान की शुरुआत दो जून को गयाना में वेस्टइंडीज के खिलाफ ग्रुप सी मुकाबले के साथ करेगी।

**पापुआ न्यू गिनी की टीम इस प्रकार है** - असद वाला (कप्तान), सीजे अमिनी, एली नाओ, चाड सोपर, हिला वेरे, हिरी हिरी, जैक गार्डनर, जॉन कारिको, काबुआ वागी मोरिया, किपलिंग डोरिगा, लेगा सियाका, नॉर्मन वनुआ, सेमा कामिया, सेसे बाउ और टोनी उरा।

**दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हार पर बोले संगकारा**

# सैमसन के आउट होने के बावजूद हमें मैच जीतना चाहिए था

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच कुमार संगकारा का कहना है कि कप्तान संजू सैमसन के आउट होने के बाद टीम मुश्किल स्थिति में थी लेकिन उसे फिर भी यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल मैच जीतना चाहिए था। दिल्ली के 222 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सैमसन 46 गेंद में 86 रन बनाकर पवेलियन लौटे। उनके आउट होने के बाद रॉयल्स को 27 गेंद पर 60 रन की दरकार थी लेकिन टीम मंगलवार रात 20 रन से हार गई। रॉयल्स की टीम अगर जीत दर्ज करती तो प्ले ऑफ में उसकी जगह सुनिश्चित हो जाती जबकि दिल्ली की टीम नॉकआउट की दौड़ से बाहर हो जाती।



संगकारा ने कहा, 'उसके आउट होने के बावजूद हमें शायद यह मैच जीतना चाहिए था। उन्होंने कहा, 'हार मिलती हैं। सत्र की शुरुआत में हमने शानदार प्रदर्शन किया था। हमने इस मैच में शानदार गेंदबाजी की, विशेषकर अश्विन ने, लेकिन एक बार जब आप बहुत सारी सहज गलतियां करते हैं तो यह बहुत कठिन हो जाता है। आखिर यह योजनाओं को लागू करने से जुड़ा है।

**सैमसन के विवादित आउट पर बोले संगकारा** - जब सैमसन आउट होकर पवेलियन लौटे वह खुश नहीं थे क्योंकि संदेह था कि शायद कैच पकड़ने वाले शाई होप का पैर सीमा रेखा से छुआ हो। निर्णय टीवी अंपायर के पास भेजा गया जिन्होंने सैमसन को आउट करार दिया लेकिन रॉयल्स के कप्तान ने वापस जाने से पहले मैदानी अंपायर से बहस करने का फैसला किया। संगकारा ने कहा कि कभी-कभी तीसरे अंपायर के लिए भी फैसला लेना मुश्किल होता है।

संगकारा ने कहा, 'यह रीप्ले और कोण पर निर्भर करता है और कभी-कभी आपको लगता है कि पैर छू गया है। लेकिन तीसरे अंपायर के लिए इस पर फैसला करना मुश्किल था।

# राहुल गांधी के बयान पर.....सीतारमण "उल्टा चोर कोतवाल को डांटे"

## मनमोहन सरकार में पीएसयू को नुकसान उठाना पड़ा

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि मनमोहन सरकार के दौरान सार्वजनिक उपक्रमों (पीएसयू) को नुकसान उठाना पड़ा था। उन्होंने कहा कि पहले उपेक्षित रहे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) जैसे उपक्रमों का मोदी सरकार के दौरान "पुनरुत्थान" हुआ। कांग्रेस पार्टी और उसके नेता राहुल गांधी के सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के परेशानी झेलने के आरोपों का खंडन करते हुए सीतारमण ने कहा कि यह "उल्टा चोर कोतवाल को डांटे" जैसा है। वित्त मंत्री ने लिखा, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) फल-फूल रहे हैं, तथा उन्हें बढ़ी हुई परिचालन स्वतंत्रता के साथ-साथ उनमें पेशेवर संस्कृति का संचार हुआ है। उन्होंने कहा कि मनमोहन सरकार के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को नुकसान उठाना पड़ा। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड जैसे सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम जो पहले यूपीए सरकार के दौरान उपेक्षित थे, मोदी सरकार के दौरान फिर से खड़े हुए।

सीतारमण ने कहा कि राहुल गांधी ने कहा कि पीएसयू को खत्म किया जा रहा है और वर्तमान सरकार के अधीन वे परेशान हैं, लेकिन वास्तव में यह "उल्टा चोर कोतवाल को डांटे" जैसा है क्योंकि तथ्य कुछ और बयां करते हैं। वित्त मंत्री ने राहुल गांधी पर एचएएल पर "दुर्भावनापूर्ण" हमला करने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनके दावों के विपरीत, एचएएल का बाजार मूल्यांकन चार वर्षों में 1,370 प्रतिशत बढ़ गया है, जो 2020 में 17,398 करोड़ रुपये से बढ़कर सात मई 2024 तक 2.5 लाख करोड़ रुपये था। एचएएल ने 31 मार्च 2024 को वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 29,810 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व दर्ज करने की घोषणा की है। यह उसका अभी तक का सर्वाधिक राजस्व है। उसके पास 94,000 करोड़ रुपये से अधिक का मजबूत ऑर्डर बुक भी है।

# रूसी तेल पर छूट घटी तो कंपनियों का सकल रिफाइनिंग मार्जिन कम हुआ

## –दो साल पहले तक भारत सबसे ज्यादा कच्चा तेल इराक से खरीदता था

**मास्को।**

रूस ने कच्चे तेल के दाम पर छूट कम कर दी है और इराक भारत पहुंचने वाले तेल में अपनी पैठ दोबारा बनाने कम कीमत पर कच्चा तेल दे रहा है। इस कारण देसी रिफाइनरियां इराक से ज्यादा तेल मंगा रही हैं। उद्योग से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि रूस से कच्चे तेल का आयात महंगा होने के कारण वित्त वर्ष 2023-24 की आखिरी तिमाही में तेल कंपनियों का सकल रिफाइनिंग मार्जिन कम हुआ है।

सीमा शुल्क के आंकड़ों के आधार पर गणना बताती है कि 2023-24 में रूस का तेल इराक के कच्चे तेल से करीब 3 डॉलर प्रति बैरल सस्ता था, जबकि उससे पिछले वित्त वर्ष में यह 7 डॉलर प्रति बैरल सस्ता पड़ रहा था। दो साल पहले तक भारत सबसे ज्यादा कच्चा तेल इराक से ही खरीदता था मगर रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद लगे प्रतिबंधों के कारण रूस को अपना तेल चीन और भारत को बहुत कम दाम पर बेचने के लिए मजबूर होना पड़ा था। भारत ने मौके का पूरा फायदा उठाया और रूस से ज्यादा तादाद में तेल खरीदा। इस कारण रूस पिछले वित्त वर्ष में भारत को सबसे ज्यादा तेल बेचने वाला देश बन गया। वित्त वर्ष 2024 में रूस से औसतन 76.4 डॉलर प्रति बैरल पर कच्चे तेल का आयात किया, जबकि इराक से तेल आयात की लागत 79 डॉलर प्रति बैरल थी। वित्त वर्ष 2023 में इराक के तेल का औसत भाव 90.6 डॉलर प्रति बैरल था जबकि रूस से तेल 83.2 डॉलर प्रति बैरल पड़ा था। पिछले वित्त वर्ष में वेनेजुएला के कच्चे तेल का भाव सबसे कम 64 डॉलर प्रति बैरल था। मगर गुणवत्ता खराब होने, भारी होने और गंधक ज्यादा होने के कारण रिलायंस इंडस्ट्रीज के जामनगर संयंत्र जैसी उन्नत रिफाइनरियों में ही प्रोसेस किया जा सकता है।

इराक से कच्चे तेल के दाम 2024 में घट गए। मार्च में इराकी बेंचमार्क बसरा ऑयल रूस के कच्चे तेल से 2 डॉलर प्रति बैरल सस्ता था। सीमाशुल्क विभाग के आंकड़े बताते हैं कि मार्च में इराकी तेल की औसत कीमत 78.6 डॉलर प्रति बैरल और रूसी तेल



की कीमत 80.6 डॉलर प्रति बैरल थी। मुंबई के एक रिफाइनर ने कहा कि भारतीय रिफाइनरियां हेवी ग्रेड वाला बसरा क्रूड खरीद रही हैं, जिस पर छूट मिल रही है। उद्योग सूत्रों ने कहा कि वित्त वर्ष 2024 में रूसी तेल पर छूट आधी रह जाने से उसके और इराक के तेल के भाव का अंतर भी कम हो गया। रूस के तेल पर भारत को मिलने वाली छूट वित्त वर्ष 2023 की चौथी तिमाही में करीब 77 फीसदी घट गई।

सार्वजनिक क्षेत्र की एक रिफाइनरी के एक अधिकारी ने बताया कि वित्त वर्ष 2023 में प्रति बैरल 10.5 डॉलर की छूट मिल रही थी जो पिछले वित्त वर्ष में घटकर 5.8 डॉलर प्रति बैरल रह गई। उद्योग के एक अधिकारी ने कहा कि रूस पर नए अमेरिकी प्रतिबंधों का रूस के करीब 10 फीसदी जहाजों पर असर पड़ा है। मुंबई की एक रिफाइनरी के अधिकारी ने कहा कि भारतीय रिफाइनरियों के करार के मुताबिक रूस को खरीदा तेल यहां तक पहुंचाना पड़ता है और माल भाड़े या बीमा में कोई भी इजाफा छूट में से काट दिया जाता है। रुस से कच्चे तेल पर मिल रही छूट कम ही रही और भाव 85 डॉलर प्रति बैरल रहा तो वित्त वर्ष 2025 में देश का शुद्ध तेल आयात बिल बढ़कर 101 अरब से 104 अरब डॉलर तक हो सकता है, जो वित्त वर्ष 2024 में 96.1 अरब डॉलर ही था।' उद्योग के अधिकारियों ने कहा कि तेल के दाम में उतार-चढ़ाव जारी है।

# 2023 में विनिर्माण, निर्माण और खनन क्षेत्रों में निवेश को हुआ घटा

**मुंबई ।**

वित्त वर्ष 23 में विनिर्माण, निर्माण और खनन क्षेत्रों में निवेश घटा है। सकल पूंजी निर्माण (जीसीएफ) में दिखाए जाने वाले निवेश में गिरावट का कारण निर्यात में प्राथमिक तौर पर गिरावट और कम निजी खपत है। यह जानकारी सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय ने राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी, 2024 के उद्योग-वार विश्लेषण में दी।

इस समय वित्त वर्ष 2023 में सकल जीसीएफ स्थिर मूल्य पर 6.9 प्रतिशत बढ़कर 55.3 लाख करोड़ रुपए हो गया है। जीसीएफ अर्थव्यवस्था में निवेश का व्यापक माप है और यह अचल संपत्तियां, इंवेंटरी और कीमती सामानों समेत भौतिक परिसंपत्तियों के मूल्य का प्रतिनिधित्व करता है। दूसरी तरफ सकल तय पूंजी निर्माण (जीएफसीएफ) अर्थव्यवस्था में निवेश का संकुचित रूप से प्रतिनिधित्व करता है। इसका कारण यह है कि इसमें मूल्यवान इंवेंटरी या अधिग्रहण को शामिल नहीं किया जाता। जीएफसी विनिर्माण 5.4 प्रतिशत संकुचित



होकर 9.4 लाख करोड़ रुपए हो गया। अर्थशास्त्रियों के अनुसार कम विनिर्माण वृद्धि का कारण क्षमता का कम उपयोग और कंपनियों के निवेश में कम पहल करना है। इसके अलावा निर्माण क्षेत्र पर सरकार के अधिक पूंजीगत व्यय किए जाने के कारण इस क्षेत्र में पूंजी निर्माण में गिरावट आई है। इस क्षेत्र में पूंजी निर्माण वित्त वर्ष 2023 में 2.9 प्रतिशत घटकर 4.02 लाख करोड़ रुपए हो गया जबकि यह 2022 में 4.14 लाख करोड़ था। इसमें गिरावट का प्रमुख कारण सस्ते आवास क्षेत्र में गिरावट आना है।

# सोने और चांदी की कीमतें बढ़ीं

**नई दिल्ली ।**

घरेलू बाजार में बुधवार को सोने और चांदी की कीमतें बढ़ी हैं। दोनों के वायदा भाव आज बढ़त के साथ खुले। आज सुबह सोने के वायदा भाव 71,200 रुपये के करीब जबकि चांदी के वायदा भाव 82,950 रुपये के करीब रहे। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी की वायदा कीमतों में कमी आई। इस दौरान मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क जून अनुबंध 15 रुपये की तेजी के साथ 71,163 रुपये के भाव पर खुला। वहीं एक समय यह अनुबंध 26 रुपये की तेजी के साथ ही 71,174 रुपये के भाव पर बना हुआ था। इसके बाद ये 71,189 रुपये के भाव पर दिन के उच्च और 71,163 रुपये के भाव पर निचले स्तर पर पहुंचा। सोने के वायदा भाव पिछले माह 73,958 रुपये के शीर्ष स्तर पर पहुंचे। इसके अलावा चांदी के वायदा भाव की आज सपाट शुरूआत हुई। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क जुलाई अनुबंध आज 82,878 रुपये पर खुला। एक समय यह अनुबंध 72 रुपये की तेजी के साथ ही 82,950 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय ये 82,989 रुपये के भाव पर दिन के उच्च और 82,870 रुपये के भाव पर निचले स्तर पर पहुंचा। गत माह चांदी का वायदा भाव 86,126 रुपये किलो के उच्चतम स्तर पर पहुंचा था। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने



चांदी के वायदा भाव की शुरुआत आज कमजोर रही। कामेक्स पर सोना 2,323 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। इसका गत दिवस बंद भाव 2,324.20 डॉलर था। वहीं इसी प्रकार चांदी के वायदा भाव 27.47 डॉलर के भाव पर खुले। इसका पिछला बंद भाव 27.54 डॉलर था।

## कावासाकी ला रही केएलएक्स 230 एस ड्यूअल स्पोर्ट बाइक

**नई दिल्ली ।** बेहतरीन बाइक बनाने वाली कंपनी कावासाकी बहुत जल्द अपनी केएलएक्स 230 एस ड्यूअल स्पोर्ट बाइक लेकर आ रही है। कंपनी इस बाइक का स्थानीयकरण करेगी और इसे भारतीय परिवहन नियमों के अनुसार तैयार कर बेचेगी। हाल ही में ये बाइक टेस्टिंग के दौरान स्पॉट भी की गई है, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। कावासाकी केएलके 230 एस ड्यूअल स्पोर्टस बाइक इस साल के अंत तक या 2025 की शुरुआत में लॉन्च किया जा सकता है और कीमत 4 लाख रुपये एक्स-शोरूम के आस-पास होगी। यह बाइक हीरो एक्सपल्स 200 4 वी को टक्कर देगी।अपकमिंग कावासाकी बाइक में 233सीसी, एयर-कूल्ड, सिंगल-सिलेंडर इंजन दिया जा सकता है, जो 19बीएचपी की पावर और 20.6 एनएम का टॉर्क पैदा करेगा। वहीं ब्रेकिंग के लिए एबीएस के साथ आगे-पीछे डिस्क ब्रेक और 21-18 इंच के स्पोक व्हील मिलेंगे। यह 131 किलोग्राम वजन के साथ कॉम्पैक्ट और हल्की होगी।



## फॉक्सवैगन ने किया समर कार केयर कैंप का ऐलान

**मुंबई ।** फॉक्सवैगन ने भारत में समर कार केयर कैंप का ऐलान किया है, जो मुई महीने कंपनी के 142 सर्विस सेंटर पर आयोजित किया जाएगा। कैंप के तहत ग्राहक प्रशिक्षित पेशेवरों द्वारा किए गए कॉम्प्लिमेंटरी 40-पॉइंट वाहन चेकिंग का लाभ उठा सकते हैं। गर्मी के मौसम में ड्राइविंग के दौरान गाड़ियों में आने वाली समस्याओं का पता लगाया जा सकेगा। कंपनी ने अपनी वेबसाइट पर नई क्विक सीजनल कार केयर गाइडलाइन भी जारी की है। कंपनी वैल्यू ऐडड सर्विसेज के तौर पर समर कार केयर कैंप में आकर्षक फायदे भी दे रही है, जिससे स्वामित्व अधिक किफायती और सुविधाजनक हो गया है। कंपनी ने विस्तारित वारंटी पैकेज की कीमतों में भी बदलाव किया है, जो 1 मई से लागू हैं। इसके अलावा कई आकर्षक सर्विस और कार देखभाल पैकेजों के साथ सर्विस कैम, असिस्टेंस के माध्यम से डोरस्टेप सर्विस और मोबाइल सर्विस यूनिट जैसी सुविधाओं की पेशकश करती है।

## महिंद्रा एक्सयूवी 400 के नए वेरिएंट लांच करेगी कंपनी

**मुंबई ।** महिंद्रा एक्सयूवी 400 को जल्द ही नए वेरिएंट में लांच कर सकती है। सूत्रों के अनुसार इस आठ वेरिएंट्स में पेश किया जाएगा। वर्तमान में बड़े बैटरी पैक के साथ ईसी प्रो, ईएल प्रो में पेश किया गया है। इसके अलावा कंपनी एक्सयूवी 3 एक्सओके लिए एक नया ईवी पावरट्रेन पेश करने वाली है। महिंद्रा एक्सयूवी 400 वर्तमान में 15.49 लाख रुपये से 17.49 लाख रुपये की कीमत पर अवेलेबल है। इसके विपरीत, महिंद्रा ने कहा था कि 31 मई, 2024 के बाद एक्सयूवी 400 की कीमत में मामूली बढ़ोतरी होगी।

## मारुति सुजुकी इस हफ्ते न्यू जेनरेशन मॉडल की नई स्विफ्ट करेगी लॉन्च

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी अपनी टॉप सेलिंग हैचबैक स्विफ्ट के न्यू जेनरेशन मॉडल को लॉन्च करने जा रही है। लॉन्च से पहले 2024 मॉडल स्विफ्ट की जानकारियां सामने आ गई हैं। यह हैचबैक अपनी फोर्थ जेनरेशन अवतार में काफी खास लुक-डिजाइन और फीचर्स के साथ आ रही है। इसके साथ ही इंजन-पावर और माइलेज में भी नई स्विफ्ट अपने पुराने मॉडल के मुकाबले अलग ही है। 2024 मारुति सुजुकी स्विफ्ट एलएक्सआई, वीएक्सआई, वीएक्सआई (ओ), जेडएक्सआई और जेडएक्सआई+ जैसे 5 ट्रिम लेवल के 10 से ज्यादा वेरिएंट में लॉन्च हो सकते हैं, जिनमें सीएनजी भी लगे होंगे। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो नई स्विफ्ट में नोवेल ऑरेंज और लस्टर ब्लू जैसे कलर मिलेंगे। बाद में इसमें मौजूदा मॉडल वाले सिंगल टोन और डुअल टोन कलर ऑप्शन तो होंगे। नई मारुति सुजुकी स्विफ्ट का लुक और डिजाइन काफी जबरदस्त होगा। इस हैचबैक के न्यू जेनरेशन मॉडल में नई फ्रंट हेडलाइट, नए डीआरएल और फॉगलैंप, रीडिजाइन्ड बंपर, बेहतर डिजाइन वाली अलॉय व्हील, रियर में नया टेललैंप समेत बाहरी खूबियां भी दिखने लायक होंगी। कंपनी नई स्विफ्ट को स्पोर्टी लुक और डिजाइन के साथ पेश करेगी। बीते 19 साल से भारतीय बाजार में जलवा बिखेरने वाली स्विफ्ट अब नए अवतार में बदली-बदली नजर आएगी। न्यू जेनरेशन मारुति सुजुकी के एक्सटीरियर की तरह ही इंटीरियर में बदलाव किया है। वैसे इंटीरियर और फीचर्स के बारे में पुख्ता डिटेल तो 9 मई को पता चल सकेगी, लेकिन खबर हैं कि 2024 स्विफ्ट का इंटीरियर कंपनी की क्रॉसओवर फ्रॉन्क्स से इंस्पायर्ड होगा। बेहतरीन इंटीरियर से लैस इस हैचबैक के फीचर्स भी कमाल के होंगे। इसमें 9 इंच का स्मार्ट प्ले प्रो प्लस टचस्क्रीन इन्फोटेनमेंट सिस्टम, वायरलेस स्मार्टफोन कनेक्टिविटी, वायरलेस चार्जर, रियर में भी एसी वेंट, सुजुकी की कनेक्टेड कार टेक्नॉलजी, कई तरह के यूएसबी चार्जिंग पोर्ट्स जैसे स्टैंडर्ड फीचर्स के साथ 6 एयरबैग समेत काफी सारे सेफ्टी फीचर्स इसमें शामिल किए गए हैं। नई मारुति सुजुकी स्विफ्ट में ऑल न्यू 1.0 लीटर 3 सिलिंडर जी-सीरीज पेट्रोल इंजन लगा है, जो कि माइल्ड हाइब्रिड टेक्नॉलजी से लैस होगा और यह करंट मॉडल में मौजूद 4 सिलिंडर के-सीरीज इंजन को रिप्लेस करेगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक नई स्विफ्ट का नया इंजन 81.6 पीएस की मैक्सिमम पावर और 112 न्यूटन मीटर का पिक टॉर्क जेनरेट करने में सक्षम होगा।

## आरईसी 6 हजार करोड़ जुटाने करेगा दो अलग-अलग बॉन्ड जारी

**मुंबई।**

रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड (आरईसी) परिपक्वता अवधि वाले दो बॉन्डों के माध्यम से 6 हजार करोड़ रुपए तक जुटाने की योजना बना रही है। पहले बॉन्ड में कंपनी की योजना 3,500 करोड़ रुपए जुटाना है, जिसमें 2,500 करोड़ रुपए तक के अतिरिक्त आवेदन को मंजूर करने विकल्प शामिल है और यह दस साल 17 दिन बाद 31 मई 2034 को परिपक्व होगा। उसकी योजना 6.90 फीसदी वाले 31 मार्च, 2031 के बॉन्ड को दोबारा जारी कर अतिरिक्त 3,500 करोड़ रुपए जुटाने की है। कंपनी ने इसके लिए आगामी शुक्रवार को बोलियां आमंत्रित की हैं। एनसीडी को इक्रा व क्रिसिल ने स्थिर परिदृश्य के साथ सबसे ऊंची क्रेडिट रेटिंग एएए दी गई है। कंपनी ने भुगतान करने की तारीख 14 मई तय की है जब निवेशकों को बॉन्ड के बदले इश्यू करने वाले को पैसा देना होगा। गोपीनाथन, अभिलाषा एनएसई के निदेशक नैशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने टीसीएस के पूर्व एमडी व सीईओ राजेश गोपीनाथन और न्यायमूर्ति अभिलाषा कुमारी को अपने निदेशक मंडल में जनहित निदेशक (पीआईडी) के तौर पर शामिल किया है। अभिलाषा कुमारी मणिपुर हाईकोर्ट की अवकाशप्राप्त चीफ जस्टिस हैं। दोनों नियुक्तियां तीन साल के लिए की है। बाजार नियामक ने अप्रैल के आखिर में इन नियुक्तियों को मंजूरी दी थी। इन नियुक्तियों के बाद एक्सचेंज के बोर्ड में छह सदस्य हो गए हैं, जिनमें चार पीआईडी और एक गैर-स्वतंत्र निदेशक शामिल हैं।

# शेयर बाजार में मिलाजुला कारोबार

## सेंसेक्स में गिरावट , निफ्टी सपाट बंद

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को मिश्रित कारोबार हुआ। बीएसई सेंसेक्स में हल्की गिरावट रही। वहीं एनएसई निफ्टी में सपाट कारोबार हुआ। सप्ताह के तीसरे कारोबारी दिन दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के बीच ही निवेशकों ने भी सावधानी बरती। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 45.46 अंक करीब 0.06 फीसदी की गिरावट के साथ 73,466.39 अंक पर बंद हुआ। वहीं, दूसरी तरफ नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (के निफ्टी में कोई भी बदलाव नहीं आया। निफ्टी दिन के अंत में 22,302.50 अंक पर बंद हुआ। वहीं गत दिवस मुनाफावसूली से बाजार नीचे आया था। निवेशकों ने विभिन्न सेक्टरों में शेयर बेचे। बीएसई सेंसेक्स इंट्राडे में 611 अंक ऊपर आने के बाद 45 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ। वहीं व्यापक बाजारों में, बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांकों ने अच्छा प्रदर्शन किया, क्योंकि वे क्रमशः 0.78 फीसदी और 0.5 फीसदी ऊपर आये।

शेयरों का मूल्यांकन ऊंचा होने को लेकर चिंता के बीच एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईसीआईसीआई बैंक में बिकवाली से भी बाजार टूटा था। वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार गिरावट के साथ खुला। आज सुबह तीस शेयरों पर अधारित बीएसई सेंसेक्स 0.47 फीसदी करीब 347 अंक नीचे आकर 73,164.16 पर




खुला। वहीं पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 50 0.47 अंक तकरीबन 104 अंक नीचे आकर 22,198.10 के स्तर पर खुला। कारोबार के दौरान बीएसई पर मारुति सुजुकी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एलएंडटी और एशियन पेंट्स के शेयरों में सबसे अधिक तेजी रही। इसी प्रकार एनएसई में मारुति सुजुकी, कोल इंडिया के शेयर लाभ में रहे जबकि डॉ. रेड्डी, ग्रासिम के शेयर सबसे अधिक गिरे।

वहीं व्यापक बाजारों में निफ्टी मिडकैप और स्मॉलकैप 0.33 फीसदी और 0.21 फीसदी नीचे आये। आज निफ्टी रियल्टी में सबसे ज्यादा 1.38 फीसदी की गिरावट रही। इसके बाद कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में 1.19 फीसदी की गिरावट और फार्मा में 0.69 फीसदी की गिरावट रही। इसके अलावा पीएसयू बैंक के शेयर 0.84 फीसदी ऊपर आये। आज सुबह गिफ्ट निफ्टी 22,400 के नीचे आया। इसके अलावा एशिया-प्रशांत शेयर बाजारों में मिला-जुला कारोबार हुआ। जापान के निक्केई 225 में 1 फीसदी की गिरावट रही जबकि व्यापक इंडेक्स 0.88 फीसदी तक गिरा। दक्षिण कोरिया के कोस्पी में हल्की गिरावट दर्ज की गई जबकि ऑस्ट्रेलिया का एएसएक्स 200 0.08 फीसदी बढ़ा। दूसरी ओर वॉल स्ट्रीट पर अमेरिकी शेयरों में मिला-जुला कारोबार दर्ज किया गया। इसमें डॉव जोन्स और एसएंडपी 500 में 0.08 फीसदी और 0.13 फीसदी की हल्की बढ़त आई। इसके अलावा नैस्डैक 0.10 फीसदी नीचे आकर बंद हुआ।

# 50 वर्षों में सबसे कम बचत वर्ष 2023- 24 में

## 10 साल में 336 फ़ीसदी बढा कर्ज

**नई दिल्ली ।**

केंद्रीय सांख्यिकी मंत्रालय की डाटा रिपोर्ट सामने आई है। जिससे जानकारी मिलती है,पिछले 50 साल में सबसे कम बचत वर्ष 2023-24 में हुई है। पिछले 50 वर्षों के बचत का रिकॉर्ड टूट गया है। वर्ष 2023-24 में बचत 5.3 फ़ीसदी रह गई है। जबकि पिछले 50 वर्षों में 7 से 8 फ़ीसदी के बीच में न्यूनतम बचत रहती थी।

**बड़ी तेजी के साथ बढ़ रहा है कर्ज**

देश में बैंकों से लिया गया, घरेलू कर्ज भी बड़ी तेजी के साथ बढ़ रहा है। पिछले साल की तुलना में यह 54 फ़ीसदी बढ़ गया है। क्रेडिट कार्ड और होम लोन के माध्यम से सबसे ज्यादा कर्ज लिया गया है। पिछले 10 साल में कर्ज 336 फ़ीसदी बढा है। 2014-15 में 2.58 लाख करोड़ का कर्ज था। जो 2022-23 में बढ़कर 11.88 लाख करोड़ हो गया है। गैर बैंकिंग कर्ज पिछले दो वर्षों में तीन गुना ज्यादा बढ़ गया है। काम बचत और ज्यादा कर्ज से बैंकों को नगदी का संकट झेलना पड़ रहा है। घरेलू कर्ज एनबीएफसी और अन्य वित्तीय संस्थानों से महंगी ब्याज दर पर लिया गया है। 2022-23 में यह एक लाख करोड रुपए से अधिक का हो गया है।



**ग्रामीण क्षेत्रों में ब्रांडेड सामान की बिक्री बढी,शहरों में घटी**

पिछले 15 महीनो में ग्रामीण अंचलों और शहरी अंचलों की मांग में भी भारी परिवर्तन देखने को मिला है। पैकेट में बिकने वाले ब्रांडेड गुड्स की मांग शहरों में घटी है। गांवों में बड़ी तेजी के साथ मांग बढी है। शहरी क्षेत्र में 5.5 फ़ीसदी की मांग घट गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में 7.6 फ़ीसदी की दर से मांग बढ़ी है। जिसके कारण एफएमसीजी कंपनियां ग्रामीण क्षेत्र की ओर विशेष ध्यान दे रही हैं। ग्रामीण अंचलों से साबुन, तेल, पर्सनल केयर और खाने-पीने की वस्तुओं की मांग बढ़ी है। शहरों में मांग घटने और ग्रामीण क्षेत्रों में मांग का बढ़ना यह प्रमाणित करता है, शहरी क्षेत्र की तुलना में अब ग्रामीण अंचलों में खर्च करने के लिए पैसा है। जिसके कारण भौतिक आवश्यकताओं की मांग ग्रामीण अंचलों में बढ़ रही है।

## मई में खरीद ले हुंडई ये गाड़ियां मिल रहा बंपर डिस्काउंट

**मुंबई ।** हुंडई अपनी गाड़ियों पर बंपर डिस्काउंट दे रही है। डिस्काउंट का फायदा नकद छूट, एक्सचेंज बोनस और कॉर्पोरेट छूट के रुप में उठाया जा सकता है। ये डिस्काउंट वेरान,क्रेटा, और टायसून के अलाव आई 20, ग्रैंड आई10 नियोस और वेन्यू और एक्सटर कॉम्पैक्ट एसयूवी पर दिया जा रहा है। हुंडई वेन्यू



कॉम्पैक्ट एसयूवी पर 35,000 रुपये का डिस्काउंट दिया जा रहा है। इसमें 25,000 रुपये तक की नकद छूट और अधिकतम 10,000 रुपये का एक्सचेंज बोनस शामिल है। ग्रैंड आई10 नियोस पर कुल 48,000 रुपये तक का डिस्काउंट दिया जा रहा है। पिछले महीने की तुलना में 5,000 रुपये की वृद्धि है, और इसमें 3,000 रुपये की कॉर्पोरेट डिस्काउंट भी शामिल किया गया है। आई 20 पर लगभग 25,000 रुपये का डिस्काउंट दिया जा रहा हैं। मध्य, उत्तर और पश्चिम भारत में 45,000 रुपये की छूट मिलेगी, जबकि पूर्व और दक्षिण भारत में 35,000 रुपये तक की छूट मिलेगी।

## ई अछय तृतीया बाल बिवाह कर रोकथाम ले तैयार झारखंड सरकार

# सउब जिला कर जिलाधिकारीमन के महिला एवं बाल बिभाग देलयं उचित कदम उठाएक कर निरदेस



सोनू सपवार, रांची

झारखंड सरकार 10 मई के अछय तृतीया कर परब के देखते ई दिन बाल बिवाह के रोकेक ले पूरा तैयार हेके आउर इकर ले उचित कदम भी उठाल जात हे। राइज कर महिला एवं बाल विकास (डब्ल्यूसीडी) बिभाग सउब जिलाधिकारीमन के निरदेस देइ हे कि ऊमन अछय तृतीया कर दिन बाल बिवाह कर प्रथा के देखते इके रोकेक ले प्रभावी कदम उठावएं। देस से 2030 तक बाल बिवाह कर खात्मा कर लछ कर संगे रास्ट्रीय औसत से बेसी बाल बिवाह कर दर वाला देस कर 257 गो जिला में इकर उन्मूलन ले जमीन में काम करेक वाला 161 गो गैरसरकारी संगठनमन कर गठबंधन बाल बिवाह मुक्त भारत अभियान राइज सरकार कर ई पहल जे राइज के बाल बिवाह मुक्त बनाय सकेला, कर स्वागत करते कहलयं कि ऊ ई प्रयास में हरसंभव सहयोग ले तैयार हयं।

### मुख्य विवाह पंजीयक आउर अन्य पंजीयकमन से दुल्हनमन कर उम्र कर जांच करेक कर जानकारी प्रदान करेक ले कहलयं

महिला एवं बाल कल्याण बिभाग कर अधिसूचना में अधिकारीमन के पंचायत आउर ब्लॉक अस्तर में निगरानी बढ़ाएक कर निरदेस देवल जाए हे। अधिसूचना में बाल बिवाह के एक गो गंभीर मुद्दा बताते इकर तत्काल समाधान करेक कर जरुरी बात कहल गेलक। संगे ई भी कहल गेलक कि जागरूकता कार्जक्रम आयोजित करेक होवी आउर इकर रोकथाम ले अदमीमन के जागरूक करेक होवी।

राइज कर सउब जिला कार्जक्रम अधिकारीमन आउर संरछन सह निसेध अधिकारीमन के भेजल गेल ई पत्र में कहल जाय हे कि तात्कालिक कदम कर रूप में गांव में जागरूकता अभियान आयोजित होवेक चाही आउर ई दौरान पंचायत प्रतिनिधिमन, सउब धर्म कर पुरोहित आउर पुलिस अफसरमन कर संगे बड़ पैमाना में संपर्क करेक आउर उनके जागरूक करेक कर जरूरत आहे। पत्र में सउब जिलाधिकारीमन के आम जनता के जागरूक करेक ले मीडिया कर माध्यम से अभियान चलाएक कर अलावा पढ़ाई बीच में छोड़ेक वाला छउवामन आउर बिना सूचना देल इस्कूल से नदारद चलेक वाला छउवामन कर बिद्यालय वार सूची तैयार करेक कर भी निरदेस देवल जाए हे।

बिभाग राइज कर सउब मुख्य बिवाह पंजीयकमन आउर ग्रामीन आउर सहरी छेतर कर बिवाह पंजीयकमन के आपन छेतराधिकार में पंजीकृत होवेक वाला बिवाह कर संख्या आउर उकर में दर्ज दुल्हन कर उम्र कर जांच आउर छानबीन ले उचित कदम उठाएक कर निरदेस भी देइ हे। अधिसूचना में कहल गेलक, "आवेदकमन कर आयु प्रमान कर दस्तावेज से संबंधित केऊ भी संदेह कर मामला में, इकर सूचना संबंधित बाल बिवाह निसेध अधिकारी (सीएमपीओ) के देवल जाएक चाही। ई संबंध में पंचायतमन में पंचायत सचिव के पहिले हे सीएमपीओ नियुक्त करल जाए चुइक हे।"

बाल बिवाह कर कुरीतिमन के दूर करेक ले, झारखंड अनिवार्य बिवाह पंजीकरन अधिनियम 2017 (झारखंड अधिनियम संख्या 04, 2018) लागू हेके। सरकार अधिनियम कर प्रावधान कर अनुपालन सुनिश्चित करेक कर जिम्मा राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार बिभाग के सौंप हयं।

ई बछार बाल बिवाह में झारखंड सरकार कर सख्त रुख कर सराहना करते बाल बिवाह मुक्त भारत अभियान कर संयोजक रवि कांत कहलयं, "बाल बिवाह से निपटेक ले झारखंड सरकार कर बहुआयामी दृस्टिकोन ई मुद्दा में सरकार कर प्रतिबद्धता आउर समझ के दरसायला। जब राइज सरकार अइसन रुख अपनावी तभे हमिन ई अपराध के आपन सामाजिक ताना-बाना से प्रभावी ढंग से आउर तत्काल उखाड़ाय फेंकेक में सछम होंबयं। झारखंड लगातार ई खतरा से लड़त हे आउर इकर उल्लेखनीय परिनाम भी सामने आए हे। अछय तृतीया कर आसपास ई अधिसूचना ई सुनिश्चित करेक में सहायक होवी कि बाल बिवाह मुक्त झारखंड जल्दीये एक गो वास्तविकता बइन जाए।"

बाल बिवाह मुक्त भारत अभियान आपन सहयोगी संगठनमन कर संगे मिइल के देस में बाल बिवाह कर रास्ट्रीय औसत से बेसी दर वाला जिला में बाल बिवाह कर खिलाफ अभियान चलात हे। ई सहयोगी गैरसरकारी संगठन बाल अधिकार कार्जकर्ता भुवन ऋभु कर बेस्टसेलर किताब 'व्हेन चिल्ड्रेन हैव चिल्ड्रेन : टिपिंग प्वाइंट टू इंड चाइल्ड मैरेज' में सुझाल गेलक रननीतिमन आउर कार्जयोजना के अंगीकार करते उकर में अमल करत हयं। रास्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे-5 (एनएफएचएस 2019-21) कर आंकड़ा कर अनुसार देस में 20 से 24 आयुवर्ग कर 23.3 प्रतिसत छोड़ीमन कर बिहा उनकर 18 बछर कर होवेक से पहिले हे होए जाय रहे, जबकि झारखंड में ई दर 32.2 प्रतिसत हेके जे रास्ट्रीय औसत से ढेइरे बेसी हेके।

## एसबीयू कर प्लेसमेंट, बिद्यार्थीमन कर मिललक 10.92 लाख तक कर सालाना पैकेज



**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय कर प्लेसमेंट रिकॉर्ड ई बछर भी सानदार रईह हे। एखन तक विवि कर बिभिन्न संकाय कर 228 गो बिद्यार्थीमन कर प्लेसमेंट होए चुइक हे। ई प्रक्रिया जारी आहे। प्लेसमेंट ड्राइव कर माध्यम से एसबीयू कर बिद्यार्थीमन के देस कर नामी गिरामी कंपनीमन में काम करेक आउर आपन प्रतिभा देखाएक कर मोका हासिल होवी। इकर से ई बिद्यार्थीमन कर अभिभावकमन में भी खुसी कर लहर हेके।

बिश्वबिद्यालय कर ट्रेनिंग आउर प्लेसमेंट कर डीन हरिबाबू शुक्ला बतालयं कि ई बछर प्लेसमेंट में संस्थान कर छात्रमन के अधिकतम 10.92 लाख रुपया प्रति बछर कर पैकेज मिललक। ई बछर कर औसतन पैकेज चार लाख रुपया रईह हे। ई धांव संस्थान में 122 से भी बेसी कंपनीमन प्लेसमेंट प्रक्रिया में भाग लेलयं, जे रिकॉर्ड आहे।

ई धांव टीसीएस, बिड़ला पेंट्स, गोदरेज एंड बॉयस, मैप माई इंडिया, एक्सिस बैंक, श्याम स्टील, टीमकैन इंडिया, एसबीआई जनरल इंश्योरेंस, बजाज एलियांज, आइसीआइसीआइ प्रूडेंशियल, एचडीएफसी बैंक, वोडाफोन आइडिया, श्री सीमेंट, इंडिया मार्ट, एवरेस्ट इंडस्ट्रीज, एम स्क्वेयर मीडिया, जेनपैक्ट इत्यादि कंपनीमन में विवि कर बिद्यार्थी आपन जगह बनाएक में सफल होलयं।

ई अवसर में विवि कर कुलपति प्रो. गोपाल पाठक बिद्यार्थीमन कर उपलब्धिमन कर सराहना करलयं। उनकर उज्ज्वल भविस ले उनके सुभकामना देलयं। संस्थान कर छात्र-छात्रामन कर सफलता कर उल्लेख करते ऊ विवि कर अकादमिक माहौल, अनुसासन आउर बिद्यार्थीमन कर लगन आउर कड़ा मेहनत के इकर श्रेय देइ हयं। विवि कर प्रतिकुलाधिपति विजय कुमार दलान समेत डॉ. प्रदीप वर्मा बिद्यार्थीमन कर सफलता उपरे हर्स बेक्त करते उनके सुभकामना देलयं।

## लोकसभा चुनाव : पांचवां चरन में 695 गो उम्मीदवार मैदान में

- 8 गो राइज आउर केन्द्र सासित प्रदेस कर 49 गो संसदीय छेतर ले 1586 गो नामांकन-पत्र दाखिल करल गेलक



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 कर पांचवां चरन में 8 गो राइज आउर केन्द्रसासित प्रदेस कर 695 गो उम्मीदवार चुनाव लड़बयं। लोकसभा चुनाव 2024 कर पांचवां चरन में होवेक वाला मतदान ले 49 गो संसदीय छेतर ले कुल 1586 गो नामांकन-पत्र दाखिल करल गेलक। सउब 8 राइज आउर केन्द्रसासित प्रदेस में पांचवां चरन ले नामांकन-पत्र दाखिल करेक कर अंतिम तिथि 3 मई, 2024 रहे। दाखिल करल गेल सउब नामांकन-पत्र कर जांच कर बाद 749 गो नामांकन-पत्र बैध पाल गेलक। पांचवां चरन में महाराष्ट्र कर 13 गो संसदीय छेतरमन में अधिकतम 512 गो नामांकन-पत्र दाखिल करल जाए रहे। इकर बाद उत्तर प्रदेश कर 14 गो संसदीय छेतर में 466 गो नामांकन-पत्र दाखिल करल जाए रहे। झारखंड कर चतरा संसदीय छेतर में सउबसे बेसी 69 गो नामांकन-पत्र प्राप्त होलक आउर इकर बाद उत्तर प्रदेश कर लखनऊ संसदीय छेतर में 67 नामांकन-पत्र प्राप्त होलक। पांचवां चरन ले एक गो संसदीय छेतर में चुनाव लड़ेक वाला उम्मीदवारमन कर औसत संख्या 14 हेके।



## समर्पण साखा कर रक्तदान सिबिर में 25 यूनिट खून होलक जमा

**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण साखा दूसर रक्तदान सिबिर कर आयोजन करलक। सिबिर हरमू रोड इस्थित महालक्ष्मी सुजुकी में लगाल गेलक। इकर में 25 यूनिट ब्लड जमा करल गेलक। ई सिबिर कर आयोजन में अतुल गेराजी मदद करलयं। सदर हॉस्पिटल से डॉक्टरमनक टीम आए रहे।

ब्लड डोनेसन कर संगे-संगे जागरुकता कार्जक्रम भी कराल गेलक। अतुल कर संगे मिइल के अगल-बगल ऑटो मोबाईल्स कर अदमीमन कर संगे ई सत्र चलाल गेलक। इकर में बताल गेलक कि काले ब्लड डोनेट करेक चाही। रक्तदान कइर के हमिन केखु जीवनदान देइ सकिला। एक गो इंसान दूसर इंसान के खून देइ सकेला। इके कनहु बनाल नई जाए सकेला। कार्जक्रम में अध्यछ विनीता सिंघानिया, सचिव शुभा अग्रवाल, रक्तदान प्रभारी रोज़ी खंडेलवाल, कोमल पोद्दार उपस्थित रहयं। ई जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल देलयं।

# दिव्यांगमन के प्रोस्थेटिक्स देवी एनटीपीसी केरेडारी, एलिम्को से होलक एमओयू



**हजारीबाग।** केरेडारी आउर चट्टी बरियातु परियोजनामन कर प्रभावित गांव कर गरीब आउर असहाय दिव्यांगमन कर हित ले एनटीपीसी केरेडारी आउर एलिम्को (भारतीय कृत्रिम अंग विनिर्माण निगम) कर बीच समझौता उपरे हस्ताछर करल गेलक। ई अवसर में एवी अशोक कुमार, उपमहाप्रबंधक आउर यूनिट हेड, एलिम्को सहायक उत्पादन केंद्र आउर एनटीपीसी केरेडारी कर मानव संसाधन बिभाग कर रोहित पाल प्रतिनिधित्व करलयं।

एनटीपीसी केरेडारी गांवमन में दिव्यांग के प्रोस्थेटिक्स प्रदान करेक कर निर्नय लेइ हयं। इकर अंतर्गत एनटीपीसी केरेडारी आउर चट्टी बरियातु कर खनन छेतर कर बिभिन्न गांवमन में दिव्यांग के उनकर जरूरत कर अनुसार प्रोस्थेटिक अंग बिकल्प से लाभान्वित कराल जाई। इकर माध्यम से दिव्यांगजन कर जरुरत कर अनुसार उपकरन प्रदान करल जाई। ई उनके उनकर दैनिक जीवनसैली के सुधारेक में मदद करी। ई समझौता एनटीपीसी केरेडारी कर परियोजना प्रमुख शिव प्रसाद कर मार्गदरसन में करल जाय हे। ई अवसर में ए वी अशोक कुमार कहलयं, 'हमिन एनटीपीसी कर संगे मिइल के गरीबमन आउर असहाय अदमीमन कर मदद करेक ले तत्पर ही। हमिन बिसेसतः ऊ अदमीमन कर मदद करेक ले प्रतिबद्ध ही, जे दिव्यांगजन के बिभिन्न प्रकार कर कृत्रिम अंग कर जरुरत आहे।'

ई साझेदारी से गरीबमन आउर असहाय दिव्यांग के उनकर जरुरत कर पूर्ति होवी, जे उनके बेसी सकारात्मक आउर स्वावलंबी बनाए के राखी। ई अवसर में एनटीपीसी कर बरिस्ठ प्रबंधक मुकेश साहु आउर सीएसआर अधिकारी अल्का पांडा भी आवल रहयं।

मुद्रक व प्रकाशक **नीलम सिंह** द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना-गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक :** कृशन गोपालका, **सलाहकार संपादक :** रतन लाल अग्रवाल। फोन नंबरः 8210640230, 9934166306, **ईमेल आइडीः** jharkhandwanitaudyog@gmail.com